नई दिल्ली
बुधवार 11 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 326
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 18

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## पश्चिम-एशिया में युद्ध के बीच...

# एलपीजी की किल्लत पर पीएम की उच्च-स्तरीय बैठक, पेट्रोलियम और विदेश मंत्री रहे मौजूद

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से अमेरिका-इजरायल और ईरान के मध्य जारी युद्ध की वजह से बाधित हो रही प्राकृतिक गैस (एलपीजी) की सप्लाई के मामले को लेकर मंगलवार को सत्ता के गलियारों में गहमागहमी देखने को मिली। एक ओर एलपीजी गैस सिलेंडरों की जमाखोरी को रोकने के लिए सरकार ने आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम (ईएसएमए, एस्मा) लागू कर दिया है। तो वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हालात की गहन समीक्षा के लिए एक उच्च-स्तरीय बैठक की। जिसमें सरकार के दो वरिष्ठ मंत्री केंद्रीय पेट्रोलियम ▸▸ शेष पेज 5 पर

- *प्राकृतिक गैस की जमाखोरी रोकने के लिए सरकार ने लागू किया एस्मा कानून*
- *सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं घरेलू उपभोक्ता, औद्योगिक इकाइयों की सप्लाई घटाई, कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति में भी की गई कटौती*



### तेल रिफाइनरियां बढ़ाएं उत्पादन

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने भी कई आपातकालीन कदम उठाए हैं। जिसमें तेल रिफाइनरियों और पेट्रोकेमिकल इकाइयों को यह निर्देश दिया गया है कि वह पेट्रोकेमिकल उत्पादन को कम करके एलपीजी का उत्पादन ज्यादा से ज्यादा बढाएं। इसके अलावा देश में मौजूद हाइड्रोकार्बन के प्रमुख स्त्रोतों को एलपीजी पूल की ओर मोड़ने के लिए भी कहा गया है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस सिलेंडर की बुकिंग का समय बढ़ाकर 21 से 25 दिन कर दिया गया है। जिससे जमाखोरी, कालाबाजारी पर अंकुश लगेगा।

### होर्मुज की खाड़ी बंद होने से आया संकट

युद्ध की वजह से होर्मुज की खाड़ी फिलहाल बंद है। जिसके चलते भारत के सामने प्राकृतिक गैस, तेल की निर्बाध सप्लाई बाधित हो रही है। अनुमानित आंकड़ों के हिसाब से देश को खाड़ी क्षेत्र से लगभग 70 से 80% तेल और गैस की सप्लाई होती है। लेकिन मौजूदा संघर्ष के बीच होर्मुज की खाड़ी से आने वाली प्राकृतिक गैस की सप्लाई पर प्रभाव पड़ा है। जिसका अधिकतर भाग हम सऊदी अरब से लेते हैं। लेकिन अब केंद्र द्वारा एस्मा लागू किए जाने के बाद से मामले में सरकार ने फिलहाल अपनी प्राथमिकताओं को तय करते हुए आम उपभोक्ताओं की जरूरतों को शीर्ष पर रखा है। घरेलू इस्तेमाल के लिए पाइप से दी जाने वाली एलपीजी गैस और वाहनों के लिए की जाने वाली सीएनजी की आपूर्ति शत-प्रतिशत उपलब्धता के साथ बरकरार रखने का निर्णय सरकार ने लिया है। दूसरी प्राथमिकता उर्वरकों के उत्पादन करने वाले प्लांट को दी गई है। इन्हें बीते 6 महीने की औसत जरूरत की 70 फीसदी गैस अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। घरेलू से इतर, आयातित एलपीजी को अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों की जरूरतों की पूर्ति के लिए भी मुहैया कराया जा रहा है। साथ ही गैस आपूर्ति के अन्य विकल्पों यानी समुद्री मार्गों के जरिए अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति पर भी ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।

### होटल इंडस्ट्री ने जताया विरोध

इस पूरे घटनाक्रम के बीच सरकार ने औद्योगिक इकाइयों और कमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति में कमी कर दी है। जिसका खासतौर पर देश के बड़े महानगरों जैसे मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु के होटल और रेस्तरां उद्योग से जुड़ी इकाइयों की तरफ से विरोध किया जा रहा है। उनका कहना है कि सिलेंडरों की संख्या में की जा रही कमी की वजह से उनका कामकाज प्रभावित हो रहा है। हालात ऐसे ही रहे तो हमारे कामकाज के ▸▸ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### कुलदीप यादव की मसूरी में वंशिका संग शादी

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने प्रशंसकों को एक और खुशखबरी दे दी।



टीम इंडिया के गेंदबाज अब जीवन की नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। कुलदीप जल्द ही बचपन की दोस्त वंशिका के साथ शादी के बंधन में बंधेंगे। 13 मार्च को हल्दी और मेहंदी की रस्मों के बाद 14 मार्च को उत्तराखंड के खूबसूरत हिल स्टेशन मसूरी में दोनों सात फेरे लेंगे।

### आईटी नियम-2023 पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को आईटी नियम-2023 के रूल-3 को रद्द करने के बॉम्बे



हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ केंद्र सरकार की चुनौती वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। आईटी नियम 2023 के रूल 3 के याचिका दाखिल हुई थी।

### एयरलाइंस ने फ्लाइट्स का किराया 15% बढ़ाया

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव का असर अब सीधे आम आदमी की जेब पर भी पड़ते



दिखाई दे रहा है। भारतीय एयरलांइस ने इंटरनेशनल फ्लाइट्स के किराए में करीब 15% की बढ़ोतरी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ती जंग और होर्मुज रूट प्रभावित होने के कारण कच्चे तेल की कीमतों और जेट फ्यूल के दाम में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। जिसका असर ग्लोबल एविएशन इंडस्ट्री पर भी दिखने लगा है।

## तीखी नोकझोंक संग हुआ बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का आगाज...

# विपक्ष का आरोप, हमारे साथ करते पक्षपात, सत्ता पक्ष बोला, ऐसा एलओपी आज तक नहीं देखा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र के दूसरे दिन यानी मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को उनके पद से हटाने के लिए लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर हुई चर्चा की शुरुआत खासी हंगामेदार रही। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे जरूरी कागजात सदन के पटल पर रखवाने के बाद पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल के कार्रवाई संचालन को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच वार-पलटवार का दौर चला। कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने संकल्प पेश किया, फिर उनके दल के सदन में उप-नेता गौरव गोगोई ने बोलना शुरू किया। जिसमें उन्होंने अध्यक्ष की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि इस प्रस्ताव को लाकर हमें कोई खुशी नहीं हुई है। न ही इसे विपक्ष से अध्यक्ष या उनके आसन के खिलाफ किए गए आक्रमण के तौर पर लिया जाना चाहिए। हमारी मूल समस्या बीते कुछ वक्त से सदन में मौजूदा अध्यक्ष द्वारा लगातार नेता प्रतिपक्ष (एलओपी) राहुल गांधी को अपनी बात रखने की अनुमति न देना, विपक्ष के खिलाफ अपनाया जा रहा पक्षपातपूर्ण रवैया, महिला सांसदों पर की गई गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणी, पार्टी सांसदों के निष्कासन को लेकर है। अगर सदन ऐसे ही चला तो लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज पूरी ▸▸ शेष पेज 5 पर

- *लोकसभा में संकल्प रखते हुए भी दोनों पक्षों में नियम-प्रक्रिया को लेकर हुई जमकर कहासुनी*
- *प्रियंका बोलीं, पिछले 12 साल में केवल राहुल ही हैं, जो सरकार के सामने नहीं झुके*



### कभी पीएम को लगाते गले, कभी कुछ और...

विपक्ष के आरोपों का जवाब देने के लिए संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने मोर्चा संभाला। उन्होंने कहा, लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ किए गए कांग्रेस के तमाम दावों में कोई सच्चाई नहीं है। बिरला ने जितना अवसर विपक्ष को सदन में दिया है, उतना सत्ता पक्ष को नहीं दिया। लेकिन मेरा कांग्रेस को ये कहना है कि राहुल गांधी का व्यवहार सदन की गरिमा और मर्यादाओं के अनुकूल नहीं है। लोकसभा में होने वाली चर्चाओं के दौरान अक्सर उनकी उपस्थिति रहती है। वो अपना भाषण देते हैं और फिर बिना किसी दूसरे का पक्ष सुने बिना तुरंत चले जाते हैं। इतना ही नहीं कभी वो सदन में अचानक दौड़कर आते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गले लगा लेते हैं तो कभी लोकसभा के अंदर ही अपने किसी सांसद को आंख मारते हुए दिखाई देते हैं। कभी वो लोकसभा अध्यक्ष को यार कहते हैं। जिससे नेता प्रतिपक्ष के आचरण व उनकी गंभीरता पर सवालिया निशान लगता है? ▸▸ शेष पेज 5 पर

### हर परिस्थिति में अध्यक्ष ही संरक्षक हैं: शाह

रिजिजू पर लगाए गए विपक्षी आरोपों का जवाब गृहमंत्री अमित शाह ने दिया। उन्होंने कहा, मैं भी गुजरात विधानसभा से जुड़ी गतिविधियों का संचालन करने वाला मंत्री रह चुका हूं। संसदीय कार्यमंत्री ने अपनी जिम्मेदारी निभाई है। लेकिन हमने भी आज तक ऐसा गैर जिम्मेदाराना विपक्ष नहीं देखा है। गृहमंत्री ने कहा कि अध्यक्ष की गैरमौजूदगी में पीठासीन सभापति भी पूरे सदन का बतौर संरक्षक के रूप में प्रतिनिधित्व करता है। जब भी संसदीय परंपरा में चुनाव होते हैं, तब भी ये सदन और अध्यक्ष का आसन जस का तस अपनी कार्रवाई जारी रखता है। एक बार सदन का विघटन होने पर भी लोकसभा अध्यक्ष व उनका पद नई सरकार के गठन तक पहले की ही तरह बरकरार रहता है।

### ओवैसी के विरोध को पाल ने नकारा

पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल द्वारा सदन में संकल्प पेश कर चर्चा शुरू करने की अनुमति देने को लेकर एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा के नियम-376 और संविधान के अनुच्छेद 96 का हवाला देते हुए कहा कि मौजूदा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने पर सदन की कार्रवाई उपाध्यक्ष या लोकसभा की सहमति से तय किए पैनल में शामिल किसी व्यक्ति को अनुमति प्रदान की जाएगी। लेकिन यहां पीठासीन सभापति को ऐसा करने की अनुमति विपक्ष ने नहीं दी है। जवाब में पाल ने संविधान के अनुच्छेद 95 (2) का जिक्र किया व कहा, इससे मामले पर तस्वीर पूरी तरह से साफ हो जाती है कि अध्यक्ष या उपाध्यक्ष की अनुपस्थिति में सदन से कोई और व्यक्ति कार्रवाई का संचालन कर सकता है। ऐसे में ओवैसी के पॉइंट ऑफ ऑर्डर में कोई मेरिट नहीं है और उसे खारिज किया जाता है।

### सरकार के सामने नहीं झुके राहुल: प्रियंका गांधी

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि सरकार जिन जवाहर लाल नेहरू की आलोचना करते नहीं थकती थी। आज वो उनके ही एक पुराने बयान को अपने पक्ष में इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने राहुल गांधी का बचाव करते हुए कहा, बीते 12 वर्षों में केवल एक ही व्यक्ति हैं, जो सरकार के सामने पूरी मजबूती से डटकर खड़े रहे हैं। वो हैं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी। वह सदन में हमेशा सच बोलते हैं, जो सत्ता पक्ष को पचता नहीं है। इसलिए ये लोग उनका अपमान करते हैं। वहीं, मामले पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष सदन में मौजूद नहीं थे।

### 7 साल से नहीं की उपाध्यक्ष की नियुक्ति?

*कांग्रेस महासचिव और सांसद केसी वेणुगोपाल ने जगदंबिका पाल की ओवैसी के पाइंट ऑफ आर्डर पर की गई टिप्पणी को लेकर नाराजगी जताते हुए केंद्र पर आरोप लगाया कि पिछले 7 साल से सरकार ने सदन में उपाध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की है। जबकि नियम ये है कि लोकसभा के दो सदस्यों का इसके लिए चयन किया जाएगा। लेकिन हालात देखकर लगता है कि सरकार ने संवैधानिक शून्यता की स्थिति उत्पन्न की है? उन्होंने ओवैसी के मत से सहमति जताते हुए कहा कि उक्त संकल्प को सदन में पेश किए जाने की स्थिति में अध्यक्ष के आसन पर बैठकर कार्रवाई संचालन कौन करेगा? उस व्यक्ति के* ▸▸ शेष पेज 5 पर

## लोकसभा में पश्चिम-बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर बरसे चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

लोकसभा में मंगलवार को सरकार के खिलाफ अलग-अलग मुद्दों को लेकर किए जा रहे जारी



- बोले केंद्रीय कृषि मंत्री, प्रदेश की सरकार ने केंद्रीय योजनाओं को लागू न कर किया पाप, माफ नहीं करेगी जनता
- विपक्ष के हंगामे, नारेबाजी के चलते पूरा नहीं हुआ प्रश्नकाल, स्थगित हुई कार्रवाई

विपक्ष के हंगामे और नारेबाजी की वजह से प्रश्नकाल पूरा नहीं हो सका और पीठासीन सभापति संध्या राय को कार्रवाई को आधे घंटे के अंदर ही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित करना पड़ा। दरअसल ये पूरा मामला सुबह 11 बजे सदन की कार्रवाई की प्रश्नकाल के साथ हुई शुरुआत के साथ देखने को मिला। अध्यक्ष के आसन के सामने खड़े होकर कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने देश को ▸▸ शेष पेज 5 पर

## स्वर्णिम एवं विकसित बंगाल बनाने के लिए जनता तत्पर: नायब

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को कहा कि स्वर्णिम और विकसित



- हरियाणा के मुख्यमंत्री ने 24 परगना में परिवर्तन संकल्प यात्रा को किया संबोधित
- सैनी ने बंगाल की लचर, भ्रष्टाचार में फंसी सरकार को उखाड़ फेंकने का किया आह्वान


बंगाल बनाने के लिए जनता परिवर्तन संकल्प को मजबूत करने का कार्य करेगी। उन्होंने पारदर्शी शासन, जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास आधारित राजनीति के महत्व पर बल दिया।

मुख्यमंत्री मंगलवार को बंगाल के 24 परगना के कुल्पी में परिवर्तन यात्रा के दौरान आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री सैनी ने बड़ी ▸▸ शेष पेज 5 पर

## सीईओ पीटर एल्बर्स का इस्तीफा अब राहुल भाटिया संभालेंगे कमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इंडिगो एयरलाइंस के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर यानी सीईओ पीटर एल्बर्स ने इस्तीफा



राहुल भाटिया

- उन्हें 10 मार्च को जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया

दे दिया है। कुछ महीने पहले ही इंडिगो संकट के बाद उन्होंने यह कदम उठया है। उनको तत्काल प्रभाव से 10 मार्च 2026 को जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है। एल्बर्स ने बोर्ड को लिखे एक लेटर में कहा कि हमारी बातचीत के मुताबिक, पर्सनल कारणों से मैं आज से इंडिगो के सीईओ के पद से अपना इस्तीफा दे रहा हूं। मेरी रिक्वेस्ट है कि नोटिस पीरियड माफ कर दिया जाए। इंडिगो के मैनेजिंग डायरेक्टर राहुल भाटिया तब तक मैनेजमेंट का काम संभालेंगे जब तक कंपनी नए लीडर के आने की घोषणा ▸▸ शेष पेज 5 पर

## सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी, कहा- पहले भी कई बार न्यायालय संसद से इस पर विचार करने की सिफारिश कर चुका

# समान नागरिक संहिता लागू करने का सही समय

- *कोर्ट- शरीयत कानून की धाराओं को रद्द करने के मुद्दे पर अंतिम फैसला लेना विधायिका का अधिकार क्षेत्र*
- *प्रशांत भूषण- यदि शरियत कानून की विवादित धाराएं हटाई जाती हैं तो भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम लागू किया जा सकता है*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में अब इस विषय पर विचार करने का समय आ गया है। हालांकि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि शरीयत कानून की धाराओं को रद्द करने जैसे संवेदनशील मुद्दे पर अंतिम फैसला लेना विधायिका का अधिकार क्षेत्र है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने की, जिसमें जॉयमाल्या बागची और आर. महादेवन भी शामिल थे। पीठ 1937 के मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन



सुप्रीम कोर्ट

एक्ट, 1937 की कुछ धाराओं को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इन्हें मुस्लिम महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण बताया गया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यदि न्यायालय ▸▸ शेष पेज 5 पर

### कोविड वैक्सीन के दुष्प्रभाव पर 'सुप्रीम' निर्देश

#### केंद्र सरकार मुआवजा नीति बनाए

कोविड-19 वैक्सीन से जुड़े गंभीर दुष्प्रभावों के मामलों पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को बड़ा निर्देश दिया है। अदालत ने मंगलवार को कहा कि सरकार ऐसी नीति तैयार करे, जिसके तहत कोविड वैक्सीन लेने के बाद अगर किसी व्यक्ति को गंभीर नुकसान होता है तो उसे नो-फॉल्ट मुआवजा दिया जा सके। यह फैसला जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सुनाया। कोर्ट ने कहा कि फिलहाल टीकाकरण के बाद होने वाले ▸▸ शेष पेज 5 पर



## जनकपुरी गड्ढे में गिरकर मौत केस में ठेकेदार राजस्थान से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के जनकपुरी में गड्ढा खोदने वाले मुख्य ठेकेदार को दिल्ली पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। पिछले महीने जनकपुरी के इस गड्ढे में 25 वर्षीय बैंक कर्मचारी अपनी मोटरसाइकिल सहित गिर गया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। ठेकेदार हिमांशु गुप्ता गिरफ्तारी से बच रहा था और पश्चिमी जिले की पुलिस टीम के गहन तलाशी अभियान के बाद उसे मंगलवार तड़के उदयपुर से पकड़ा गया। पूछताछ के लिए गुप्ता को दिल्ली लाया गया है। गौरतलब है कि यह मामला पांच फरवरी की रात उस समय का है जब बैंककर्मी कमल ध्यानी रोहिणी से सागरपुर जा रहा था। जब ध्यानी की मोटरसाइकिल जनकपुरी पहुंची तो दिल्ली जल बोर्ड द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य के दौरान खुले छोड़े गए 15 फुट गहरे सीवेज के गड्ढे में गिर गई थी। वह सुबह तक गड्ढे में पड़ा रहा और उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने घटना के संबंध में मामला दर्ज कर गड्ढे को असुरक्षित छोड़ने के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की है। इससे पहले कई लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### आउटर नॉर्थ जिले के नरेला औद्योगिक क्षेत्र की घटना

# कार के अंदर दो लोगों की लाश मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आउटर नॉर्थ जिले के नरेला औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को एक कार के अंदर दो लोग मृत पाये गये। दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवाया गया है। मृतकों के नाम विकास (42) और बिजेंद्र उर्फ भोला (36) निवासी अंबेडकर कॉलोनी, खेड़ा खुर्द के रूप में हुई है। पुलिस केस दर्ज कर आगे की तफ्तीश में जुटी है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार को दो लोगों की लाश कार के भीतर पड़े होने की जानकारी मिली थी। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। एक सफेद रंग की ऑरा कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी-27 सीटी-7719 था, सड़क किनारे नाले के पास खड़ी मिली। कार के शीशे बंद थे और दरवाजों का लॉक नहीं लगा था। गाड़ी की जांच करने पर कार के अंदर दो लोग बैठे मिले। गाड़ी के अंदर से बदबू आ रही थी, जिससे पता चल रहा था कि लाशें कुछ समय से वहां पड़ी थीं। कार के अंदर शराब के तीन पाउच भी मिले, जिनमें से दो सीलबंद हालत में और एक खुला था। क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया और क्राइम सीन का इंस्पेक्शन किया गया। लाशों को हॉस्पिटल ले जाया गया। स्थानीय पूछताछ और आस-पास के कैमरों की जांच के दौरान पता चला कि वह गाड़ी पिछले दिन दोपहर करीब 2 बजे से मौके पर खड़ी थी। उसके बाद किसी भी व्यक्ति को गाड़ी में अंदर या बाहर जाते नहीं देखा गया। विकास के पिता का नाम लेफ्टिनेंट घनपत राय है। वह अंबेडकर कॉलोनी, खेड़ा खुर्द का रहने वाला था। वह पेशे से ड्राइवरी करता था। वह गाड़ी की ड्राइवर सीट पर बैठा मिला। बिजेंद्र भी निवासी गली नंबर 2, अंबेडकर कॉलोनी, खेड़ा खुर्द का रहने वाला था और पेशे से प्लंबर था। वह गाड़ी के अंदर पिछली सीट पर मिला। गाड़ी के मालिक का नाम राकेश कुमार (49) पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी गली नंबर 3, अंबेडकर कॉलोनी, खेड़ा खुर्द पता चला। वह यहां किराए पर रहता है और मूलरूप से शाहजहांपुर, यूपी का रहने वाला है। शुरुआती जांच से पता चला है कि मरने वालों के शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले। दोनों लोग बंद गाड़ी के अंदर बैठे मिले और अंदर से बदबू आ रही थी। ऐसा लगता है कि उनकी मौत दम घुटने से हुई होंगी। हालांकि, मौत का सही कारण पोस्टमॉर्टम जांच के बाद पता चलेगा।

### खाली प्लॉट में मिली युवक की लाश

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र एरिया में टेल्को टी-पॉइंट के पास डीडीए की खाली जमीन पर एक युवक की लाश मिली। मृतक की पहचान पुष्पेंद्र उर्फ आकाश (31) निवासी स्कूल ब्लॉक, मंडावली के रूप में हुई है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार खाली जमीन पर लगभग 30-35 साल के एक आदमी की अनजान लाश पड़े होने की जानकारी मिली थी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। पहली नजर में हत्या का शक नहीं मिला है। पूछताछ के दौरान मरने वाले की पहचान पुष्पेंद्र उर्फ आकाश पुत्र बुधपाल सिंह, निवासी स्कूल ब्लॉक, मंडावली के रूप में हुई। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## सीमापुरी में कैंची से गोदकर व्यक्ति की हत्या, आरोपी किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके में पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद 26 वर्षीय एक युवक की कैंची से गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक आठ मार्च को नयी सीमापुरी में हुए झगड़े की सूचना मिली थी, जिसके बाद मौके पर पहुंची टीम ने पाया कि आरोपी जावेद (28) की पैसों के विवाद को लेकर रकीबुल (26) और आमिर (27) के साथ तीखी बहस हुई थी। इस दौरान जावेद ने दोनों पर कैंची से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां रकीबुल की जान बच गई जबकि आमिर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई जिसने इलाके के कई सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की। फुटेज में आरोपी हमले के बाद इलाके में घूमता हुआ दिखाई दे रहा था। सीसीटीवी विश्लेषण की मदद से न्यू सीमापुरी के एक झुग्गी बस्ती इलाके से जावेद को पकड़ा गया। उससे अपराध में इस्तेमाल की गई कैंची भी बरामद कर ली गई है। पुलिस के मुताबिक जावेद का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी सीमापुरी थाने में दर्ज कम से कम दो आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

**रेल पहिया कारखाना/बेला**
(जिला - सारण), बिहार - 841221

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा संख्याः– **MSOT-2-2025-RT,** उप–मुख्य यांत्रिक अभियंता/अनुरक्षण, रेल पहिया कारखाना, बेला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु भारतीय रेलवे की विशेष निविदा पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित ऑनलाइन खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:– **1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधिः कार्य का नामः** कार्य के दायरे के अनुसार आरडब्ल्यूपी/बेला में स्थापित फ्यूम एक्सट्रैक्शन सिस्टम (FES) का 03 वर्षों के लिए समग्र एएमसी एवं सफाई कार्य। **स्थानः** रेल व्हील प्लांट, बेला, **समापन की अवधिः** 03 वर्ष, **2. अनुमानित लागत :** ₹2,53,70,005.00, **3. जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा राशि (सिक्योरिटी बिड) :** ₹2,76,900.00, **4. निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 31.03.2026 को 15:00 बजे, **5. वेबसाईट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा की पूर्ण विवरण देखी जा सकती है :** पूर्ण विवरण और टेंडर बोली/प्रस्तुत करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे के विशेष निविदा पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर जाएं। निविदाकारों/बोलीदाताओं को निर्देशित किया जाता है कि वे उपर्युक्त निविदा के संबंध में जारी होने वाले सभी अद्यतन, जैसे कि परिशिष्ट (Addendum), संशोधन–पत्र (Corrigendum) अथवा निविदा निरस्तीकरण (Cancellation) आदि की जानकारी हेतु IREPS पोर्टल **www.ireps.gov.in** से नियमित रूप से जुड़े रहें।

**उप–मुख्य यांत्रिक अभियंता/अनुरक्षण**
**रेल पहिया कारखाना, बेला**
**आरडब्यूपी/सीपीआरओ/ए डी भी टी/2025–26/117**

## दिल्ली में भीषण गर्मी, मार्च के पहले हफ्ते में 50 साल का तापमान रिकॉर्ड टूटा

**नई दिल्ली।** लगातार मार्च महीने में इस बार दिल्ली में लगातार गर्मी बढ़ रही है। मंगलवार को लगातार चौथे दिन अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस पार दर्ज हुआ यह एक रिकॉर्ड है। वहीं मार्च महीने में अधिकतम तापमान ने गत पांच दशकों का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। निजी मौसम विज्ञान अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर के अनुसार इस बार 7 मार्च 2026 को दिल्ली में 35.7 तापमान दर्ज हुआ, यह तापमान सामान्य से लगभग 7 डिग्री अधिक रहा। यह आंकड़ा गत 50 सालों में मार्च के पहले सप्ताह में सबसे अधिक तापमान के रूप में दर्ज हुआ है। कंपनी ने अनुमान जताया है कि आगामी 14 - 20 मार्च के बीच प्री-मानसून गतिविधियों की उम्मीद गल रही है जिससे की मौसम बदल सकता है। जबकि दिल्ली में मार्च 2026 की शुरुआत से ही असामान्य गर्मी देखने को मिल रही है। राजधानी के बेस स्टेशन सफदरजंग वेधशाला में 7 मार्च 2026 को अधिकतम तापमान 35.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब 7.3 डिगी ज्यादा है। यह तापमान पिछले 50 वर्षों में मार्च के पहले सप्ताह का सबसे अधिक तापमान बन गया है। इससे पहले मार्च के पहले सप्ताह में सबसे ज्यादा तापमान 34.8 दर्ज किया गया था, जो 1999 में रिकॉर्ड हुआ था। पिछले चार दिनों से दिल्ली में लगातार अधिकतम तापमान 35 से ऊपर दर्ज हो रहा है। कंपनी की कहना है कि आमतौर पर मार्च महीने की शुरुआत में दिल्ली का अधिकतम तापमान 27 से 28 डिग्री के आसपास रहता है और महीने के अंत तक बढ़कर 33 से 34 डिग्री तक पहुंचता है। लेकिन इस बार स्थिति अलग है। जो तापमान सामान्यतः मार्च के अंत में देखने को मिलता है, वह महीने की शुरुआत में ही दर्ज किया जा रहा है। इसकी मुख्य वजह सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की कमी, साफ आसमान और दिन-रात लगातार धूप रहना है, जिससे गर्मी तेजी से जमा हो रही है और तापमान बढ़ रहा है।

## डीएमआरसी ने सुरक्षा जागरूकता सप्ताह सफलतापूर्वक मनाया



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने सुरक्षा जागरूकता सप्ताह सफलतापूर्वक मनाया। डीएमआरसी के अनुसार इस दौरान कई तरह के जागरूक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें इस हफ़्ते लेक्चर, स्ट्रीट प्ले, फ़िल्म स्क्रीनिंग जैसी कई एक्टिविटी ऑर्गनाइज की गईं। कर्मचारियों को सेफ्टी की अहमियत के बारे में अवेयरनेस बढ़ाने के लिए सेफ्टी प्रेजेंटेशन, स्लोगन लिखने के कॉम्पिटिशन, क्विज़ शो जैसे कई कॉम्पिटिशन ऑर्गनाइज़ किए गए। समापन समारोह के मौके पर डीएमआरसी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. विकास कुमार व अन्य सीनियर अधिकारियों मौजूद थे। समारोह में डॉ. विकास कुमार ने कई अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने दोहराया कि डीएमआरसी यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा प्रदान करने के लिए हर हाल में कटिबद्ध है।

## दो करोड़ की हेरोइन के साथ तीन अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो करोड़ मूल्य की एक किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की गई। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने उत्तर प्रदेश और राजधानी के बीच संचालित होने वाले मादक पदार्थों के एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया। आरोपियों के नाम फईम बेग (29), कयूम खान (33) और आमिर खान (28) हैं। सभी आरोपी उत्तर प्रदेश के निवासी हैं।

पुलिस के मुताबिक आरोपी उस नेटवर्क का हिस्सा थे, जो दिल्ली-एनसीआर और उत्तर प्रदेश के शामली और सहारनपुर सहित कई जिलों में हेरोइन के निर्माण और आपूर्ति में शामिल था। फरवरी से इनकी धरपकड़ तब शुरू हुई थी जब बेग पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार रेलवे भूमिगत पार पथ के पास हेरोइन की खेप लेकर पहुंचा था। टीम ने जाल बिछाया और बेग और कयूम खान को पकड़ा। उनके पास से 101 ग्राम व 601 ग्राम वजन के हेरोइन के दो पैकेट बरामद हुये थे। मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पूछताछ के दौरान बेग ने बताया कि वह बरेली स्थित पैतृक गांव में अपने साथियों से हेरोइन प्राप्त करता था और उसे दिल्ली-एनसीआर के साथ-साथ शामली व सहारनपुर में सक्रिय तस्करों को आपूर्ति करता था। इसके बाद टीम ने उत्तर प्रदेश में और छापेमारी कर आमिर को गिरफ्तार किया। उससे मिली जानकारी के आधार पर परिवार की कृषि भूमि से 301 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इसके साथ ही इस मामले में बरामद की गई हेरोइन की कुल मात्रा एक किलोग्राम से अधिक हो गई है, जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य लगभग दो करोड़ रुपये आंका गया है। इस गिरोह में आमिर ने अहम भूमिका निभाई और वह अपने सूत्रों से हेरोइन प्राप्त कर उसे कुरियर के माध्यम से दिल्ली सहित विभिन्न शहरों में वितरित करता था। पुलिस ने बताया कि खान पहले भी मादक पदार्थों से जुड़े तीन मामलों में शामिल था। बेग से कयूम खान बड़ी मात्रा में हेरोइन खरीदता था और उसे उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके में बेचता था। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान कर उन्हें पकड़ने के प्रयास में जुटी हैं।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. योगेश उर्फ निखिल, पुत्रः** सुंदर लाल, **पताः** गली नंबर 04, शांति मोहल्ला, कृष्णा नगर, दिल्ली एवं **2. पंकज उर्फ दिल्लू, पुत्रः** शेष नाथ, **पताः** बी–8/14, गली नं. 8, स्वरूप विहार, नाथूपुरा, बुराड़ी, दिल्ली ने मुकदमा **e-FIR No. 11404/2020, U/s 379/411/34 IPC, थानाः जाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होनें किया है), और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. योगेश उर्फ निखिल** एवं **2. पंकज उर्फ दिल्लू** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. योगेश उर्फ निखिल** एवं **2. पंकज उर्फ दिल्लू** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **e-FIR No. 11404/2020, U/s 379/411/34 IPC, थानाः जाफराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. योगेश उर्फ निखिल** एवं **2. पंकज उर्फ दिल्लू** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **14.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हों।

**आदेशानुसार**
**सुश्री अनुष्ठा श्रीवास्तव**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–05**
**कमरा नं. 07, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/2765/NE/2026
(Court Matter)

## व्यापारी की हत्या में शामिल दो आरोपी मुठभेड़ के बाद दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ बवाना के इस हत्या केस में अब तक सात पकड़े जा चुके है

बाहरी उत्तरी दिल्ली के बवाना में एक व्यापारी की हत्या के मामले में वांछित दो आरोपियों को पुलिस ने रोहिणी क्षेत्र में एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इनके नाम मोहम्मद इरफान (40) और ऐश्वर्या पांडे (37) बताये गये हैं। केस में अब तक सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

डीसीपी हरेश्वर स्वामी के अनुसार फरवरी में प्लास्टिक ग्रैन्यूल व्यापारी वैभव गांधी (35) की हत्या के बाद यह दोनों लगभग एक महीने से फरार थे। मुठभेड़ रोहिणी के सेक्टर-34 में तब हुई जब पुलिस ने संदिग्धों की गतिविधियों के बारे में मिली विशेष सूचना के आधार पर उन्हें रोकने की कोशिश की। डीसीपी ने बताया कि जब पुलिस टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने भागने के दौरान गोली चला दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग कर दोनों को पकड़ लिया। मोहम्मद इरफान और ऐश्वर्या पांडे बवाना में एक व्यापारी की हत्या में उनकी कथित संलिप्तता सामने आने के बाद करीब एक महीने से फरार थे। इरफान के खिलाफ 40 मामले दर्ज हैं, जिनमें से 32 मामले दिल्ली में और आठ मामले उत्तर प्रदेश के हैं। पांडेय के खिलाफ पांच मामले दर्ज हैं जिनमें चार उत्तर प्रदेश में और एक दिल्ली में दर्ज है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मुठभेड़ के दौरान कुल 11 गोलियां चलीं। इस दौरान एक गोली डीसीपी हरेश्वर स्वामी की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी लगी। मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें काबू कर लिया गया। उन्हें तुरंत हिरासत में लेकर उपचार के लिए रोहिणी स्थित आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया। आरोपियों के पास से दो सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, चार भरे और छह खाली कारतूस व एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। जो मोटरसाइकिल बरामद की गई है वह पिछले साल समयपुर बादली इलाके से चुराई गई थी। मुठभेड़ के संबंध में शाहबाद डेयरी थाने में केस दर्ज किया गया है। इस मामले में पांच आरोपियों संजय उर्फ ताऊ, रविंद्र उर्फ रवि, संदीप उर्फ पुजारी, हरीश कुमार उर्फ सोनू और अरुण उर्फ पागल को पिछले माह गिरफ्तार किया गया था। व्यापारी वैभव गांधी की नौ फरवरी को बवाना स्थित उनकी फैक्टरी के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## आवश्यक मरम्मत के चलते दो दिन दर्जनों कॉलोनियों में जलापूर्ति होगी बाधित

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने सूचना जारी करते हुए कहा है कि अंडरग्राउंड रिजर्वॉयर और बूस्टर पंपिंग स्टेशन की फ्लशिंग के सालाना प्रोग्राम की वजह से 12 और 13 मार्च 2026 को कई क्षेत्रों में पीने के पानी की आपूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी के अनुसार 12 मार्च 2026 को सीसी ब्लॉक शालीमार बाग बीपीएस, सहीपुर गांव, शालीमार बाग बीपीएस, बीयू ब्लॉक पीतमपुरा बीपीएस, मादीपुर गांव जेजे कॉलोनी, पश्चिम विहार एक्सटेंशन, पश्चिम पुरी पॉकेट-1,2,3, स्लम मादीपुर क्वार्टर, मुल्तान नगर, ज्वाला हेड़ी गांव, पश्चिम विहार क्षेत्र, के-ब्लॉक सावन पार्क, जयदेव पार्क बीपीएस, 552 (स्लम) मादीपुर, 640 (स्लम) मादीपुर, गोकलपुरी आर एस कॉलोनी, मानसरोवर पार्क, करावल नगर, दयालपुर, मुस्तफाबाद और आसपास के क्षेत्र, जहांगीरपुरी, मंगोलपुरी, विजय विहार, रिठाला, सेक्टर 1 से 4, रोहिणी सेक्टर -17, 764 एल आई जी डी यू सी ब्लॉक सेक्टर-17 रोहिणी, सुल्तान पुर, पूठ खुर्द, माजरा डबास, चांद पुर, पी.के.टी. 1 सेक्टर 24 रोहिणी, जी-7 सेक्टर-15 रोहिणी, जी-12 सेक्टर-15 रोहिणी, ई-2 सेक्टर-15 रोहिणी, दक्षिणपुरी, पंचशील, पुष्प विहार, पंचशील एन्कलेव, शाहपुर जट, गुलमोहर पार्क, जीके-वन, डी एंड ई-ब्लॉक सीआर पार्क, पॉकेट-12 डीडीए फ्लैट्स जसोला विहार, खानपुर जेजेआर कॉलोनी, सराय काले खां गांव, किलोकरी, सिद्धार्थ एक्सटेंशन और इससे जुड़े आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। डीजेबी के अनुसार 13 मार्च 2026 को बीडी ब्लॉक शालीमार बाग बीपीएस, ए एन ब्लॉक शालीमार बाग बीपीएस, जीएच2 अंकुर अपार्टमेंट, पश्चिम विहार बीपीएस, जीएच 4 एसएफएस, मीरा अपार्टमेंट, पश्चिम विहार, बी-4 लॉरेंस रोड, रमेश नगर। कीर्ति नगर। मानसरोवर गार्डन और सरस्वती गार्डन, पंजाबी बाग और मादी पुर, करावल नगर, दयालपुर, मुस्तफाबाद और आस-पास के इलाके, मानसरोवर पार्क, सी-ब्लॉक, सीमापुरी, एमआईजी फ्लैट जहांगीरपुरी, मंगोल पुरी, विजय विहार, रिठाला, सेक्टर 1 से 4, पानी भरने की जगह ओल्ड अवंतिका, 340 एलआईजी डीयू पॉकेट – जे सेक्टर 16 रोहिणी, पॉकेट 13 सेक्टर 24 रोहिणी, पॉकेट 25 सेक्टर 24 रोहिणी, जीएच 1 सेक्टर 28 रोहिणी, उत्सव अपार्टमेंट सेक्टर 18, ब्लॉक – 1 पॉकेट 1 सेक्टर – 18, बी ब्लॉक पॉकेट 2 सेक्टर 18, दक्षिणपुरी, 690 एलआईजी पॉकेट-सी डीडीए फ्लैट अली एक्सटेंशन, जसोला एरिया, अरावली अपार्टमेंट और ईपीआर कॉलोनी में पानी की किल्लत रहेगी।

## आईपी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसरों को मिला पब्लिक अवेयरनेस अवार्ड

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर रविंदर कुमार और प्रोफेसर रवि कांत को एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक समारोह में नेशनल पब्लिक अवेयरनेस अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। आईपीयू प्रशासन ने मंगलवार का यह जानकारी दी। प्रशासन ने बताया कि यह पुरस्कार भागीदारी जन सहयोग समिति द्वारा समाज में उनके उत्कृष्ट सेवाओं और महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया, विशेष रूप से समाज में महिलाओं की सुरक्षा पर राष्ट्रीय अभियानों का नेतृत्व करने के लिए। इस समारोह में राजधानी और देश भर में जेंडर -आधारित सुरक्षा पहल की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। दोनों प्रोफेसरों ने महिलाओं की सुरक्षा पर सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका काम भागीदारी जन सहयोग समिति के "महिलाओं के खिलाफ जेंडर -आधारित हिंसा रोकें" के चल रहे मिशन के साथ मेल खाता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित कुमार पुत्र** स्व0 दलेल सिंह, **निवासी** मकान नं0 बी–08, विष्णु पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली, **यहां भीः** मकान नं0 बी–08, विश्वास पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली, ने **FIR No. 121/25, U/S 331(3)/305/317(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, पुलिस स्टेशन निहाल विहार, बाहरी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 121/25, U/S 331(3)/305/317(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023, पुलिस स्टेशन निहाल विहार, बाहरी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **अमित कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.04.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री कोमल गर्ग**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03, पश्चिम जिला,**
**कमरा नं0 292, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3049/OD/2026**
**(Court Matter)**

## 'विकसित भारत' लक्ष्य के लिए सरकार और उद्योग के बीच मजबूत सहयोग आवश्यक : सूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



■ शिक्षा मंत्री ने कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) दिल्ली स्टेट एनुअल सेशन 2025–26 एवं बिजनेस कांफ्रेंस को किया संबोधित

विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप भविष्य के लिए तैयार दिल्ली बनाने के लिए सरकार और उद्योग के बीच मजबूत सहयोग आवश्यक है। यह बात मंगलवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली में आयोजित कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) दिल्ली स्टेट एनुअल सेशन 2025–26 एवं बिजनेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कही। इस कांफ्रेंस में विभिन्न क्षेत्रों के उद्योग प्रतिनिधि, नीति निर्माता और विशेषज्ञ शामिल हुए। मंत्री सूद ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली के व्यापार जगत ने व्यापार वृद्धि, रोजगार सृजन और शहर की अर्थव्यवस्था में उद्योगों के योगदान से जुड़े कई मुद्दे उठाए हैं। इनमें बुनियादी ढांचे, नीतिगत ढांचे और भूमि की उपलब्धता से जुड़े विषय भी शामिल हैं। मंत्री सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार उद्योग जगत के साथ निरंतर संवाद के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार नीतियां बनाने और बेहतर व्यावसायिक वातावरण तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि डीरिगुलेशन और नीतिगत सुधारों के माध्यम से दिल्ली में व्यापार और उद्योग के लिए अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार व्यापारियों, उद्यमियों और उद्योगों की भागीदारी को बढ़ाने के लिए लगातार उद्योग संगठनों और हितधारकों से बातचीत कर रही है, इसके सार्थक परिणाम भी आ रहे है। इस बातचीत का उद्देश्य दिल्ली की आर्थिक प्रगति को और मजबूत करना है। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कौशल विकास पर भी जोर देते हुए कहा कि सरकार शिक्षा को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप बनाने पर काम कर रही है। इसके तहत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के पाठ्यक्रम को आधुनिक और तकनीक युक्त बनाया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को उद्योगों की बदलती जरूरतों के अनुसार कौशल की ट्रेनिंग मिल सके।

मंत्री सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा हाल ही में आयोजित एक नए कार्यक्रम स्टार्टअप युवा फेस्टिवल के माध्यम से कई नवाचारपूर्ण स्टार्टअप विचारों को आर्थिक सहायता भी दी गई। साथ ही सरकार एक नई इन्क्यूबेशन नीति पर काम कर रही है, जिसके तहत अगले पांच वर्षों में लगभग 325 करोड़ रुपए का निवेश कर 2035 तक करीब 5 हजार स्टार्टअप्स को समर्थन देने की योजना है।

## वादे अधूरे, एलपीजी सिलेंडर पहुंचा 913, महिला सम्मान के 2500 की मोदी गारंटी फेल : आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



आज करावल नगर जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में पार्टी नेताओं ने केंद्र और दिल्ली सरकार पर तीखा हमला बोला। बैठक में मुख्य रूप से गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों, महंगाई के बोझ और पिछले महिला दिवस पर दिल्ली की बहनों को 2500 रुपये मासिक देने के वादे पर सवाल उठाए गए। जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में जिला ऑब्जर्वर अशोक जैन, विधानसभा प्रत्याशी डॉ . पी के मिश्रा ईश्वर बागड़ी मंगेश त्यागी प्रमोद जयंत और राम कुमार त्यागी चेयरमैन मौजूद रहे सभी कार्यकर्ताओं का कहना था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने चुनावी रैलियों में बार-बार ₹मोदी की गारंटी₹ के नाम पर महिलाओं को 2500 रुपये प्रति माह देने का वादा किया था, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी यह वादा खोखला साबित हो रहा है।गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों पर दो मिनट का मौन धर शुरू हुई बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेसी नेताओं ने कहा, ₹मोदी जी ने पिछले साल चुनावों से पहले घोषणा की थी कि अगर हमारी सरकार बनी तो 8 मार्च 2025 महिला दिवस पर दिल्ली की बहनों के खाते में 2500 रुपये आएंगे, लेकिन आज तक न तो पोर्टल लॉन्च हुआ, न ही पहली किस्त आई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जी ने भी कैबिनेट में योजना को मंजूरी देने की बात की और बजट में 5100 करोड़ का प्रावधान किया, लेकिन जमीनी स्तर पर महिलाओं को कुछ नहीं मिला। यह सिर्फ चुनावी जुमला साबित हो रहा है।₹ उन्होंने आगे कहा कि महंगाई आसमान छू रही है, दो दिन पहले ही घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतें में 60 रुपए का इजाफा कर दिया गया। जबकि बीजपी ने सस्ते गैस सिलेंडर (500 रुपये) देने का वादा किया था, जो अभी अधूरा है।

**महानिदेशक कार्यालय उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार शिक्षा सदन, सेक्टर-5, पंचकूला**

**विज्ञापन**

**अनुसूचित जाति (SC) / पिछड़ा वर्ग (BC) के उच्चतर शिक्षा के छात्रों के लिए शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 से संबंधित 'पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति' (PMS) के लंबित मामलों का समाधान।**

विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त ज्ञापनों (representations) पर विचार करते हुए, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा सरकार ने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों को एक अंतिम अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह अवसर उन छात्रों के लंबित मामलों के समाधान के लिए है जिन्होंने 'हर छात्रवृत्ति' (Harchhatravrati) पोर्टल के माध्यम से शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए 'अनुसूचित जाति हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना' (PMS-SC) के तहत आवेदन किया था।

अतः, वे सभी इच्छुक छात्र जिनके मामले अधूरे दस्तावेजों या क्रेडेंशियल दस्तावेजों के सत्यापन न होने के । कारण लंबित हैं, उन्हें निर्देश दिया जाता है कि वे तुरंत पोर्टल पर अपने अकाउंट में जाएँ और कमियों को दूर करें। उन्हें यह भी सलाह दी जाती है कि यदि अभी तक नहीं किया है, तो वे तुरंत अपने आधार कार्ड को बैंक खाते से लिंक (Seed) करवा लें। विभिन्न स्तरों पर कमियों को सुधारने और सत्यापन के लिए निर्धारित समय सीमा नीचे दी गई हैः

| स्तर | समय सीमा (Deadline) |
|---|---|
| छात्रों को भेजे गए आवेदनों के सुधार हेतु | 02 दिन 12.03.2026 और 13.03.2026 |
| स्तर-1 (संस्थान स्तर) | 14.03.2026 |
| स्तर-2 (नोडल निकाय स्तर) | 16.03.2026 |
| स्तर-3 (मुख्यालय स्तर) | 18.03.2026 |

छात्रों और सभी स्तरों (संस्थान, नोडल निकाय और मुख्यालय) के नोडल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवश्यक कार्यवाही निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरी कर ली जाए। यह सख्ती से सूचित किया जाता है कि इन समय सीमाओं की समाप्ति के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा और उपरोक्त वर्षों के लिए किसी भी अन्य अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। संस्थानों को सलाह दी जाती है कि वे लंबित मामलों के समाधान हेतु सभी संभावित माध्यमों से इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

इस संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए कृपया 0172-2565530 पर संपर्क करें या ईमेल करें: higherscholarship201819@gmail.com

**महानिदेशक**
**उच्चतर शिक्षा विभाग,**
**हरियाणा, पंचकूला**

पीआरडीएच 1031/11/345/2026/43708/88/7 दि. 10.03.2026

## दिल्ली सरकार का संकल्प, हर महिला को मिले गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा

# चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं का समर्पण देश के स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं का समर्पण देश के स्वास्थ्य तंत्र की रीढ़ है। आज महिलाएं डॉक्टर, सर्जन, शोधकर्ता, नर्स और स्वास्थ्य विशेषज्ञ के रूप में काम कर रही हैं। वे न केवल लोगों को बेहतर इलाज दे रही हैं, बल्कि समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में भी बड़ी भूमिका निभा रही हैं। यह बातें मंगलवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'वुमन इन मेडिकल प्रोफेशन' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में आयोजित इस कार्यक्रम में अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, चिकित्सा विशेषज्ञ, नर्सिंग स्टाफ और बड़ी संख्या में महिला स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। महिलाओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं, जागरूकता कार्यक्रमों तथा चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि हर महिला को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पताल दशकों से उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा, समर्पण और विश्वसनीयता का प्रतीक रहा है। लाखों मरीजों को बेहतर उपचार प्रदान करने के साथ-साथ यह अस्पताल चिकित्सा शिक्षा, शोध और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इस संस्थान ने चिकित्सा क्षेत्र में महिलाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें नेतृत्व के अवसर प्रदान करने में भी सराहनीय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यहां कार्यरत महिला चिकित्सक, नर्स, शोधकर्ता और स्वास्थ्यकर्मी अपनी प्रतिभा और समर्पण के माध्यम से समाज को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उनकी मेहनत और सेवा भावना न केवल मरीजों के जीवन को बेहतर बनाती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सर गंगाराम अस्पताल जैसी प्रतिष्ठित संस्थाएं और यहां की समर्पित महिला चिकित्सा पेशेवर समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा एक स्वस्थ, जागरूक और सशक्त भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेंगी।

# इस महीने डीटीसी के बेड़े में शामिल होंगी 200 नयी ई-बसें : डॉ. पंकज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इसी महीने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के बेड़े में 200 नई इलेक्ट्रिक बसों को शामिल किया जाएगा। इस बात की जानकारी मंगलवार को दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने परिवहन विभाग और डीटीसी के परिचालन की समीक्षा बैठक करने के बाद दी। इस बैठक में राजधानी में इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े के विस्तार, ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रमुख ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की प्रगति का रिव्यू किया। समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने मंत्री डॉ.पंकज को अवगत कराया कि दिल्ली में अभी कुल 4000 से अधिक ईवी बसों का संचालन हो रहा है। और इसी महीने मार्च में और 200 नई इलेक्ट्रिक बसें आने से शहर का क्लीन मोबिलिटी नेटवर्क और ज्यादा मजबूत होगा। इस साल के आखिर तक राजधानी दिल्ली का इलेक्ट्रिक बस बेड़ा 7,500 बसों तक पहुंचने का लक्ष्य है, जो दिल्ली के सस्टेनेबल पब्लिक ट्रांसपोर्टेशन की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। डॉ. पंकज ने कहा कि दिल्ली के 44 बस डिपो में इलेक्ट्रिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर



■ दिल्ली के परिवहन मंत्री ने परिवहन विभाग और दिल्ली ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन (डीटीसी) के परिचालन की समीक्षा की

स्थापित किया गया है। इसके अलावा पीएम ई-ड्राइव फेज-एक और फेज-दो पहल के तहत अभी 36 डिपो में ईवी चार्जिंग नेटवर्क डेवलप किए जा रहे हैं, जो आने वाले महीनों में दिल्ली के इलेक्ट्रिक बस फ्लीट को बढ़ाने में और गति प्रदान करेंगे। बैठक में प्रमुख परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि दिल्ली सरकार भलस्वा में लगभग 20 एकड़ भूमि पर नया डीटीसी अंतरराज्यीय बस टर्मिनल बनाने की योजना बना रही है, जो उस भूमि पर प्रस्तावित है जिसे लैंडफिल साइट से रिक्लेम किया जा रहा है। प्रस्तावित टर्मिनल से शहर के उत्तरी हिस्से में अंतरराज्यीय बस कनेक्टिविटी और यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है।

मंत्री ने विभाग को यह भी निर्देश दिया कि वह अर्बन एक्सटेंशन रोड-दो (यूईआर-दो) कॉरिडोर पर एक नया डीटीसी डिपो बनाने के लिए फीजिबिलिटी असेसमेंट करे, ताकि इस क्षेत्र में तेजी से हो रहे शहरी विस्तार और बढ़ती परिवहन मांग को ध्यान में रखते हुए बेहतर ट्रांसपोर्ट सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इसके अलावा मंत्री ने अधिकारियों को बुराड़ी में मौजूदा बस डिपो को अपग्रेड करने का निर्देश दिए, ताकि ऑपरेशनल एफिशिएंसी बढ़ाई जा सके और बढ़ते इलेक्ट्रिक बस फ्लीट को बेहतर समर्थन मिल सकेगा।

अधिकारियों ने परिवहन मंत्री को बताया कि हाल ही में नंद नगरी और तेहखंड में बनाने वाले ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) अप्रैल में आम लोगों के लिए चालू होने की उम्मीद है, जिससे गाड़ी की फिटनेस टेस्टिंग का इकोसिस्टम मजबूत होगा और सड़क सुरक्षा स्टैंडर्ड्स के अनुपालन को सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# दिल्ली के शराब घोटाले मामले में सभी दोषियों को हो सजा : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भाजपा इस शराब घोटाले का पर्दाफाश करने से भावनात्मक रूप से जुड़ी रही है और हम दिल्ली के राजस्व हित में चाहते हैं कि इसके सभी दोषियों को सजा हो। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को आम आमदी पार्टी नेताओं पर निशाना साधते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा है कि आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज का दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायधीश का भाजपा से रिश्ता पूछना पूरी न्यायिक व्यवस्था का अपमान करने के समान है। दिल्ली भाजपा सौरभ भारद्वाज की न्यायधीश के प्रति टिप्पणी को न्यायालय के संज्ञान में लाने को लेकर न्यायिक विशेषज्ञों से बात कर रही है। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली भाजपा ने लगातार ना सिर्फ जनहित में अरविंद केजरीवाल सरकार के शराब घोटाले को उठाया बल्कि अनेक साक्ष्य कड़ियां जोड़ने में भी सहयोग दिया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि सौरभ भारद्वाज सहित सभी आम आदमी पार्टी नेताओं की मुश्किल यह है कि जो न्यायधीश इनके पक्ष में फैसला सुने दें वह तो इनके लिए भगवान समान होता है और जो न्यायधीश इन "आप" नेताओं के विरूद्ध आदेश दे दें या इनके पक्ष में हुए फैसले की न्यायिक अपील सुन लें उस न्यायधीश की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगा कर उनकी गरिमा तार तार करने में एक पल नहीं लगाते हैं यह आराजक "आप" नेता। सचदेवा ने कहा है कि कानूनी मामलों में जब नया अपराधिक केस दायर किया जाता है या किसी फैसले के विरूद्ध अपील दायर की जाती है तो जीत के विश्वास के साथ की जाती है और ऐसे में भाजपा का अरविंद केजरीवाल एवं अन्यों को सजा की उम्मीद लगाना सामान्य कानूनी प्रक्रिया का भाग है।

## रोजमर्रा की आदतों में थोड़ा बदलाव करके बचाए गैस

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के मनोनीत निगम पार्षद मनोज जैन ने मौजूदा वैश्विक तनाव (विशेषकर ईरान संकट) के कारण दुनिया भर में ऊर्जा और ईंधन की सप्लाई चेन पर पड़े भारी असर को देखते हुए लोगों से ईंधन बचाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस चुनौतीपूर्ण समय में, हमारे देश में एलपीजी गैस सिलेंडर की निरंतर सप्लाई बनाए रखने के लिए सरकार अपने स्तर पर कड़ी मेहनत कर रही है। ऐसे में, हमारा भी यह फर्ज बनता है कि हम अपने देश का साथ दें। एलपीजी गैस बचाने के कुछ आसान तरीके बताते हुए कहा कि गैस चालू करने से पहले सारी सब्जियां और सामग्री काटकर तैयार रखें। खाना हमेशा बर्तन ढक कर पकाएं, इससे खाना जल्दी पकता है और गैस बचती है। जितना हो सके प्रेशर कुकर का इस्तेमाल करें। फ्रिज से निकला ठंडा खाना तुरंत गैस पर न रखें, उसे पहले सामान्य तापमान पर आने दें। जरूरत के हिसाब से सही आकार के बर्तन और सही बर्नर का चुनाव करें।

# स्वच्छता अभियान में लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : सत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में चलाए जा रहे दस दिवसीय स्वच्छता अभियान को गंभीरता के साथ चलाया जाए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने सभी 12 जोनों के उपायुक्तों व अभियांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में यह स्पष्ट निर्देश देने के बाद मंगलवार को मीडिया के समक्ष यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा धूल प्रदूषण को कम करने से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान स्थायी समिति अध्यक्ष ने विशेष रूप से सड़कों के



■ स्थायी समिति अध्यक्ष ने समीक्षा बैठक में उपायुक्तों को दिए निर्देश

किनारे पड़े मलबे तथा निर्माण एवं विध्वंस (सी एंड डी) वेस्ट को प्राथमिकता के आधार पर हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़कों, गलियों, रेलवे ट्रैक के आसपास तथा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कचरा और मलबा किसी भी स्थिति में जमा नहीं रहना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने जोनों में अवैध पार्किंग की समस्या पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और कहा कि सड़कों तथा सार्वजनिक स्थलों पर अवैध पार्किंग के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### रेलवे ट्रैक, सड़कों, गलियों और अन्य स्थानों से कचरा हटाए

स्थायी समिति अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि दिल्ली नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता को बेहतर बनाने और धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से सभी जोनों में शुरू किए गए 10 दिवसीय विशेष सघन स्वच्छता अभियान की भी समीक्षा की गई। इस अभियान के तहत रेलवे ट्रैक, सड़कों, गलियों और अन्य सार्वजनिक स्थानों से कचरा तथा निर्माण एवं तोड़फोड़ के मलबे को हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

### दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर बनाना हमारी प्राथमिकता

सत्या शर्मा ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर बनाना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए सभी जोनों में सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाना आवश्यक है। निर्माण एवं तोड़फोड़ मलबे और कचरे को समय पर हटाकर हम न केवल शहर की स्वच्छता सुधार सकते हैं, बल्कि धूल प्रदूषण को भी काफी हद तक कम कर सकते हैं। उन्होंने सभी जोनों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वच्छता अभियान की नियमित निगरानी की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि शहर के किसी भी क्षेत्र में कचरा या मलबा जमा न रहने पाए।

## आज संभालेंगे संधू दिल्ली के 23 वें उपराज्यपाल की कमान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के 23 वें उपराज्यपाल के रूप में आज बुधवार को तरनजीत सिंह संधू पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे और पदभार ग्रहण करेंगे। लोक निवास में आयोजित समारोह में दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, संधू को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएगें। शपथ समारोह के लिए लोक निवास में चल रही तैयारियां अंतिम चरण में है। समारोह में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता व मंत्री मंडल के कई सदस्यों, मुख्य सचिव और आला अधिकारियों सहित अन्य वरिष्ठ नौकरशाह भी उपस्थित रहेंगे। जबकि निवर्तमान एलजी वीके सक्सेना का लद्दाख स्थानांतरण हो गया है, वह शुक्रवार को पद ग्रहण कर सकते है। वहीं नवनियुक्त उपराज्यपाल संधू से दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता से लेकर कई मंत्री छोटे बड़े ब्यूरोक्रेट्स आदि मिल रहे है।

# एमसीडी ने अपना डस्ट-फ्री दिल्ली अभियान किया तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने अपने अधिकार क्षेत्र में चलाए जा रहे विशेष 10-दिवसीय डस्ट-फ्री दिल्ली अभियान के तहत शहर में स्वच्छता की स्थिति सुधारने और धूल प्रदूषण को नियंत्रित करने के प्रयास तेज कर दिए हैं। निगम प्रशासन ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यांत्रिक सड़क सफाई और धूल नियंत्रण को सुदृढ़ करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, विशेष रूप से मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की तैनाती और उपयोग को बढ़ाया गया है। वर्तमान में 52 मैकेनिकल रोड स्वीपर्स को लोक निर्माण विभाग की उन सड़कों पर यांत्रिक सफाई के लिए तैनात किया गया है जिनकी राइट ऑफ वे 18 मीटर या उससे अधिक है। इन मशीनों के माध्यम से लगभग 3400 किमी लेन लंबाई वाली पीडब्ल्यूडी सड़कों की यांत्रिक सफाई की जा रही है। निगम प्रशासन ने आगे बताया कि इस यांत्रिक सफाई के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 150 टन धूल एकत्र की जा रही है। एकत्रित धूल का एक हिस्सा शास्त्री पार्क स्थित निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र में भेजा जाता है, जबकि शेष मात्रा को एमसीडी के निर्धारित सैनिटरी लैंडफिल स्थलों पर निस्तारित किया जाता है।

■ मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों की तैनाती और संचालन की अवधि बढ़ाई

### संचालन समय को रात्रि के बजाय दिन में किया जाएगा

निगम प्रशासन ने बताया कि चल रहे डस्ट-फ्री अभियान के तहत एक विशेष पहल के रूप में मैकेनिकल रोड स्वीपर्स के संचालन समय को रात्रि के बजाय दिन के समय कर दिया गया है, ताकि बेहतर निगरानी और संचालन क्षमता सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त, इन मशीनों के संचालन की अवधि में दो घंटे की वृद्धि की गई है। पहले ये मशीनें प्रतिदिन 8 घंटे संचालित होती थीं, जिन्हें अब बढ़ाकर 10 घंटे प्रतिदिन कर दिया गया है। संचालन अवधि में इस वृद्धि से प्रतिदिन सड़क सफाई कवरेज में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है, जिससे महत्वपूर्ण सड़कों की अधिक बार सफाई संभव हो सकेगी।

## 22 इनोवेटिव प्रदूषण नियंत्रण तकनीकें अब ऑन ग्राउंड ट्रायल के लिए तैयार: सिरसा



**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण से निपटने के लिए शार्टलिस्ट 22 डिवाइसों को आने वाले हफ्तों में पहचाने गए प्रदूषण हॉटस्पॉट पर लगाया जाएगा ताकि पार्टिकुलेट प्रदूषण और अन्य महत्वपूर्ण पैरामीटर पर इनके असर को वैज्ञानिक तरीके से मापा जा सके। इस बात की जानकारी मंगलवार को दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी है। इनोवेशन चैलेंज के अगले चरण की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए पर्यावरण मंत्री सिरसा ने पिछले कई हफ्तों में हुई तैयारियों की समीक्षा की। इसमें टेस्टिंग प्रोटोकॉल को अंतिम रूप देना, डिवाइस की उपलब्धता और तैयारी, तथा डिप्लॉयमेंट के लिए इनोवेटर्स के साथ समन्वय जैसे मुद्दे शामिल थे। मंत्री सिरसा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि ट्रायल वैज्ञानिक रूप से मजबूत, पारदर्शी और ऐसे हों जो जल्दी निर्णय लेने में मदद करें कि राष्ट्रीय राजधानी के लिए सबसे बेहतर समाधान कौन-सा है। सिरसा ने बताया कि देश भर से इस इनोवेशन चैलेंज में कुल 284 एंट्री प्राप्त हुई थीं, जिनमें से विशेषज्ञ तकनीकी समिति की स्क्रीनिंग के बाद 22 डिवाइस ट्रायल-रन चरण तक पहुंचे हैं। इनमें 13 सॉल्यूशन ऐसे हैं जो गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने पर केंद्रित हैं, जैसे व्हीकल-माउंटेड एयर प्यूरीफायर, रेट्रोफिट एमिशन-कंट्रोल सिस्टम, बायो-अल्कलाइन एग्जॉस्ट स्क्रबर और बसों, ट्रकों तथा जेनसेट्स के लिए अन्य रेट्रोफिट टेक्नोलॉजी। बाकी 9 डिवाइस एम्बिएंट एयर के लिए डिजाइन किए गए हैं। इनमें मॉड्यूलर और स्टैटिक एयर प्यूरिफिकेशन सिस्टम, डस्ट सप्रेशन यूनिट, स्मॉग-कंट्रोल टेक्नोलॉजी और अन्य सॉल्यूशन शामिल हैं, जिन्हें खुले स्थानों, रोड कॉरिडोर तथा इंडस्ट्रियल या कंस्ट्रक्शन जोन में इस्तेमाल के लिए विकसित किया गया है। सिरसा ने कहा कि यह इनोवेशन चैलेंज जमीन पर प्रदूषण कम करने वाले वास्तविक और मापने योग्य समाधान खोजने का एक मिशन है। जब ये 22 डिवाइस दिल्ली के सबसे अधिक प्रभावित इलाकों में ट्रायल के लिए लगाए जाएंगे, तब हमारा एक ही मानक होगा- सबूत।

# अधिकांश हिस्सों में गंदे पानी की आपूर्ति से फैल रही बीमारियां, रेखा सरकार की आँखे बंदः यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली में दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा गंदे पानी की आपूर्ति को लेकर भाजपा सरकार को घेरा है। यादव ने कहा कि राजधानी दिल्ली के अधिकांश हिस्सों में गंदे पानी की आपूर्ति की जा रही है जिससे लोगों को गंभीर बीमारियों से जूझना पड़ रहा है। ताजुब्ब की बात है कि एक साल पूरा होने के बाद भी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार आंखे बंद किए बैठी है। उन्होंने कहा कि यदि वो एक साल सत्ता में रहने के बाद भी पीने का साफ पानी दिल्लीवासियों को नहीं दे पाई। ऐसे में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। इसलिए कांग्रेस मांग करती है कि रेखा गुप्ता को नैतिकता के आधार पर सीएम रेखा को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। डीजेबी की लापरवाही के कारण दूषित पानी से डायरिया उल्टी, दस्त जैसी बीमारियां, गंदे पानी में मौजूद बैक्टीरिया टाइफाइड और अन्य जल संक्रमण, पीलिया और त्वचा के रोगों से जनता अधिक ग्रस्त हो रही है। पानी में आर्सेनिक, लेड या अन्य हानिकारक तत्व होने पर कैंसर, किडनी और लीवर की बीमारियां का खतरा भी बढ़ रहा है। यादव ने कहा कि लंबे समय से पूर्वी दिल्ली, उत्तरी दिल्ली, बाहरी दिल्ली सहित राजधानी के अधिकांश हिस्सों में गंदे व दूषित पानी की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि बोरवेल और अन्य स्रोतों से आने वाले पानी को कई बार ट्रीट किए बिना ही सप्लाई कर दिया जाता है। जबकि इस पानी में बैक्टीरिया, गंदगी और हानिकारक रसायन मौजूद होते हैं। यादव ने कहा कि हाल ही में सामने आई एक रिपोर्ट ने राजधानी में पानी के पानी की गुणवत्ता को लेकर गंभीर चेतावनी दी है क्योंकि पानी के सैंपल में लगभग 40 प्रतिशत से ज्यादा टेस्ट फेल पाए गए है। डीजेबी के पास 25 टेस्टिंग लेब में से सिर्फ 2 लैब ही ग्लोबल स्टैंडर्ड सर्टिफाइड है। यह दिल्ली की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है और सबके लिए बेहद चिंता का विषय है। यादव ने कहा की वर्ष 2025-26 के बजट में स्वच्छ जल और स्वच्छता के लिए 9000 करोड़ का बजट रखा गया और वर्ष 2026-27 के बजट में 1368.88 करोड़ की राशि रखी गई। यादव ने आरोप लगाए कि पूर्वी दिल्ली के मधु विहार, आई.पी. एक्सटेंशन, मंडावली, पटपड़गंज के क्षेत्र के घरों के नलों में दिल्ली जल बोर्ड के पानी में कीड़े निकल रहे है। जबकि भलस्वा, जनकपुरी, अशोक नगर, नांरग कालोनी, चंदर नगर, द्वारका आदि में गंदे पानी की आपूर्ति से जनता परेशान है। दिल्ली विधानसभा के आगामी सत्र में दिल्ली की जनता को स्वच्छ पेयजल घरों तक पहुंचाने के लिए विशेष विषय पर चर्चा करके योजना तैयार की जाएं। यादव ने कहा कि हजारों करोड़ का बजट मिलने के बावजूद 11 वर्ष आम आदमी पार्टी और अब भाजपा की सरकार दिल्ली में बिछी हजारों किलोमीटर लंबी पाईपलाइन को बदलने या सुधार करने में कोई संवेदनशीलता नही दिखा रही है।

## महापौर ने बागवानी अपशिष्ट संग्रह के लिए 48 टिपर ट्रकों को दिखाई हरी झंडी

# इनकी तैनाती से दिल्ली में स्वच्छता को मिलेगी मजबूती : राजा इकबाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने मंगलवार को एमसीडी मुख्यालय में 48 टिपर ट्रकों को हरी झंडी दिखाई और कहा कि ये वाहन पूरी दिल्ली में बागवानी अपशिष्ट के संग्रहण कार्य को गति देंगे। इस अवसर पर स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा, दिल्ली नगर निगम की उद्यान समिति अध्यक्ष हरीश ओबरॉय, आयुक्त संजीव खिरवार, अतिरिक्त आयुक्त तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सीएनजी से चलने वाले इन वाहनों को हरी झंडी दिखाते हुए महापौर ने कहा कि ये 48 टिपर ट्रक हाइड्रोलिक टिपिंग सुविधा से लैस हैं, जिससे सभी जोनों में बागवानी अपशिष्ट के संग्रहण कार्य को काफी बढ़ावा मिलेगा। ये वाहन दिल्ली नगर निगम के पार्कों से उत्पन्न होने वाले बागवानी कचरे के परिवहन में सहायक होंगे। महापौर ने कहा कि दिल्ली नगर निगम अपने बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और नागरिकों को अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और प्रभावी नागरिक सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### नागरिक सुविधाओं को लगातार सुदृढ़ कर रही एमसीडी

महापौर ने कहा कि, "दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली नगर निगम शहर में नागरिक सुविधाओं को लगातार सुदृढ़ कर रही है। दिल्ली सरकार के साथ समन्वय में कार्य करते हुए राजधानी को देश का सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।" इन टिपर ट्रकों की खरीद भारत सरकार के अर्बन डेवलपमेंट फंड (यूडीएफ) के अंतर्गत प्राप्त वित्तीय सहायता से की गई है। इनका उपयोग हरे कचरे के संग्रहण और परिवहन के लिए किया जाएगा, जिसे दिल्ली नगर निगम के हरित अपशिष्ट केन्द्रों, पार्कों आदि तक पहुंचाया जाएगा, जिससे बागवानी अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर बनाया जा सके।

### बागवानी कार्यों की गति और दक्षता बढ़ेगी

महापौर ने इन नए ट्रकों के परिचालन लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उद्यान विभाग के बेड़े में इन 48 वाहनो के शामिल होने के बाद बागवानी अपशिष्ट संग्रहण वाहनों की कुल संख्या बढ़कर 74 हो जाएगी। इनकी तैनाती से मानवीय श्रम में कमी आएगी तथा बागवानी कार्यों की गति और दक्षता बढे़गी। नए खरीदे गए ये वाहन सीएनजी ईंधन पर चलते हैं और नवीनतम बीएस-6 उत्सर्जन मानकों का पालन करते हैं, जिससे ये पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ-साथ एमसीडी द्वारा प्रदान की जा रही नागरिक सेवाओं को और सुदृढ़ करेंगे। इन वाहनों की गुणवत्ता जांच आईआईटी दिल्ली द्वारा सुनिश्चित की गई है।

## एमसीडी के जेई ने पॉवरलिफ्टिंग में तीन स्वर्ण पदक जीतकर बढ़ाया गौरव

■ महापौर ने मेडल और पौधा देकर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के जूनियर इंजीनियर (जेई) इंजी. रवि चौहान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त करते हुए प्रतिष्ठित डब्ल्यूआरपीएफ एशियन पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप (एपीसी) 2026 में मास्टर्स-1 (110 किलोग्राम) वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीतकर भारत तथा दिल्ली नगर निगम का नाम गौरवान्वित किया है। इसे देखते हुए दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने निगम पार्षद डॉ. अमित नागपाल के साथ इंजी. रवि चौहान को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल पहनाकर सम्मानित भी किया गया और पौधा भी दिया। इसके चलते निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों में गर्व और उत्साह का माहौल है। एशिया के विभिन्न देशों से आए शीर्ष खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा करते हुए इंजी. रवि चौहान ने फुल पावरलिफ्टिंग, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक अर्जित किए। उन्होंने कुल 575 किलोग्राम वजन उठाकर अपनी असाधारण शक्ति, अनुशासन, दृढ़ इच्छाशक्ति एवं उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। निगम पार्षद डॉ अमित नागपाल ने बताया कि इंजी. रवि चौहान, वर्तमान में नगर निगम दिल्ली के केशव पुरम जोन में जूनियर इंजीनियर (सिविल) के रूप में कार्यरत हैं, अपनी सरकारी जिम्मेदारियों का पूर्ण निष्ठा एवं दक्षता से निर्वहन करते हुए सीमित संसाधनों और समय के बावजूद कठोर प्रशिक्षण द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि प्राप्त करने में सफल हुए हैं। उन्होंने बताया कि रवि चौहान पहले भी कई प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 20 से अधिक स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

**खबर संक्षेप**

### सीजीएसटी की महिलाकर्मियों के योगदान की सराहना



**गुरुग्राम।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सीजीएसटी भवन में विभाग की कार्यप्रणाली में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और अटूट समर्पण की सराहना की गई। राजस्व प्रशासन व जटिल कानूनी प्रक्रियाओं को चलाने में महिला अधिकारियों का बहुत योगदान है।

### कांग्रेस नेता राजन ओझा को मातृ शोक

**फरीदाबाद।** जिला कांग्रेस के लगातार कई वर्षों तक अध्यक्ष रहे स्व. बीआर ओझा की धर्मपत्नी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजन ओझा की माताजी श्रीमती संतोष ओझा का आज 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह पिछले लम्बे समय से बीमार थी तथा अपने पीछे भूरा-पूरा परिवार छोड़ गई है। श्रीमती ओझा की शव यात्रा सैक्टर-85 स्थित निवास से खेड़ीपुल शमशान घाट पहुंची।



### ट्रेक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से किसान की मौत

**गुरुग्रगाम।** फर्रुखनगर थाना क्षेत्र में ट्रेक्टर की टक्कर लगने से घायल हुए स्कूटी सवार रेवाड़ी निवासी व्यक्ति ने पीजीआई रोहतक में दम तोड़ दिया। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने ट्रेक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। करीब दो सप्ताह तक पीजीआई रोहतक में मंगल का ईलाज चला था।



### एपीके फाइल भेजकर 8,74,500 की ठगी

**फरीदाबाद।** एपीके फाईल भेजकर 8,74,500 रुपए की ठगी करने के एक मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने निवास कुमार को साउथ दिल्ली को गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति ने शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी के साथ साइबर फ्रॉड हुआ। उसके पास एक अंजान नंबर से कॉल आया जिसने अपने आप को बैंक कर्मचारी बताया कथित बैंक कर्मचारी ने शिकायतकर्ता को अपने झांसे में ले लिया।



### टेलीग्राम टास्क के नाम पर 9,63,500 की ठगी

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने टेलीग्राम टास्क के नाम पर 9,63,500 की ठगी के एक मामले में राजबीर मीणा निवासी गांव फिलीसन बिहारीपुरा जिला जयपुर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके व्हॉट्सएप पर एक लिंक आया जिसमें कम समय में ज्यादा रुपये कमाने बारे विज्ञापन दिया गया था।



### अवैध हथियार रखने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच की शाखाओं ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 2 को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 देसी कट्टे बरामद किए हैं। क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 ने सूचना के आधार पर मनीष गांव सद्पुरा को मेट्रो फ्लैट्स के पास से एक देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है। वहीं अपराध शाखा एवीटीएस-2 ने आरोपी जगदीश को हरकेश नगर से एक देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है।



**आग तड़के करीब चार बजे लगी**

# बाटा फ्लाईओवर के नीचे लगी भीषण आग, 20 से ज्यादा रेहड़ी-खोखे में रखी लाखों रुपए का सामान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत न्यू टाऊन रेलवे स्टेशन के समीप बाटा फ्लाईओवर के नीचे 20 से अधिक रेहड़ी, खोखे व अस्थाई दुकानें मंगलवार अलसुबह आग से जलकर राख हो गई। इन दुकानों में ज्यादातर दुकानें कास्मेटिक्स, जूते, कपड़े की अस्थाई दुकानें, रेहड़ी व खोखे थे। इनमें लाखों रुपये का माल रखा हुआ था, जो सारा जल गया है। साथ ही बाटा फ्लाईओवर के पिलरों को भी नुकसान हुआ है। गनीमत यह रही कि आग से किसी के झुलसने की सूचना नहीं है। फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग के कारण का अभी पता नहीं चला है, अनुमान है कि किसी दुकान में शार्ट सर्किट हुआ होगा और उसमें आग लगी, बाद में आग ने सभी दुकानों को चपेट में ले लिया।आग तड़के करीब चार बजे लगी।



**सात मार्च को दिया था हटाने का नोटिस**

उल्लेखनीय है कि इन दुकानों को हटाने के लिए सात मार्च को नगर निगम ने नोटिस दिया था। इन्हें तीन दिन के अंदर अस्थाई दुकानें, खोखे व रेहड़ी हटाने के लिए कहा गया था। साथ ही चेतावनी दी गई थी कि अगर तीन दिन के अंदर दुकानें नहीं हटाई तो इन्हें नगर निगम हटाएगा और इसका खर्च भी दुकानदारों से वसूला जाएगा। इनके कारण यातायात आवागमन में बाधा पहुंच रही है।

**तोड़फोड़ की कार्यवाही करने पहुंचा नगर निगम**

अग्निकांड के बाद नगर निगम की टीम अतिक्रमण को हटाने के लिए पुल के नीचे पहुंच गई और अतिक्रमण को हटाया शुरू कर दिया। इसके बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक मौके पर पहुंचे और नगर निगम टीम को मोहलत मांगी, लेकिन अधिकारी मानने को तैयार नहीं हुए। जिसके बाद बलजीत कौशिक को निगम अधिकारियों के बीच ताना-तानी हो गई। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मचारियों ने मामला शांत करवाया और निगम प्रशासन ने समय दे दिया तथा तोडफ़ोड़ टल गया।

**एरोसिटी टाउनशिप और थीम पार्क भी विकसित होंगे**

# गाजियाबाद में हरनंदीपुरम टाउनशिप और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम से बदलेगी तस्वीर

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण शहर को आधुनिक और हरित बनाने के लिए कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर काम कर रहा है। इनमें हरनंदीपुरम आवासीय योजना, राजनगर एक्सटेंशन में सड़कों का निर्माण, और 40,000 दर्शकों की क्षमता वाला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम शामिल हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

शहर को आधुनिक, सुव्यवस्थित और हरित स्वरूप देने की दिशा में प्राधिकरण बड़े कदम उठा रहा है। मधुबन बापूधाम स्थित बुनकर मार्ट परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने बताया कि आवासीय, सड़क, अंतरराष्ट्रीय खेल सुविधाओं, पर्यावरण संरक्षण और निवेश को बढ़ावा देने वाली कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर एक साथ काम किया जा रहा है। इन योजनाओं के पूरा होने से गाजियाबाद न केवल एनसीआर बल्कि प्रदेश के प्रमुख विकसित शहरों में शामिल होगा। एनसीआर क्षेत्र में बढ़ती आवासीय मांग को देखते हुए हरनंदीपुरम आवासीय योजना को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। जीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि मई 2025 में स्वीकृत इस योजना के तहत अब तक 79 हेक्टेयर भूमि का क्रय और 130 हेक्टेयर भूमि के लिए किसानों से सहमति मिली है। योजना की डीपीआर के लिए कंसल्टेंट का चयन कर लिया गया है।



उन्होंने बताया कि करीब 2,384 करोड़ की इस योजना को मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत 400 करोड़ की सहायता मिली है, जिससे प्रारंभिक विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में 18 से 45 मीटर चौड़ी जोनल सड़कों का निर्माण प्रगति पर है। बी-6 जोनल रोड मार्च 2026 तक, जबकि अन्य प्रमुख सड़कें जून 2026 तक पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है।

**अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम से खेल मानचित्र पर मिलेगी पहचान**

राजनगर एक्सटेंशन के ग्राम मोरटी और अटौर में 31 एकड़ में अंतरराष्ट्रीय मानकों का क्रिकेट स्टेडियम विकसित होगा। 40 हजार दर्शकों की क्षमता वाले इस स्टेडियम में आधुनिक पिच, मीडिया सेंटर, कारपोरेट बाक्स और विश्वस्तरीय सुविधाएं होंगी। लगभग 450 करोड़ की लागत वाली यह परियोजना उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से विकसित की जाएगी।

**एरोसिटी थीम टाउनशिप से निवेश को मिलेगा बढ़ावा**

स्टेडियम के पास एरोसिटी थीम आधारित एकीकृत टाउनशिप विकसित होगी, जिसमें आवासीय, वाणिज्यिक क्षेत्र, होटल, रिटेल जोन, खेल अकादमी व स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम शामिल होंगे। इससे निवेश के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

**पर्यावरण और सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर**

हिंडन नदी तटबंध परियोजना से बाढ़ नियंत्रण, जलभराव से राहत व नदी किनारे संपर्क मार्ग विकसित होंगे। शहर में रामायण थीम पार्क, संस्कृति दर्शन पार्क, विकसित भारत पार्क और डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क जैसे थीम आधारित पार्क तैयार किए जा रहे हैं।

**विदेशी सर्वर से भेजी ईमेल**

# गुरुग्राम में कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम के कई स्कूलों को खालिस्तान संगठन ने मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी दी। धमकी भरी ईमेल में लिखा है कि-हरियाणा विधानसभा में सीएम नायब सिंह सैनी खालिस्तान रेफरेंडम का समर्थन करें, वरना जिंदगी खत्म।

इस धमकी की सूचना मिलने के साथ ही पुलिस और जांच एजेंसियों सक्रिय हुई और तलाशी अभियान चलाया। हालांकि कुछ मिला नहीं। मंगलवार को गुरुग्राम के कई बड़े स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरी ई-मेल मिली। ई-मेल में स्कूलों की इमारत में बम लगाए जाने की बात कही गई।

**धमकी-हरियाणा असेंबली में खालिस्तान रेफरेंडम का समर्थन करो**

खालिस्तान संगठन ने लिखा -सीएम सैनी एक मौका। हरियाणा असेंबली में खालिस्तान रेफरेंडम का समर्थन करो वरना जिंदगी खत्म। यह सूचना पाकर पुलिस सुरक्षा दस्ते, जांच टीमों के साथ संबंधित स्कूलों में पहुंची और तुरंत जांच शुरू की। साथ ही स्कूलों की ओर से बच्चों को घर भेज दिया गया। स्कूलों में पुलिस और बम डिस्पोजल यूनिट ने सर्च अभियान चलाया। पुलिस डॉग स्क्वायड की मदद से कक्षाओं में भी तलाशी ली गई। खालिस्तान नेशनल आर्मी ने स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देते हुए ईमेल में यह भी लिखा कि- अपने बच्चे बचाओ। स्कूलों में एक बजकर 11 मिनट और ट्रेनों में तीन बजकर 11 मिनट तक धमाके किए जाएंगे। पुलिस टीमों द्वारा स्कूल परिसरों, कक्षाओं, भवनों एवं आसपास के क्षेत्रों की गहनता से जांच की गई। अब तक की जांच में किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु अथवा विस्फोटक सामग्री नहीं पाई गई है। गौरतलब है कि पिछले कुछ महीनों में गुरुग्राम और आसपास के इलाकों में इस तरह की धमकियां कई बार सामने आ चुकी हैं, जिनमें से ज्यादातर बाद में फर्जी साबित हुई हैं।

**सूरजकुंड में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज था**

# शादी समारोह के दौरान गोली चलाने के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

खालसा गार्डन सूरजकुंड रोड पर शादी समारोह के दौरान लड़ाई झगड़ा करने व गोली चलाने के मामले में अपराध शाखा सेक्टर.30 की टीम ने लोकेश निवासी तुगलकाबाद दिल्ली को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार मीठापुर दिल्ली निवासी अरुण राय ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि वह एक सांसद का सामाजिक कार्य देखता है, जिसकी वजह से महेश अवाना निवासी मीठापुर दिल्ली शिकायकर्ता व कथित सांसद को लेकर सोशल मीडिया पर गलत टिप्पणियां करता है, जिसका जवाब सोशल मीडिया पर वीडियो के जरिए उसके द्वारा भी दिया जाता है, जिस वजह से



रंजिश चल रही थी। बीते साल 28 फरवरी को खालसा गार्डन सूरजकुंड रोड में उसके दोस्त के बेटे की शादी थी, जहां पर वह अपने दोनों बेटे अनिकेत व अंकित के साथ आया था। जब घर जाने के लिए उसका बेटे अनिकेत पार्किंग से गाड़ी लाने के लिए गया तो वहां से झगड़ा की आवाज आई, जब वह व उसका दूसरा बेटा अंकित वहां पहुंचा तो अमर अवाना व अमन अवाना अपने 8-10 साथियों के साथ वहां पर उसके बेटे को पीट रहे थे, जिन्होंने हमें देखते ही हमारे ऊपर फायर कर दिया। शिकायत पर थाना सूरजकुंड में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

**पुलिस ने आरोपी को 2 दिन की रिमांड पर लिया**

आरोपी ने पुछताछ में बताया की वह अमन का साथी है और अमन के कहने पर ही उनके साथ गया था तथा शिकायकर्ता व उसके बेटो के साथ मारपीट की थी। जिसको अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। घटनाक्रम में आरोपी अमन सहित तीन को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# सिग्नेचर ग्लोबल कंपनी की निर्माण साइट पर हादसे में सात श्रमिकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुड़गांव

**पुलिस व प्रशासन मिलकर चलाया रेस्क्यू**

सिधरावली स्थित सिग्नेचर ग्लोबल कंपनी कंस्ट्रक्शन साइट पर मिट्टी के नीचे दबने से सात श्रमिकों की मौत के बाद पुलिस ने ग्लोबल सिटी ऑफ कलर्स कंपनी, बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी, ठेकेदार दीनदयाल शर्मा, दिनेशवीर (प्रोजेक्ट इंचार्ज), विकास पांडे (साइट स्ट्रक्चर इंचार्ज) व सेफ्टी इंचार्ज पर केस दर्ज कर लिया। वहीं सोसाइटी ने तीन कर्मचारी सस्पेंड कर दिए। कंपनी को कंस्ट्रक्शन रोकने का आदेश भी दिया गया है। सोमवार की देर रात सिधरावली में सिग्नेचर ग्लोबल कंपनी के कंस्ट्रक्शन कार्य के दौरान अचानक मिट्टी गिरने की घटना हो गई। जिसके कारण वहां कार्य कर रहे कई मजदूर मिट्टी के नीचे दब गए। इस सूचना पर पुलिस थाना बिलासपुर जिला गुरुग्राम की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस टीम द्वारा राज्य आपदा प्रतिक्रया बल व राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीम को मौके पर बुलाया गया। टीमों ने पुलिस और प्रशासन के साथ मिल कर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/निर्माण / कश्मीरी गेट, दिल्ली–110006, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित वस्तुओं कि आपूर्ति के लिए ई खरीद प्रणाली के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 40265126 | आईएसआई मार्क वाला एचटी एक्सएलपीई (क्रॉस लिंक्ड पॉलीइथिलीन इंसुलेटेड थर्मोप्लास्टिक्स शीथेड) केबल, पीवीसी बाहरी आवरण के साथ गैल्वनाइज्ड फॉर्मेड वायर आर्मर्ड और एल्युमिनियम कंडक्टर केबल, 11 किलोवाट रेटेड, आईएस: 7098 पार्ट–2–2011 या नवीनतम के अनुरूप। | | 08.04.2026 |
| | | साइजः 3 कोर x 185 वर्ग मिलीमीटर | 2000 मीटर | |
| | | साइजः 3 कोर x 70 वर्ग मिलीमीटर | 100 मीटर | |
| | | साइजः 3 कोर x 150 वर्ग मिलीमीटर | 4600 मीटर | |
| | | साइजः 3 कोर x 120 वर्ग मिलीमीटर | 900 मीटर | |

नोट :– 1. विस्तृत जानकारी IREPS की वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। सं. डिप्टी. सी.एम.एम./सी./एन.आर/40265126 दिनांक: 10.03.2026 798/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जुबेर खान** पुत्रः **सरफराज खान** पताः **मकान नं.–313/101 के–II मंजिल, तुलसी नगर, दिल्ली** ने case **FIR No. 498/2018 U/s 392/411/34 IPC & 84 BNSS, थानाः भजनपुरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जुबेर खान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जुबेर खान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 498/2018 U/s 392/411/34 IPC & 84 BNSS, थानाः भजनपुरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **जुबेर खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 10.04.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री पंकज राय
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
उत्तर पूर्व जिला, रूम नं. 73, पांचवी मंजिल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/3062/NE/2026 (Court Matter)

**एक आरोपी को किया गिरफ्तार, 5000 बरामद**

# गाड़ी का शीशा तोड़ की गई थी लैपटॉप व नगदी चोरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बीते 25 जनवरी को ग्रीन फील्ड कॉलोनी में गाड़ी का शीशा तोडक़र लैपटॉप व नगदी चोरी करने के एक मामले में अपराध शाखा सेक्टर.85 की टीम ने अरुण निवासी गांव लालपुर जिला कन्नौज उत्तर प्रदेश हाल भूड़ कॉलोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता अनुसार ग्रीन फील्ड कॉलोनी फरीदाबाद निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 25 जनवरी को रात करीब 9 बजे वह अपनी गाड़ी से ग्रीन फील्ड कॉलोनी में खाना खाने के लिए गई थी। जब वह खाना खाकर वापस आई तो देखा कि उसकी गाड़ी का शीशा टूटा हुआ था और कोई अज्ञात व्यक्ति गाड़ी से लैपटॉप व नकदी चोरी करके ले गया था। जिस शिकायत पर थाना सूरजकुंड में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

पूछताछ में सामने आया कि जब महिला खाना खाने के लिए होटल में अंदर गई हुई थी तो उसी दौरान आरोपी ने गाड़ी का शीशा तोड़कर गाड़ी में रखा बैग चोरी कर लिया, जिसमें लैपटॉप और नकदी थी। चोरी किया हुआ लैपटॉप उसने दिल्ली में बेच दिया था। आरोपी से 5000 रुपए बरामद हुये हैं। जिसको माननीय अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्प्लैक्स सोनीपत और ज्यूडीशियल ब्लॉक गन्नौर में ब्लॉक 4 और 6 कोर्ट बिल्डिंग में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधा का प्रावधान व फिक्सिंग। | 06.03.2026 13.03.2026 | 49.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 kumarsubhash1990@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में न्यायालय परिसर में कमजोर गवाह न्यायालय के लिए विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 16.03.2026 | 1.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में कोर्ट नं. 13 का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 16.03.2026 | 1.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | वाई.डब्ल्यू.एस. (मैक) डिवीजन, फरीदाबाद के तहत बनारासी पम्प हाउस और कोटला पम्प हाउस में 5 टन क्षमता की 2 अदद 6 दिशाओं वाली ईओटी (इलैक्ट्रिक ओवरहैड ट्रेवलिंग) क्रेन की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | 10.03.2026 24.03.2026 | 14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722582542 xenproc@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सोनीपत | आरडी 110000 से आरडी 122348 और 2 अन्य से इसकी फालतू मिट्टी को नीलाम करके ड्रेन नं. 8 से इसके डिजाइन सेक्शन तक डायवर्जन का पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 16.03.2026 | 272.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813232636 xenwsdivnspt@rediffmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा गोहाना | गांव छापरा के खेतों और तालाब से भूमिगत 600 मिमी डाया और 900 मिमी डाया आरसीसी एनपी-3 बिछाने और गांव छापरा में 7 अदद छिछले नलकूप और एसएसडब्ल्यू लोअरिंग डाउन के लिए गांव बनवासा में 8 अदद छिछले नलकूप हेतु आकलन। | 03.03.2026 16.03.2026 | 209.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996532800 xenghn@rediffmail.com |
| 7 | पंचायती राज करनाल | गांव बड़ा गांव ब्लॉक कुंजपुरा - करनाल में कश्यप चौपाल में ई.आई. का प्रावधान और गांव मुगल माजरा ब्लॉक कुंजपुरा करनाल में बारात घर में ई.आई. का प्रावधान। | 04.03.2026 12.03.2026 | 2.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज करनाल | कछवा - गांव कछवा ब्लॉक करनाल में राईफार्म में सामुदायिक हॉल के लम्बित कार्य को पूरा करना, स्कीम वीएएनजीवाई। | 07.03.2026 16.03.2026 | 2.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज सोनीपत | गांव फरमाना महलान में पाने वाली सामान्य चौपाल का निर्माण + 4 कार्य। | 09.03.2026 16.03.2026 | 114.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 10 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | विभिन्न डायामीटर्स की सीवर लाइंस का प्रावधान व बिछाना, विभिन्न डायामीटर्स की मौजूदा सीवर लाइंस को बदलना, 1 अदद इंटरमीडिएट पम्पिंग स्टेशन (आईपीएस) का निर्माण और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 18.03.2026 | 614.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 11 | वन विभाग चरखी दादरी | वन परिसर, चरखी दादरी में पार्किंग शैड का निर्माण। | 09.03.2026 16.03.2026 | 4.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901296600 dfodadri@yahoo.com |
| 12 | नागरिक उड्डयन विभाग हरियाणा | ग्राउंड पावर यूनिट नामतः "पावरवैम्प मॉडल कूलस्पूल 29 ट्विन अथवा 28 वॉल्ट्स डीसी वर्जन, 4800 एएमपीएस के समकक्ष मॉडल/ब्रांड" के एक ट्विन पैक (पूर्ण सैट) की अधिप्राप्ति। | 10.03.2026 24.03.2026 | | www.haraviation.gov.in | 1722709386 cavation@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/240/43689/I/88/7 दि. 10.03.26

# गैस सिलेंडर की आपूर्ति प्रभावित, मेरठ, बिजनौर, शामली, बागपत और सहारनपुर में परेशानी

**अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच युद्ध का असर भारत में होना शुरू हो गया है। गैस सिलिंडरों की आपूर्ति कई जिलों में प्रभावित हो गई है। पहले 21 दिन बाद गैस के लिए बुकिंग कर सकते थे, जिसे सरकार ने बढ़ाकर 25 दिन कर दिया है।**

## गैस सिलिंडर की बुकिंग 21 के बजाए सरकार ने बढ़ाकर 25 दिन किया

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच युद्ध के चलते मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत, बिजनौर, सहारनपुर और शामली में तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित हो रही है। पेट्रोलियम उत्पाद, गैस और कच्चे माल के दाम दोगुना हो गए हैं। ऐसे में घर की रसोई से लेकर इन जिलों के लाखों उद्योग प्रभावित हो रहे हैं। होटल, रेस्टोरेंट, विवाह आयोजनों में भी गैस की किल्लत बनी हुई है।

### मेरठ में गैस सिलिंडर आपूर्ति बाधित, उद्योगों पर भी असर

मेरठ में गृहिणी सुनीता ने बताया कि बुकिंग कराने के बाद भी गैस मिलने में दिक्कत हो रही है। इसके अलावा मेरठ की गढ़ रोड समेत कई एजेंसियों पर गैस के लिए लोग परेशान दिखे। ब्रेवुरा होटल के संचालक शेखर भल्ला ने बताया कि जिन होटलों में पीएनजी है, वहां भी लाइव स्टॉल लगाने के लिए सिलेंडर नहीं हैं। होटल, रेस्टोरेंट के अलावा सर्वाधिक दिक्कत कैटरिंग वालों के सामने आ रही है। मेरठ होटेलियर्स एंड रेस्टूरेंट एसोसिएशन के महामंत्री विपुल सिंघल ने बताया कि सिलेंडर की कमी के चलते पकौड़ी की दुकान से लेकर बड़े होटलों तक में दिक्कत हो रही है।

## सहारनपुर में होटल-रेस्टोरेंट पर पाइप लाइन से गैस सप्लाई बंद

सरकार ने घरेलू गैस सिलिंडर के दाम तो बढ़ा दिए हैं, इसके साथ ही कमर्शियल सिलिंडर के दाम भी बढ़े हैं। सहारनपुर में होटल एवं रेस्टोरेंट में पाइप के जरिए सप्लाई होने वाली गैस आपूर्ति को बंद कर दिया गया है। बता दें, कि जिले में 8. 33 लाख गैस उपभोक्ता हैं। हर दिन औसतन 17 हजार गैस सिलिंडर की बुकिंग की जाती है। जनपद में गैस एजेंसी की 61 शाखाएं हैं। सरकार ने 21 दिन की अवधि को बढ़ाकर 25 दिन कर दिया है। अब गैस उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग के लिए 25 दोनों का इंतजार करना होगा। इसके बाद ही सिलिंडरों की आपूर्ति की जाएगी। इसके अलावा कई उपभोक्ताओं ने बताया कि गैस बुकिंग करने के चार से पांच दिन बाद भी सिलिंडर की डिलीवरी घर पर नहीं हो पा रही है।

### शामली में व्यावसायिक गैस सिलिंडरों की आपूर्ति प्रभावित

शामली में व्यावसायिक गैस सिलिंडरों की आपूर्ति तीन दिन से प्रभावित है। इससे होटल, रेस्टोरेंट और मिठाई की दुकान करने वालों के सामने संकट खड़ा हो गया है। कुछ के पास पुराना स्टॉक बचा है, जबकि कुछ का खत्म हो चुका है। उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधि मंडल के मंडल अध्यक्ष धनश्याम दास गर्ग ने मामले को लेकर जिलाधिकारी से मिलने की बात कही है।

### मुजफ्फरनगर में फिलहाल गैस आपूर्ति सामान्य

मुजफ्फरनगर जिले में करीब छह लाख घरेलू गैस उपभोक्ता हैं। फिलहाल गैस आपूर्ति की कोई दिक्कत नहीं है। आईजीएल की ओर से पीएनजी सप्लाई की जाती है, लेकिन यह सप्लाई भीच ल रही है।

### बागपत में कॉमर्शियल गैस सिलिंडर की समस्या

बागपत में कॉमर्शियल गैस सिलिंडर की आपूर्ति रोक दी गई है। घरेलू गैस सिलिंडर की आपूर्ति सामान्य रखने के लिए ऐसा किया गया है। इसके अलावा सिलिंडर बुक करने का समय निर्धारित करने के कारण अब एजेंसी पर सिलिंडर की गाड़ी रोजाना की जगह एक दिन बाद आ रही है।

### बिजनौर में कमर्शियल गैस सिलिंडर की आपूर्ति बंद

बिजनौर में घरेलू गैस सिलिंडर की डिमांड बढ़ गई है। लोग आने वाले दिनों में समस्या को देखते हुए अतिरिक्त सिलिंडर की व्यवस्था करने लगे हैं। हालांकि उन लोगों की गैस बुकिंग नहीं हो सकी, जिन्होंने 25 दिन के अंतराल में ही गैस ली थी।

## खबर संक्षेप

### बरेली में अग्निवीर भर्ती रैली आज से

बरेली। जिले में अग्निवीर सेना भर्ती रैली और एसआई भर्ती परीक्षा के लिए पुलिस-प्रशासन के साथ रेलवे, रोडवेज, नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग तैयारियों में जुटा हुआ है।



सुरक्षा की दृष्टि से रैली और परीक्षा दौरान दो प्लाटून पीएसी तैनात रहेगी। विभिन्न रूटों पर 150 रोडवेज बसों को लगाया गया ।

### मंत्री ने विस कहा,2026 में 17 नक्सली मारे गए

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के नौवें दिन अल्पसूचित प्रश्न के दौरान विधायक सरयू राय के नक्सल समस्या से जुड़े प्रश्न पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि राज्य में 10-15 सालों की अपेक्षा काफी कम माओवादी बचे हैं। हमारी सरकार की सरेंडर पॉलिसी भी बेहतर रही है। भटके लोगों को जल्द से जल्द मुख्यधारा में लाया जा रहा है।



## योगी कैबिनेट ने 30 प्रस्तावों को दी मंजूरी

**यूपी के हर गांव तक पहुंचेगी बस सेवा**

# फर्जीवाड़ा रोकने खतौनी की जांच के बाद ही होगी जमीन की रजिस्ट्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 31 में से 30 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। इसमें सबसे बड़ा फैसला जमीन की रजिस्ट्री को लेकर हुआ है। अब खतौनी की जांच के बिना जमीन की रजिस्ट्री नहीं होगी।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को लोक भवन में आयोजित कैबिनेट बैठक में प्रदेश के विकास और सुशासन से जुड़े 30 प्रस्तावों पर मुहर लगा दी गई। सरकार ने जमीनों की रजिस्ट्री में होने वाले फर्जीवाड़े को रोकने के लिए कड़े कदम उठाए हैं, वहीं ग्रामीण परिवहन और सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली में भी बड़े बदलाव किए गए हैं। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, रविंद्र जायसवाल, दयाशंकर सिंह ने अलग अलग विभागों के प्रस्तावों को मिली मंजूरी के बारे में बताया।

### रजिस्ट्री प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुरक्षा



कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए स्टांप मंत्री रविंद्र जायसवाल ने कहा कि योगी सरकार ने जमीनों की खरीद-फरोख्त में होने वाली धोखाधड़ी पर लगाम लगाने के लिए 'स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग' के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत अब रजिस्ट्री से पहले खतौनी और स्वामित्व से जुड़े दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य होगा। इस नई व्यवस्था के लागू होने के बाद बिना राजस्व रिकॉर्ड की जांच किए कोई भी रजिस्ट्री संभव नहीं होगी।

### मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना का आगाज

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि ग्राम परिवहन योजना स्वीकृत हुई है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कैबिनेट ने एक बड़ी सौगात दी है। प्रदेश में 'मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना' को हरी झंडी दे दी गई है। इस योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश के 12,200 दूर-दराज के गांवों तक सीधी बस सेवा पहुंचाई जाएगी। इससे ग्रामीण इलाकों में रहने वाले छात्रों, किसानों और मरीजों को शहरों तक आने-जाने में भारी सुविधा होगी। परिवहन विभाग जल्द ही इन रूटों पर छोटी और मझोली बसों का संचालन शुरू करेगा। रात में सभी बसें गांवों में पहुंच जाएंगी और वहीं रुकेंगी। इसके बाद सुबह दस बजे से पहले वहां से चलकर जिला मुख्यालयों के लिए रवाना होंगी। यह छोटी बसें यानी 28 सीटर होंगी ताकि गांवों में आसानी से चल सकें। चार बजे से रात आठ बजे के बीच यह बसें दोबारा गांवों में चली जाएंगी। इन बसों से टैक्स नहीं लिया जाएगा और न ही परमिट की जरूरत होगी।

### ओला-उबेर को रजिस्ट्रेशन कराना होगा

इसके अलावा ओला उबेर जैसी गाड़ियों पर नियंत्रण के लिए इन्हें भी अब परिवहन विभाग में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसका आवेदन शुल्क 25000 रुपए रखा गया है। अगर कोई कंपनी आवेदन करती है तो उसे 5 लाख रुपए देना होगा। रिनीवल के लिए पांच हजार देना होगा। पांच साल में एक बार रिनीवल होगा।

### कर्मचारी आचरण नियमावली में संशोधन

सरकारी कर्मचारियों के लिए कार्मिक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए 'आचरण नियमावली' को और सख्त बनाया गया है। अब यदि कोई सरकारी कर्मचारी अपने दो माह के मूल वेतन से अधिक मूल्य की किसी भी चल संपत्ति का लेनदेन करता है, तो उसे इसकी अनिवार्य सूचना अपने संबंधित सक्षम प्राधिकारी को देनी होगी। इसके अलावा छह माह के मूल वेतन से ज्यादा शेयर मार्केट में लगाने पर घोषणा करनी होगी।

### आवास विभाग की 'ओटीएस' योजना

घर खरीदारों को राहत देते हुए आवास विभाग ने विकास प्राधिकरणों व आवास विकास परिषद के डिफॉल्टरों के लिए 'वन टाइम सेटलमेंट' योजना शुरू करने का फैसला लिया है। इसका लाभ प्रदेश के 9 हजार डिफॉल्टरों को मिलेगा, जो ब्याज व जुर्माने के कारण अपने बकाए का भुगतान नहीं कर पा रहे थे।

## 3 महिला व 2 पुरुष अफसरों ने छोड़ी नौकरी

# हड़ताल के बीच 5 सीओ आरओ का इस्तीफा मंजूर



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की हड़ताल जारी है। इस बीच राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से बड़ी खबर आई है। विभाग ने पांच अधिकारियों के इस्तीफे पर मंजूर की मुहर लगा दी है। इनमें तीन महिला और दो पुरुष अधिकारी शामिल हैं। मंगलवार को विभाग की ओर से पत्र जारी करके इसकी जानकारी दी है। स बीचविभागीय मंत्री विजय कुमार ने हड़ताल पर गए अधिकारियों और कर्मियों को कार्रवाई की चेतावनी दी है। जानकारी के मुताबिक राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बिहार राजस्ब सेवा के पांच अधिकारियों का त्याग पत्र स्वीकार कर लिया है। जिलाधिकारियों से मिले अनुशंसा पत्र के आलोक में विभाग ने अधिकारियों का त्याग पत्र बीते दिनों के प्रभाव से ही स्वीकार किया है। जिनका त्याग पत्र स्वीकार किया गया है उनमें वैशाली के गोरौल के सीओ रहे अंशु कुमार हैं। बिक्रमगंज के राजस्व अधिकारी रहे राजन कुमार, सारण के परसा की राजस्व अधिकारी रहीं शिवांगी पांडेय, रोहतास के राजपुर की सीओ रही अंकिता वर्मा, हाजीपुर सदर की राजस्व अधिकारी रहीं स्मृति कुमारी का त्याग पत्र तत्काल प्रभाव से स्वीकार किया गया है।

### 2027 तक भूमि सर्वेक्षण का कार्य हर हाल में होगा पूरा

इधर उपमुख्यमंत्री सह भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि राज्य में चल रहे विशेष भूमि सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। दिसंबर 2027 तक बिहार में भूमि सर्वेक्षण का कार्य हर हाल में पूरा किया जाएगा। भूमि सर्वेक्षण पूरा होने से राज्य में भूमि अभिलेख पूरी तरह अद्यतन और पारदर्शी हो जाएंगे, जिससे आम लोगों को जमीन से जुड़े विवादों से काफी राहत मिलेगी।

## पेज एक का शेष

### एलपीजी की किल्लत ...

मंत्री हरदीप सिंह पुरी और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि बैठक में प्रधानमंत्री ने रसोई गैस के मामले में देश में आम उपभोक्ताओं के सामने किसी प्रकार की कोई कमी या अन्य चुनौती न आए। उसे लेकर तमाम जरूरी उपायों पर विचार-विमर्श किया। साथ ही क्षेत्र में युद्ध के प्रभाव से आम जनता को सुरक्षित रखने से संबंधित रणनीतिक योजना पर काम करना भी शुरू कर दिया है। इन सबके बीच हालात पर नजर रखने के लिए तेल बाजार क्षेत्र की तीन कंपनियों के कार्यकारी निदेशकों की एक समिति का गठन भी किया गया है। यहां बता दें कि एस्मा कानून के लागू होने के साथ ही सरकार गैस, ईंधन जैसी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की आम जनता को की जाने वाली बेरोकटोक सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए प्राथमिकता तय कर निर्णय लेती है। उधर, विदेश मंत्री जयशंकर ने बीते सोमवार को संसद में पश्चिम एशिया के हालात पर एक बयान देकर चिंता जताई थी। जिसमें उन्होंने ये भी कहा था कि खाड़ी में रह रहे 1 करोड़ भारतीयों की सुरक्षा और कल्याण के साथ ही देश की ऊर्जा सुरक्षा को हर हाल में सुनिश्चित बनाए रखने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### होटल इंडस्ट्री ने ...

ठप होने का भी खतरा है। बेंगलुरु के होटल संघ ने कहा कि 10 मार्च से उनका कामकाज प्रभावित होना शुरू हो गया है। गैस सिलेंडर न मिलने की वजह से पूरे शहर में होटलों के संचालन में दिक्कतें आ सकती हैं।

### विपक्ष का आरोप, हमारे ...

तरह से गायब हो जाएगी, जिससे अंत में वह कमजोर हो जाएगा। गौरव ने केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री पर आरोप लगाया कि वो लोकसभा में जितना नेता प्रतिपक्ष के बोलने पर उन्हें टोकते हैं। आज तक किसी संसदीय कार्य मंत्री ने ऐसा नहीं किया है। मामले पर चर्चा-मतदान के लिए दो दिन और करीब 10 घंटे (10, 11 मार्च) का समय तय है। लोकसभा में सरकार के पास पूर्ण बहुमत है, इसलिए विपक्ष के इस संकल्प के पारित होने की कोई संभावना नहीं है।

### कभी पीएम को लगाते ...

हमने भी आज तक संसद में ऐसा आचरण करने वाला कोई नेता प्रतिपक्ष नहीं देखा है। रिजिजू ने कांग्रेस की पूर्व सरकारों में अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए समान प्रस्ताव के दौरान तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू, राजीव गांधी के बयानों का भी उल्लेख किया। साथ ही कहा, अगर राहुल गांधी की जगह पर प्रियंका गांधी एलओपी होती तो हालात शायद कुछ और ही होते। जवाब में प्रियंका ने मुस्कुराते हुए नजर आईं। जिसे रिजिजू ने अपने बयान पर उनकी सहमति बताया।

### 7 साल से नहीं की ...

चयन में समूचे सदन की सहमति होनी चाहिए। जबकि पाल के मामले में ऐसा कुछ नहीं हुआ है। विपक्ष से तृणमूल कांग्रेस सांसद सौगत राय ने दोनों विपक्षी सांसदों को अपना समर्थन प्रदान किया। कांग्रेस से गौरव गोगोई ने भी पाल को लेकर अपनी आपत्ति जताई। जिसे भाजपा से सांसद निशिकांत दुबे ने सदन की नियम-प्रक्रिया के जरिए खारिज कर दिया।

### लोकसभा में पश्चिम ...

बचाना है, मोदी को हटाना है, मोदी सरकार शेम-शेम, इलेक्शन कमीशन शेम-शेम, इलेक्शन कमीशन सरकार की दलाली बंद करो, वोट चोरी बंद करो जैसे नारों के साथ शोर शराबा करना शुरू कर दिया। इसी बीच सांसदों के प्रश्नों का जवाब देने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान खड़े हुए।

**पीएम का नाम देखकर खारिज करते योजना :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष के सांसद सदन में किसानों के महत्वपूर्ण सवालों का जवाब नहीं देने दे रहे हैं। विपक्ष जिस तरह से तमाशा कर रहा है। उसे पूरा देश देख रहा है। पश्चिम-बंगाल की सरकार केंद्र की योजनाओं को अपने राज्य में लागू नहीं कर रही है। उन्होंने सूबे की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगाया कि वो केंद्रीय योजनाओं को सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम देखकर खारिज कर रही हैं। जो किसानों के साथ किया गया उनका अन्याय और पाप है। जिसके लिए प्रदेश के किसान और आम जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। शिवराज ने कहा कि ये घटिया राजनीति है, जिसमें प्रदेश में लोगों को मारने की कोशिश की जा रही है। लेकिन जब सरकार बदलेगी, तो सभी योजनाएं पूरी तरह से लागू हो जाएंगी।

**ये हाय-हाय करते रह जाएंगे**...चौहान ने ये भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम भारत को दुनिया का फूड बॉस्केट बनाकर रहेंगे। फिलहाल तीन लक्ष्य तय किए गए हैं, जिनमें खाद्य सुरक्षा प्रदान करना, किसानों को फसलों का सही दाम देना और आम जनता तक पोषण युक्त आहार पहुंचाना है। केंद्र की योजनाओं, प्रयासों से आज देश में अनाज, दाल, तेल, दूध, सब्जियों का रिकॉर्ड उत्पादन हो रहा है। गेहूं, चावल के भंडार भरे हुए हैं। स्थिति ये है कि हम इन्हें कहां स्टॉक कर रखें, उस पर मंथन जारी है। मोदी सरकार का खाद्यान्न उत्पादन हरित क्रांति से कहीं आगे निकल गया है। यह पहले के 74 मिलियन टन की तुलना में अब 357 मिलियन टन पर जा पहुंचा है। उन्होंने हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों पर हमला बोलते हुए कहा कि ये हाय, हाय करते रहे, दुनिया वाह-वाह कर रही है। जलने वाले जला करें। शिवराज ने कहा, ये लोग (विपक्ष) क्या हमारी गद्दी छुड़वाएंगे। हम नित नए रिकॉर्ड बनाते चले जाएंगे। हंगामे के बीच पीठासीन सभापति संध्या राय ने सांसदों से अपनी सीट पर जाकर बैठने का अनुरोध किया। लेकिन इससे उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

### स्वर्णिम एवं विकसित बंगाल ...

संख्या में उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया और विश्वास जताया कि देश में विकास और परिवर्तन की भावना लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि बंगाल मछली पालक किसानों की धरा है। यहां के लोगों ने इतिहास व संस्कृति को बदलने का कार्य किया। बंगाल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की भावना पूरे देश में फैली है। बंगाल की जनता बदलाव और विकास के साथ-भय, भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल राजनैतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि बंगाल की लचर पचर, भ्रष्टाचार में फंसी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए परिवर्तन की पुकार है। इसी उत्साह एवं जोश के साथ भारी संख्या में जनसभा में आना इस बात का संकेत है कि बंगाल अब परिवर्तन की राह पर गति से आगे बढ रहा है। उन्होंने कहा कि 24 परगना की खास पहचान है कि यहां जनता मेहनती है, समुद्र के किनारे बसे मछुआरे किसान मेहनत से जीवन यापन कर रहे हैं। किसानों को सुविधाएं व बाजार नहीं मिल रही, युवा बेरोजगार हैं और भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण व हिंसा का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं व चक्रवात से होने वाले नुकसान की भरपाई भी नहीं की। नाले टूट गए, खेती बह गई, उनका पैसा भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। बंगाल का भ्रष्टाचार किसी से छुपा हुआ नहीं है। सरकार जनता के साथ बहुत अन्याय कर रही है। सैनी ने कहा कि बंगाल का युवा अन्याय की दीवार और भ्रष्टाचारी सरकार को गिराने के लिए कृतसंकल्प मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस धरती के महापुरुषों ने देश चलाने का काम किया और आजादी के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। उनके लोगों को यह दिन देखने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यहां का युवा अन्याय की दीवार और भ्रष्टाचारी सरकार को गिराने के लिए कृतसंकल्प है।

### सीईओ पीटर एल्बर्स का ...

नहीं कर देती, जिसके जल्द ही आने की उम्मीद है। बोर्ड के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा कि राहुल कंपनी के कल्चर, ऑपरेशनल एक्सीलेंस को मजबूत करने और अपने कस्टमर्स की देखभाल के लिए एयरलाइन के मामलों का मैनेजमेंट संभालने के लिए वापस आ रहे हैं। बता दें कि दिसंबर 2025 में इंडिगो को अपने इतिहास के सबसे बड़े ऑपरेशनल संकट का सामना करना पड़ा था। ड्यूटी समय के नए नियमों को लागू करने में कोताही, खराब रोस्टर प्लानिंग और पायलटों की कमी की वजह से यह संकट और भी गहरा हो गया। इसके बाद कंपनी को सरकार के गुस्से का सामना करना पड़ा था और इंडिगो के ऑपरेशंस में 10 प्रतिशत की कटौती की गई थी। साथ ही यात्रियों को 10000 रुपए का वाउचर बतौर मुआवजा दिया गया था।

**लगा था 22 करोड़ का जुर्माना:** पीटर एल्बर्स के जाने के पीछे इसी को एक बड़ी वजह माना जा रहा है। सरकार ने कंपनी को 500 करोड़ रुपए से ज्यादा का रिफंड प्रोसेस करने का आदेश दिया था और उस पर 22 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया।

### समान नागरिक संहिता ...

शरियत कानून के उत्तराधिकार संबंधी प्रावधानों को रद्द कर देता है, तो इससे एक कानूनी खालीपन पैदा हो सकता है, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियंत्रित करने वाला कोई अन्य स्पष्ट कानून मौजूद नहीं है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण से कहा कि सुधार की जल्दबाजी में ऐसा कदम उठाना उचित नहीं होगा जिससे महिलाओं को वर्तमान से भी कम अधिकार मिल जाएं। उन्होंने पूछा कि यदि 1937 का शरियत कानून समाप्त हो जाता है तो उसके स्थान पर क्या व्यवस्था लागू होगी। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने भी कहा कि याचिका में भेदभाव का मुद्दा मजबूत है, लेकिन इस विषय पर निर्णय लेना संसद के लिए अधिक उपयुक्त होगा, क्योंकि संविधान के नीति-निर्देशक सिद्धांतों में समान नागरिक संहिता लागू करने का दायित्व विधायिका को दिया गया है। अदालत ने यह भी कहा कि पहले भी कई बार न्यायालय संसद से समान नागरिक संहिता लागू करने पर विचार करने की सिफारिश कर चुका है। पीठ के अनुसार सामाजिक और व्यक्तिगत कानूनों में व्यापक सुधार के लिए विधायी प्रक्रिया ही सबसे उपयुक्त रास्ता है। इस दौरान अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दलील दी कि अदालत यह घोषणा कर सकती है कि मुस्लिम महिलाओं को पुरुषों के बराबर उत्तराधिकार अधिकार मिलना चाहिए। उनका तर्क था कि यदि शरियत कानून की विवादित धाराएं हटाई जाती हैं तो ऐसे मामलों में भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम लागू किया जा सकता है।

### केंद्र सरकार मुआवजा ...

दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए जो मौजूदा व्यवस्था है, वही जारी रहेगी। इसके लिए किसी नए अदालत द्वारा नियुक्त विशेषज्ञ पैनल की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया कि अगर किसी व्यक्ति को वैक्सीन के कारण नुकसान हुआ है तो वह कानून के तहत उपलब्ध अन्य कानूनी रास्तों का भी इस्तेमाल कर सकता है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि नो-फॉल्ट मुआवजा की नीति बनाना सरकार की गलती या जिम्मेदारी मानने के बराबर नहीं होगा।

## सिलेंडर संकट पर अखिलेश का निशाना

# यूपी में सबसे अधिक कनेक्शन अब लकड़ी और कंडे खोजने पड़ेंगे



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के हमलों से उपजी स्थिति ने वैश्विक स्तर पर तेल-गैस का संकट खड़ा होने के संकेत देने शुरू कर दिए हैं। भारत में भी इसका असर दिख सकता है। यूपी के कई जिलों में व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति पर रोक लग गई है। डोमेस्टिक कनेक्शन लिए लोगों के लिए नियमों में सख्ती की गई है। इस सबके बीच राजनीति भी गरमाने लगी है। कभी प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना पर सवाल उठाने वाले समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सिलेंडर आपूर्ति व्यवस्था को बहाल करने को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि लगातार स्थिति खराब हो रही है। ऐसी स्थिति में लोगों को एक बार फिर लकड़ी और कंडे खोजने पड़ेंगे।

### अखिलेश ने जताई आशंका

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक सिलेंडर कनेक्शन देने की बात सरकार ने कही है। अब सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि सिलेंडर कैसे भरे जाएंगे? चीजें इतनी महंगी हो जाएंगी तो आम आदमी के हाथ से निकल जाएंगी। ईरान युद्ध और खाड़ी संकट को लेकर उन्होंने कहा कि दो हफ्ते तक अगर ये चलता रहा तो हमें-आपको लकड़ी का इंतजाम करना पड़ेगा।



## सुपौल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

# 5 साल का ब्लूप्रिंट बताया 32 मिनट तक किया संवाद

एजेंसी ▶▶ सुपौल

समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण में सीएम नीतीश कुमार सुपौल में फुल ऐक्शन में दिखे। उन्होंने 32 मिनट तक लोगों से संवाद किया। कहा कि अगले पांच साल में बिहार के एक करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके लिए वृहत स्तर पर राज्य सरकार ने रणनीति तैयार की है। जिस बिहार में लोग शाम ढलते घरों में दुबक जाते थे, अब वह विकास और समृद्धि की राह पर आगे बढ़ चला है। केंद्र सरकार भी बिहार की बढ़-चढ़कर मदद की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने तीसरे चरण की समृद्धि यात्रा की सुपौल जिले के निर्मली अनुमंडल मैदान स्थित सभा स्थल पर लोगों को संबोधि किया। सीएम ने कहा कि बिहार सरकार ने युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए विस्तृत रोडमैप बनाया है। इसी सोच के तहत काम भी हो रहा है। अगले पांच साल में बिहार वासियों के पलायन को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया जाएगा। इसके लिए बिहार में ही उद्योग-धंधे स्थापित किए जाएंगे, जहां युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्हें दूसरे प्रदेश नहीं जाना पड़ेगा।

## शिक्षामित्रों के नियमितीकरण मामले में अहम फैसला

# हाई कोर्ट ने अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा को दिए निर्देश,राज्य सरकार दो माह में ले निर्णय

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने शिक्षामित्रों की सेवा नियमित करने के मामले में राज्य सरकार को निर्णय लेने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह आदेश सुप्रीम कोर्ट के जाग्गो व श्रीपाल केस में दिए गए फैसले के आधार पर दिया है। कहा है कि 115 याची गण अपना अलग-अलग प्रत्यावेदन तीन सप्ताह में अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा को देंगे और वह दो माह में विचार करके सहायक अध्यापक पद पर शिक्षामित्रों के नियमितीकरण मामले में फैसला लेंगे।

**तेज बहादुर मौर्य व 1143अन्य शिक्षामित्रों की याचिका निस्तारित**



### मामले में विशेष अपील हाईकोर्ट ने खारिज कर दी

सरकार की तरफ से कहा गया कि ऐसे ही मामले में विशेष अपील हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। यह सरकार का नीतिगत मामला है। कोर्ट को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। याची के अधिवक्ता ने कहा- बदली परिस्थितियों व सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आलोक में याचीगण नियमित होने के हकदार हैं। विचार किया जाना चाहिए।

### शिक्षामित्रों नियमित किए जाने के हकदार

यह आदेश न्यायमूर्ति मंजूरानी चौहान की एकलपीठ ने तेज बहादुर मौर्य व 114अन्य शिक्षामित्रों की याचिका निस्तारित करते हुए दिया है। उनकी तरफ से अधिवक्ता सत्येंद्र चंद्र त्रिपाठी ने बहस की। उनका कहना था कि याचीगण बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षामित्र के रूप में वर्षों से कार्यरत हैं। लंबी सेवा को देखते हुए उन्हें सहायक अध्यापक के रूप में नियमित किया जाए। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश व केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के आदेश 11 जून 2025 के अनुसार याचीगण नियमित किए जाने के हकदार हैं।



# धुरंधर 2 का नया पोस्टर जारी ईश्वर के प्रकोप का दिया संकेत

**मुंबई।** रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' का एक नया पोस्टर जारी हो चुका है। फैंस पोस्टर में रणवीर सिंह के दोनों लुक को लेकर काफी उत्सुक हैं। 'धुरंधर 2' के नए पोस्टर में रणवीर सिंह दो अलग-अलग किरदारों में दिख रहे हैं- जसकिरत सिंह रंगी और हमजा अली मजारी। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'ईश्वर का प्रकोप आ रहा है'। फिल्म के पोस्टर को देखने के बाद फैंस काफी उत्साहित हैं। फैंस 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के लुक को देखकर बहुत खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग तारीफ कर रहे हैं और फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

लाइफ Style

# अनीत

## बायोपिक में कास्टिंग की खबरें बेबुनियाद

लेजेंडरी एक्ट्रेस मधुबाला की बायोपिक की चर्चा काफी लंबे समय से चल रही है। हाल ही खबर आई कि इसमें मधुबाला का किरदार 'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा निभाएंगी, पर ऐसा नहीं है। अब इंडस्ट्री के सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनीत पड्डा फिल्म में मधुबाला का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सोर्स ने साफ किया कि अनीत पड्डा का नाम मधुबाला बायोपिक से जोड़ना एकदम गलत है। सोर्स ने कहा कि अनीत पड्डा को लेकर जो भी खबरें उड़ रही हैं, उनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मधुबाला भारतीय सिनेमा का एक बहुत बड़ा नाम हैं, इसलिए इन अफवाहों ने फिल्म प्रेमियों के बीच काफी हलचल मचा दी थी। पर सोर्स ने फिर से जोर देकर कहा कि अनीत पड्डा के प्रोजेक्ट (मधुबाला की बायोपिक) से जुड़ने की बात सिर्फ एक अफवाह है और फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। इससे पहले खबरें आई थीं कि मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी दिवंगत एक्ट्रेस का किरदार निभाएंगी, पर वो खबरें भी अफवाह साबित हुईं। अनीत पड्डा की बात करें, तो उन्होंने साल 2022 में फिल्म 'सलाम वैंकी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, पर स्टारडम 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से मिला। अब अनीत पड्डा फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। फिल्म में 'होमबाउंड' फेम विशाल जेठवा भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।



हॉलीवुड मसाला



# पति बेनी को दी जन्मदिन की बधाई

**लॉस एंजिल्स।** सेलेना गोमेज ने अपने पति बेनी ब्लैंको के जन्मदिन पर खास शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी शादी के पल और निजी जीवन की झलक दिखाई दी। सेलेना ने अपनी इस पोस्ट में शादी की कई रोमांटिक फोटोज शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ सेलेना ने कैप्शन में पति बेनी ब्लैंको को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। मैं तुम्हें पूरे दिल से प्यार करती हूं।'



# डॉल्बी थिएटर में होगा 98वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह...

**लॉस एंजिल्स।** कुछ ही दिनों में ऑस्कर 2026 का आयोजन होने वाला है और अब इसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस साल का कार्यक्रम और ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इसे कोनन ओ'ब्रायन होस्ट करने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में प्रियंका चोपड़ा भी शामिल होने वाली हैं। 98वां अकादमी अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को हॉलीवुड के लॉस एंजेलिस स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्री की नजरें इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह पर टिकी हुई हैं। भारत में टाइम डिफरेंस की वजह से दर्शक इस समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देख सकेंगे। आप जियो हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर सुबह 4:30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।



# है जवानी तो इश्क... की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े सहित कई कलाकार नजर आएंगे। इस रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस पोस्ट के हिसाब से 'है जवानी तो इश्क होना है' अब 5 जून की जगह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक आधिकारिक बयान में लिखा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' मूल रूप से 5 जून को रिलीज होने वाली थी, जिसकी घोषणा हमने कई महीने पहले की थी। इस महीने की शुरुआत में, यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज तारीख की घोषणा की। 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी।



# लाहौर 1947 का नहीं बदला टाइटल...

**मुंबई।** राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल को लेकर फिर से नया अपडेट सामने आया है। पहले खबर थी कि इसका नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है लेकिन, ऐसा नहीं है और इसकी पुष्टि आमिर खान ने की है। सनी देओल के फैंस 'बॉर्डर 2' के बाद उनकी अगली और चर्चित फिल्म 'लाहौर 1947' की रिलाज का इंतजार कर रहे हैं, जिसे राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और आमिर खान प्रोडक्शन में बनी है। इस मूवी के टाइटल को लेकर बीच में अपडेट आया था कि उसे बदल दिया गया और उसका नया नाम 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। लेकिन, प्रोड्यूसर ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। आमिर खान से जब फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल में बदलाव के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'ये आपने कहां सुना?

टीवी मसाला




# कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो जरूर अनुपमा में करूंगा वापसी

**नई दिल्ली।** अनुपमा में अनुज की भूमिका निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले गौरव खन्ना किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। गौरव को इस शो में इतना पसंद किया गया कि फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। स्टार प्लस के शो अनुपमा में अनुज का कैरेक्टर बहुत ही मजबूत तरीके से दिखाया गया था। इस शो में दर्शकों ने अनुज के कैरेक्टर को इतना पसंद किया कि गौरव खन्ना हर किसी के फेवरेट बन गए। इस शो का हिस्सा बनने के बाद गौरव खन्ना को बिग बॉस 19 में देखा गया। इस शो के वो विनर बने. उसके बाद से फैंस को लगने लगा कि बिग बॉस के बाद गौरव खन्ना अब अनुपमा में वापसी करेंगे। अब गौरव खन्ना ने खुद इस बात को कंफर्म कर दिया है कि वो इस शो का हिस्सा बनेंगे या नहीं। एक इंटरव्यू में जब गौरव खन्ना से पूछा गया कि क्या वो फिर से अनुपमा में अनुज के तौर पर वापसी करेंगे। ऐसे में गौरव खन्ना ने जो जवाब दिया वो काफी मजेदार था। गौरव खन्ना ने कहा,'आप गलत इंसान से इस बारे में पूछ रहे हैं। क्योंकि, अनुपमा में वापसी करना मेरे हाथ में नहीं है। ये हमारे प्रोड्यूसर राजन शाही और चैनल स्टार प्लस पर डिपेंड करता है। अगर स्टोरी में मेरे लिए कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो मैं जरूर वापस आऊंगा। लेकिन, अगर ट्रैक एक्साइटिंग नहीं है तो मैं वापस नहीं आऊंगा।

## गुस्सा जायज है, घाव गहरे थे

**नई दिल्ली।** निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी 'द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में



बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने 'द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है। निकी तंबोली ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, 'मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, 'गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।' निक्की तंबोली ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि वह टीवी एक्टर प्रिंस नरुला और टीवी पर्सनालिटी शिव ठाकरे पर निशाना साध रही हैं। यह दोनों इस वक्त 'द 50' शो का हिस्सा हैं। जब निक्की और उनका बॉयफ्रेंड शो में थे तो शिव ठाकरे और प्रिंस नरुला से कई बार झगड़ा हुआ। 'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं।

# पद्मा कभी अमिताभ की बनी थीं हीरोइन खूब चलाया था कैबरे डांस का जादू ...

*नई दिल्ली। भोजपुरी फिल्मों से अपना फिल्मी सफर शुरू करने वालीं पद्मा खन्ना ने अमिताभ बच्चन के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' और देवा आनंद के गाने 'हुस्न के लाखों रंग' में नजर आईं। फिल्मी और टीवी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे हैं जो अपने नाम से अधिक अपने किरदार की वजह से जाने जाते हैं। ऐसे ही कलाकारों की लिस्ट में एक नाम पद्मा खन्ना का रहा है जो टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में रानी कैकेयी के किरदार से घर-घर में पहचानी जाती थीं। 70 और 80 के दशक में खन्ना अपनी खूबसूरती, डांस और एक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। शायद बहुत कम लोगों को ये पता हो कि उनके फिल्मी सफर की शुरुआत के पीछे की वजह मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला थीं, जिन्होंने पद्मा का डांस देखकर उन्हें फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी थी। एक्ट्रेस से मिली यही छोटी सी सलाह आगे चलकर उनके जीवन का बड़ा मोड़ साबित हुई।*



## अमिताभ के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' गाना

पद्मा खन्ना के करियर का एक और अहम पड़ाव फिल्म 'सौदागर' रही, जिसमें वह महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आईं। इस फिल्म का गाना 'सजना है मुझे सजना के लिए' उस दौर का बेहद लोकप्रिय गाना बना। धीरे-धीरे वह हिंदी और भोजपुरी दोनों फिल्म इंडस्ट्री में एक जानी-मानी एक्ट्रेस बन गईं और अपने डांस के लिए खास तौर पर पहचानी जाने लगीं।

## 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से शुरुआत

पद्मा खन्ना ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत भोजपुरी फिल्म 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से की। उस समय उनकी उम्र लगभग 14 साल थी। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय फिल्मों में गिनी जाती है। इसके बाद उन्होंने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे इस इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली। 'बिदेसिया', 'बलम परदेसिया', 'धरती मइया', और 'भैया दूज' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी पसंद किया गया।

# ताहिर ने पूरी की अनाम फिल्म की शूटिंग, साझा की तस्वीरें...

**मुंबई।** ताहिर राज भसीन जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर कई तस्वीरें साझा की हैं। अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में फिल्म की बाकी कास्ट सयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी



नजर आ रहे हैं। तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से

## हम घास की गठरियों पर आराम करते थे : सुप्रिया

# 80 के दशक में न वॉशरूम होते थे, और न ही वैनिटी वैन

*नई दिल्ली। 'खिचड़ी' एक्ट्रेस सुप्रिया पाठक ने 80 के दौर के फिल्म सेट की कहानी सुनाई और बताया कि तब वॉशरूम, वैनिटी वैन या आराम करने के लिए उचित जगह जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी कैसा अभाव रहा करता था। शाहिद कपूर की सौतेली मां सुप्रिया पाठक ने 'मिर्च मसाला' की शूटिंग के दौरान का एक किस्सा सुनाया। इस फिल्म की शूटिंग के लिए मिर्च फैक्ट्री में बिताए अपने अनुभव को शेयर किया और बताया कि कैसे एक दर्जन महिलाएं वहां घास और भूसे के गठरियों पर आराम करती थीं। हालांकि, 'खिचड़ी' एक्ट्रेस ने कहा कि इस तरह के माहौल में काम करने के पीछे की वजह एक्टर्स का जुनून होता था।*

## 80 से 90 के दशक में कैसा होता था फिल्मों का सेट

बातचीत में सुप्रिया ने 80 से 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बातें करते हुए बताया कि तब कैसे एक्टर्स वैनिटी वैन के बिना काम करते थे। उन्होंने कहा, 'जो जुनून था हमारे अंदर एक्टिंग का या किरदार बनाने का, उसकी वजह से बाकी सारी चीजों की अहमियत कम लगती थीं। पर धीरे-धीरे एहसास हुआ कि नहीं, ये भी जरूरी है।'

## बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए

उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, 'आपको कोई एक बैठने की जगह चाहिए और खासकर महिलाओं के लिए, आपको एक बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए। मतलब मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो उपलब्ध नहीं कराई जाती या होती ही नहीं थी।' मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं होती थीं।



## घास के बड़े-बड़े बंडल पर हम पूरे दिन बैठते थे

सुप्रिया पाठक ने कहा, 'मैंने एक फिल्म की थी मिर्च मसाला, जिसे केतन मेहता जी ने डायरेक्ट किया था। उसमें हम सारी औरतें थीं, करीब 10 महिलाएं थीं। तब हम मिर्ची की फैक्ट्री में शूट कर रहे थे। वो एक छोटा सा गांव था और वहां बेतहाशा गर्मी थी। वहां पीछे एक शेड जैसा था जहां घास रखे हुए थे। शायद मिर्ची को साफ करने का कोई प्रोसेस वहां होता था। तो बड़े-बड़े बंडल बनाकर रख दिए थे और हम पूरे दिन उसी पर बैठते थे।'

## कुछ भी करके बैठ जाते थे

पाठक ने कहा, 'एक एक्टर के लिए जैसे हमारे वहां स्पॉट बॉय होते थे, चाय लाना, अगर आप सर्दी में शूट कर रहे हो, कहीं भी शूट कर रहे हो तो बुनियादी सुविधाएं तो चाहिए ही। खाना, पानी, चाय, ये सब बेसिक चीजें जरूरी होती हैं। फिर मुझे लगता है कि धीरे-धीरे ये सारे बदलाव होंगे। हमारी इंडस्ट्री में आने लगे। आज शूटिंग करना काफी कंफर्टेबल होगा, चाहे आप कहीं भी हों। पहले के टाइम से काफी अलग है। हमारा वक्त तो हम सचमुच कहीं भी, कुछ भी करके बैठ जाते थे। '

## बाजार व राम-लीला के लिए मिले थे अवॉर्ड

बताते चलें की सुप्रिया पाठक ने अपनी मां दीना पाठक के साथ थिएटर से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने 'कलयुग' (1981) से फिल्मों में कदम रखा। पाठक को 'बाजार' (1982) और 'राम-लीला' (2013) के लिए अवॉर्ड भी मिले। उन्होंने 'मासूम' और 'मिर्च मसाला' जैसी फिल्मों, 'खिचड़ी' (हंसा के रूप में) और 'साराभाई वर्सेस साराभाई' जैसे टीवी शो में भी जानदार एक्टिंग की। इन सबके अलावा पाठक ने 'सरकार', 'वेक अप सिड', 'रेड 2' और 'खिचड़ी 2' में भी काम किया। एक्टिंग के अलावा सुप्रिया अपने पति पंकज कपूर के साथ एक प्रोडक्शन हाउस चलाती हैं।

## सीएम, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी ने किया कार्यशाला को संबोधित

# कार्यकर्ताओं को गढ़ने के लिए प्रशिक्षण वर्ग की आवश्यकता अनुशासन हमारी कार्य पद्धति का अहम हिस्सा: शिवप्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हम एक विचार, एक लक्ष्य के लिए कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं। भाजपा कार्यकर्ता आधारित दल है। कार्यकर्ताओं को गढ़ने के लिए प्रशिक्षण वर्ग आवश्यक हैं। अनुशासन हमारी कार्य पद्धति का हिस्सा है, अनुशासन से ही लक्ष्य हासिल होते हैं। यह बात भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कही। जबलपुर में सोमवार को भाजपा संभागीय कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत विषय वक्ता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला को भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने संबोधित किया। इस दौरान जिन विषयों पर प्रशिक्षण वर्ग में विषय वक्तागण विचार रखेंगे, उन विषयों को लेकर समानांतरण सत्रों में प्रशिक्षकों ने विषय वक्तागणों को प्रशिक्षण प्रदान किया। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि हमें एकाग्र होना होगा, हमें सीखने की मानसिकता बदलनी होंगी। हम एक विचार, एक लक्ष्य के लिए कार्य करने वाले कार्यकर्ता हैं। यह कार्यकर्ताओं को गढ़ने का प्रशिक्षण है। केवल भाषण से ही नहीं सीखा जाता, अपित कार्य व्यवहार से भी सीखा जाता है। पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को अपने संगठन के इतिहास, संघर्षों और योगदान की भी जानकारी होनी चाहिए।


प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते शिवप्रकाश।

### भाजपा प्रशिक्षण और कार्यपद्धति से दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बनी: डॉ. यादव



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण और कार्यपद्धति से विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है। यह केवल एक राजनैतिक दल नहीं है, बल्कि एक विचारधारा है, जो राष्ट्र की सांस्कृतिक एकता और एकात्म मानववाद पर आधारित है। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश की सेवा और उसकी रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

### पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रशिक्षण आवश्यक : प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग भाजपा की कार्यपद्धति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यकर्ताओं के लगातार प्रशिक्षण और पार्टी की कार्य पद्धति की वहज से ही भाजपा अजेय पार्टी बनी है। जब हम लगातार सत्ता में रहते हैं तो जनता की नजर भी हम पर रहती है। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है कि कार्यकर्ता अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ संगठन तथा समाज के लिए कार्य करें।

### संगठन और विचारधारा से ही पार्टी को मिली सफलता: डॉ. सिंह

*भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारा संगठन राष्ट्रवादी विचारधारा पर आधारित है। यह संगठन सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता विचारधारा से प्रेरित होते हैं और यही विचारधारा हमारे संगठन को मजबूत बनाती है। यह विचारधारा किसी एक व्यक्ति से नहीं, बल्कि पूरे संगठन से जुड़ी होती है, और संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता के अंदर इस विचारधारा का समावेश जरूरी है।*



## खबर संक्षेप

### युवाओं में राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का मंच है एनएसएस



**भोपाल।** राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सामाजिक संवेदनशीलता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच है। यह बात मंत्री परमार ने चित्रकूट स्थित उद्यमिता विद्यापीठ के विवेकानंद सभागार में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ अवसर पर कही। मंत्री परमार ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर युवाओं को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं और अपने ज्ञान व ऊर्जा का उपयोग जनकल्याण के कार्यों में करें। युवाओं की भागीदारी से ही समाज और राष्ट्र के विकास को गति मिलती है। यह शिविर 14 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।

### पीएम श्रम योगी मान-धन योजना अंतर्गत पंजीयन में मप्र चौथे स्थान पर

**भोपाल।** पीएम श्रम योगी मान-धन योजना में 15 जनवरी से 8 मार्च तक आयोजित विशेष पंजीयन अभियान में श्रमिकों के पंजीयन में मप्र ने देश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। मध्यप्रदेश के बैतूल में सर्वाधिक 1771 पंजीयन हुए है। बैतूल जिला देश के जिलों में दूसरे स्थान पर तथा नर्मदापुरम जिला 1501 पंजीयन के साथ तीसरे स्थान पर रहा है। असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले रेहड़ी-पटरी वाले, रिक्शा चालक, घरेलू कामगार आदि जिनकी आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच है तथा मासिक आमदनी 15 हजार रूपये से कम है, उनके लिये केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना प्रारम्भ की गई है। योजना में पंजीकृत श्रमिक को 60 वर्ष की आयु के बाद प्रतिमाह 3 हजार रुपये निश्चित मासिक पेंशन दिये जाने का प्रावधान है।

## महिलाओं के लिए जबलपुर में आयोजित नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर को सीएम ने किया संबोधित

# सर्वाइकल कैंसर से बेटियों को बचाएगा एचपीवी वैक्सीन का एक टीका: डॉ.यादव

**बहनों से सुरक्षा की गारंटी वाले टीके का लाभ लेने का किया आव्हान, राज्य सरकार लाड़ली बहनों और लाड़ली लक्ष्मी बेटियों के साथ महिलाओं को बना रही है**



मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव ने जबलपुर के गीता भवन में फिट इंडिया वुमन्स वीक-2026 अंतर्गत राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान के कार्यक्रम को संबोधित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में माताओं-बहनों के स्वास्थ्य की चिंता करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सर्वाइकल कैंसर बेटियों की जिंदगी में सबसे कठिन समय होता है। मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर एचवीपी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई है। इसमें 14 वर्ष से अधिक आयु की बेटियों को 4 हजार रुपए मूल्य का यह टीका निःशुल्क लगाया जा रहा है।

वैक्सीन का एक टीका गर्भाशय एवं ग्रीवा कैंसर के प्रति भविष्य में बेटियों को जीवनभर की सुरक्षा की गारंटी देगा और उन्हें गंभीर रोग से बचाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को जबलपुर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल एंड इंफोर्मेशन सेंटर में महिलाओं के लिए आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आहवान किया कि बहनें और बेटियां सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण का लाभ लेकर टीका अवश्य लगवा लें। सीएम ने टीका लगवा चुकी बेटियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। साथ ही जबलपुर में 37 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार लाड़ली बहनों से लेकर लाडली लक्ष्मी बेटियों तक निरंतर जनकल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ा रही है। लाड़ली बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार योजना की राशि को निरंतर बढ़ा रही है। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को अब 1500 रुपए की राशि हर माह उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है।

### 37 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में 10.51 करोड़ लागत से आधुनिक जनपद भवन का भूमि-पूजन और 27.16 करोड़ लागत से नवनिर्मित गीता भवन सहित 3 अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 21 स्वास्थ्य एवं उप स्वास्थ्य केंद्र और सोलर ट्रैफिक सिस्टम शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संस्कार धानी जबलपुर की छटा देश में सबसे अलग है।

### नेत्र दिव्यांग बालिकाओं का किया सम्मान

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एचपीवी टीकाकरण पूर्ण कर चुकी बालिकाओं जिया सेन और अंशी विश्वकर्मा को प्रतीकात्मक रूप से प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने नेत्रहीन कन्या विद्यालय जबलपुर की बालिकाओं से भेंट कर उनका सम्मान भी किया।

## अधिकारियों-कर्मचारियों का बढ़ाया मनोबल

# आईजी झा ने किया जशपुर जिले का वार्षिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर

सरगुजा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा ने मंगलवार को जशपुर जिले का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रक्षित केंद्र जशपुर पहुंचकर परेड की सलामी ली। उन्होंने पुलिस बल के अनुशासन, वेश-भूषा और कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। आईजी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया। उन्होंने रक्षित केंद्र में शासकीय वाहनों की स्थिति का जायजा लिया। वाहन शाखा, कैश शाखा, स्टोर शाखा और पुलिस कैंटीन की व्यवस्थाएं भी देखीं।



### आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत

पुलिस महानिरीक्षक ने पुलिसकर्मियों को नशे और भ्रष्टाचार से दूर रहने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी पुलिसकर्मी की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। हाल ही में गांजा तस्करी के मामले में संलिप्त दो पुलिसकर्मियों को जेल भेजा गया है। यह दर्शाता है कि ऐसे मामलों में कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

### आईजी ने लगाया पुलिस दरबार

आईजी ने सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके बाद आयोजित पुलिस दरबार में उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए। आईजी ने पुलिसकर्मियों को अनुशासन, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने की नसीहत दी। उन्होंने आधुनिक पुलिसिंग के लिए कंप्यूटर ज्ञान को आवश्यक बताया। सभी पुलिसकर्मियों को तकनीकी रूप से दक्ष होने की सलाह दी। लंबित प्रकरणों की ली जानकारी आईजी दीपक झा ने सिटी कोतवाली जशपुर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। आईजी ने सभी लंबित मामलों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह, एएसपी राकेश पाटनवार सहित जिले के सभी एसडीओपी, थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधानसभा में गलत जानकारी देने का मामला

# उपायुक्त सस्पेंड, जबकि आईएएस समेत नौ अफसरों की टेबल से होकर गया था जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में गलत जानकारी भेजने के मामले में सरकार ने इंदौर नगर निगम की उपायुक्त लता अग्रवाल को निलंबित कर दिया है। हालांकि जिस जवाब को लेकर कार्रवाई की गई, वह आईएएस अधिकारियों समेत नौ वरिष्ठ अफसरों की टेबल से गुजरने के बाद विधानसभा में भेजा गया था। ऐसे में सिर्फ एक अधिकारी पर कार्रवाई होने से प्रशासनिक हलकों में सवाल उठने लगे हैं।

मामला इंदौर नगर निगम से जुड़े एक सवाल का है, जिसमें विधानसभा में यह जानकारी दी गई कि शहर में एक भी सफाई निरीक्षक (सैनिटरी इंस्पेक्टर) नहीं है। बाद में यह जानकारी गलत पाई गई। इसके बाद सरकार ने जवाब तैयार करने में लापरवाही मानते हुए उपायुक्त को सस्पेंड कर दिया। जानकारी के मुताबिक, विधानसभा में भेजे जाने वाले जवाब की फाइल नगर निगम के कई स्तरों से होकर गुजरती है। इसमें संबंधित शाखा, वरिष्ठ अधिकारी और आईएएस स्तर के अधिकारी भी शामिल रहते हैं। इसके बावजूद कार्रवाई केवल उपायुक्त तक सीमित रहने से पूरे मामले पर चर्चा तेज हो गई है।

> इंदौर नगर निगम में एक भी सफाई निरीक्षक के न होने की दी थी जानकारी, जो गलत निकली

सूत्रों के अनुसार, विधानसभा के प्रश्नों के जवाब तैयार करने की प्रक्रिया में हर स्तर पर तथ्यों का परीक्षण होना चाहिए। लेकिन इस मामले में कई स्तरों पर फाइल गुजरने के बावजूद गलती पकड़ में नहीं आई। प्रशासनिक जानकारों का कहना है कि यदि जवाब कई अधिकारियों की टेबल से होकर गया था तो जिम्मेदारी भी सामूहिक रूप से तय होनी चाहिए। फिलहाल सरकार ने इस मामले में उपायुक्त को निलंबित करते हुए आगे की जांच के संकेत दिए हैं।

# सोफे के अंदर फुफकार रहा था जहरीला कोबरा, बाल-बाल बचे परिवार के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के रिसदी क्षेत्र में लक्ष्मी के घर उस समय अफरा-तफरी मच गई। जब परिवार के लोगों को सोफे के अंदर से फुंकारने की आवाज सुनाई दी। ध्यान से देखने पर पता चला कि सोफे के भीतर एक जहरीला कोबरा छिपा हुआ था। यह देखकर घर के लोग घबरा गए और तुरंत घर से बाहर भाग खड़े हुए।

उन्होंने तत्काल सर्प मित्र को सूचना दी और बचाव अभियान शुरू किया गया। हालांकि, यह बचाव कार्य इतना आसान नहीं था। कोबरा सोफे के अंदर गहराई में छिपा था और लगातार अपनी जगह बदल रहा था। कुछ समय तक मानो कोबरा और बचाव दल के बीच लुका-छिपी का खेल चलता रहा। स्थिति को देखते हुए सोफे को सावधानीपूर्वक थोड़ा काटना पड़ा। आखिरकार कोबरा बाहर निकला और दल ने उसे सुरक्षित पकड़ लिया।



### सुरक्षित पकड़ाया कोबरा, ली राहत की सांस

*काफी सतर्कता और अनुभव के साथ दल ने कोबरा को सुरक्षित पकड़ा। बचाव सफलतापूर्वक पूरा होने के बाद घर के लोगों ने राहत की सांस ली। उन्होंने बचाव दल के इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद दिया। राहत दल लगातार क्षेत्र में वन्यजीवों को सुरक्षित बचाने का कार्य कर रहा है। यह दल लोगों में जागरूकता फैलाने का भी सराहनीय कार्य कर रहा है। सर्प विशेषज्ञ ने बताया कि सांप अक्सर चूहों की मौजूदगी के कारण शिकार की तलाश में घरों में पहुंच जाते हैं। संभवतः सोफे के अंदर चूहे की गंध होने के कारण कोबरा वहां छिपा था। उन्होंने लोगों से घर के आसपास साफ-सफाई रखने की अपील की। चूहों को पनपने न देने और किसी भी वन्यजीव को देखकर घबराने की बजाय तुरंत बचाव दल को सूचना देने को कहा।*

## पुसौर थाना क्षेत्र का मामला, चोरों की तलाश जारी

# सो रहे थे परिवार के सदस्य, चोरों ने उड़ा लिया लाखों रुपए का माल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में अज्ञात चोरों ने एक मकान में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात के अलावा नगदी रकम समेत लाखों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस अपराध दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है। मामला पुसौर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, राजीव कुमार डनसेना निवासी छपोरा ने पुसौर थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि वह एनटीपीसी में पिछले पांच साल से डेस्क ऑपरेटर के पद पर पदस्थ है। पीड़ित ने बताया कि 8 मार्च की रात सभी खाना खाकर परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। इसी बीच देर रात अज्ञात चोर उनके मकान में घुसकर खुंटी से कमरे की चाबी निकालकर एक कमरे में रखे आलमारी एवं पेटी से सोने चांदी के जेवरात के अलावा नगदी रकम 60 हजार रूपये निकालकर फरार हो गए।



### सुबह सोकर उठे तो मिली घटना की जानकारी

*पीड़ित ने बताया कि सुबह 6 बजे जब उसकी पत्नी उठी तो देखा कि कमरे का ताला निकला हुआ था एवं पेटी खुली हुई थी। जिसके बाद ही उन्हें घर में चोरी होने की जानकारी हुई। राजीव कुमार डनसेना ने बताया कि अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के जेवरात के अलावा नगदी रकम मिलाकर कुल 3 लाख 10 हजार की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। बहरहाल राजीव कुमार डनसेना की सूचना के बाद पुसौर पुलिस के अलावा डॉग स्वायड, फॉरेसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच की।*

## सीएजी की रिपोर्ट से अवैध कब्जे का खुलासा

# 126 अवैध निर्माण कर बनाए मैरिज गार्डन, खड़े किए होटल-कॉलेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में शासकीय जमीन और नालों पर कब्जा कर बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। ऑडिट में खुलासा हुआ है कि प्रदेश में 126 स्थानों पर अवैध निर्माण कर मैरिज गार्डन बना दिए गए, जबकि कई जगह नालों को पाटकर होटल, कॉलेज और अन्य व्यावसायिक इमारतें खड़ी कर दी गईं।

रिपोर्ट के मुताबिक इन मैरिज गार्डन संचालकों को अवैध निर्माण हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन अधिकांश मामलों में न तो जवाब दिया गया और न ही कार्रवाई आगे बढ़ाई गई। कई मामलों में तो दूसरा नोटिस तक जारी नहीं किया गया।

ऑडिट में यह भी सामने आया कि कई शहरों में नालों और नदियों के किनारे खाली जगह छोड़ने के नियमों का पालन नहीं किया गया। कई जगह नालों को पाइप में डालकर ढंक दिया गया।

### बड़े शहरों में ज्यादा मामले

रिपोर्ट के अनुसार भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में नालों के आसपास बड़े पैमाने पर निर्माण हुआ है।

- भोपाल – 150 स्थान
- इंदौर – 150 स्थान
- ग्वालियर – 128 स्थान
- जबलपुर – 70 स्थान
- उज्जैन – 36 स्थान

इस तरह कुल 539 स्थानों पर नालों के आसपास निर्माण पाया गया है।

### नोटिस के बाद भी कार्रवाई अधूरी

जांच में 132 मैरिज गार्डन अनाधिकृत पाए गए थे, जिन्हें नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इनमें से पांच संचालकों ने गार्डन बंद कर दिए, लेकिन 126 मैरिज गार्डन अब भी संचालित हो रहे हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कई मामलों में विकास अनुमति देते समय लेआउट में नालों को दिखाया ही नहीं गया।

## ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने के संबंध में कलेक्टर्स को जारी होंगे निर्देश

**रोजाना 400 से अधिक फाइलों का हो रहा ऑनलाइन मूवमेंट**

# मुख्य सचिव जल्द करेंगे ई-ऑफिस सिस्टम की समीक्षा, अब तहसील और ब्लॉक स्तर के कार्यालयों में लागू करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में सरकारी कामकाज को पूरी तरह डिजिटल और पारदर्शी बनाने की दिशा में सरकार ई-ऑफिस सिस्टम को निचले स्तर तक लागू करने की तैयारी में है। मंत्रालय, विभागाध्यक्ष कार्यालयों और जिला स्तर के सरकारी दफ्तरों में लागू होने के बाद अब तहसील और ब्लॉक स्तर के कार्यालयों में भी ई-ऑफिस सिस्टम लागू किया जाएगा।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्य सचिव कार्यालय जल्द ही ई-ऑफिस सिस्टम के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा करेगा। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा तहसील और ब्लॉक स्तर के सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने के संबंध में सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किए जाएंगे प्रदेश में एक जनवरी 2025 से मंत्रालय में ई-ऑफिस सिस्टम लागू किया गया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसका शुभारंभ किया था।

इस व्यवस्था का उद्देश्य मंत्रालय के कामकाज में पारदर्शिता और गति लाना तथा फाइलों के मूवमेंट को ऑनलाइन करना है। शुरुआत में अधिकारियों और कर्मचारियों को नए सिस्टम पर काम करने में दिक्कतें आईं, लेकिन धीरे-धीरे वे इसके अभ्यस्त हो गए। वर्तमान में मंत्रालय में विभिन्न विभागों में रोजाना 400 से अधिक फाइलों का ऑनलाइन मूवमेंट हो रहा है।


अनुराग जैन

### ई ऑफिस में काम करना कर्मचारियों के लिए अनिवार्य

*मंत्रालय के बाद दूसरे चरण में विभागाध्यक्ष कार्यालयों और तीसरे चरण में जिला मुख्यालयों के सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम लागू किया गया। हालांकि जिलों में अभी भी कई अधिकारी-कर्मचारी ई-ऑफिस सिस्टम पर पूरी तरह काम करने से कतरा रहे हैं, लेकिन मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस पर काम करना अनिवार्य होगा। अब वे मंत्रालय, विभागाध्यक्ष कार्यालयों और जिला स्तर के कार्यालयों में इसके क्रियान्वयन की स्थिति का फीडबैक लेंगे और इसे लागू करने की तैयारियों पर भी अधिकारियों से चर्चा करेंगे।*

### 2017 में बनी थी कार्ययोजना

यह कार्ययोजना वर्ष 2017 में तैयार की गई थी। इसके तहत मंत्रालय में नए कंप्यूटर और स्कैनर खरीदे गए थे और राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एनआईसी) के माध्यम से अधिकारियों-कर्मचारियों को सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण दिया गया था। मार्च 2018 में तत्कालीन सरकार के कार्यकाल में मंत्रियों को भी इसका प्रशिक्षण दिया गया था।

### मंत्री अब भी मेनुअली निपटा रहे फाइलें

मंत्रालय में ई-ऑफिस सिस्टम लागू हुए एक साल से अधिक समय हो चुका है, लेकिन प्रदेश सरकार के मंत्री अब भी अधिकांश फाइलों को मैनुअल तरीके से ही निपटा रहे हैं। जबकि उनके निजी स्टाफ को ई-ऑफिस सिस्टम का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

### ई-ऑफिस सिस्टम के फायदे

- फाइलों का मूवमेंट तेज हुआ
- हर फाइल की लोकेशन ट्रेस करना आसान
- फाइल निपटाने की समय-सीमा तय होने से जवाबदेही बढ़ी
- कागज की खपत में कमी और रिकॉर्ड प्रबंधन आसान
- एक क्लिक पर फाइल कंप्यूटर या लैपटॉप पर उपलब्ध

## चिंतन

# जमाखोरी पर कड़ी नजर से ही जरूरतमंद को मिलेगी गैस

देश में इन दिनों कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत गहराती जा रही है। कई राज्यों में सप्लाई पर रोक लगाने से होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट्स और हॉस्टलों के सामने गैस का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे हालात में सबसे बड़ी चिंता यह है कि कहीं गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी न बढ़ जाए। अगर समय रहते सरकार ने इस पर सख्त निगरानी नहीं रखी तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। इसलिए आवश्यक है कि गैस की आपूर्ति व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि गैस वास्तव में जरूरतमंदों तक पहुंच सके। गैस की किल्लत का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव माना जा रहा है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़े टकराव के कारण हॉर्मुज जलमार्ग से गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। यह मार्ग विश्व के ऊर्जा व्यापार का एक महत्वपूर्ण रास्ता है और इसके बाधित होने से कई देशों की ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ता है। भारत भी इससे अछूता नहीं रहा है। इसी वजह से देश में एलएनजी की आपूर्ति प्रभावित हुई और गैस वितरण व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया। इस स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने का फैसला किया है। रसोई गैस (एलपीजी) और पाइप से मिलने वाली गैस (पीएनजी) को 100 प्रतिशत उपलब्धता के साथ सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा परिवहन क्षेत्र के लिए सीएनजी और उर्वरक संयंत्रों को भी प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि इनका संबंध सीधे आम लोगों की जरूरतों और कृषि उत्पादन से है। गैस वितरण और प्रबंधन की जिम्मेदारी भी गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को दी गई है। इसका असर कॉमर्शियल गैस उपभोक्ताओं पर भी पड़ रहा है। होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट और छोटे उद्योग गैस की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में इन्हें भी प्राथमिकता वाले क्षेत्र में रखा जाना चाहिए। दरअसल, होटल और ढाबे सिर्फ व्यापार नहीं हैं, बल्कि लाखों लोगों की आजीविका से जुड़े हुए हैं। इनसे जुड़े रसोइयों, वेटरों, डिलीवरी कर्मियों और अन्य कर्मचारियों की रोजी-रोटी इसी पर निर्भर करती है। यदि गैस की कमी के कारण यह कारोबार ठप पड़ता है तो इसका असर सीधे रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। ऐसे संकट के समय में सबसे बड़ा खतरा जमाखोरी और कालाबाजारी का होता है। इतिहास गवाह है कि जब भी किसी जरूरी वस्तु की कमी होती है तो कुछ लोग इसका अनुचित लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन गैस की किल्लत के समय भी यही हुआ था। कई जगहों पर जमाखोरों ने ऑक्सीजन सिलेंडरों को छिपाकर रखा और जरूरतमंदों से मनमाने दाम वसूले। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने 'आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955' लागू किया है। इस कानून के तहत सरकार किसी भी जरूरी वस्तु की सप्लाई और कीमतों को नियंत्रित कर सकती है तथा जमाखोरी पर रोक लगा सकती है। गैस की मौजूदा स्थिति में यह कदम बेहद जरूरी है, लेकिन केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं होगा। इसका सख्ती से पालन भी सुनिश्चित करना होगा। सरकार को चाहिए कि गैस एजेंसियों, गोदामों और वितरण केंद्रों की नियमित निगरानी की जाए। यदि सरकार जमाखोरी और कालाबाजारी पर सख्त नजर रखे, वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाए और सभी क्षेत्रों की जरूरतों के बीच संतुलन स्थापित करे, तो इस संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सकता है। तभी यह सुनिश्चित होगा कि गैस वास्तव में उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है।



जल संयंत्र
प्रमोद भार्गव

ईरान के परमाणु हथियारों को लेकर शुरू हुई लड़ाई अब पानी पर हमले और उसकी सुरक्षा के उपायों तक पहुंच गई है। ईरान के विदेश मंत्री ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी हमले में होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट केशम द्वीप स्थित एक खारे पानी को मीठा बनाने वाला जल संयंत्र क्षतिग्रस्त हुआ है, इससे 30 ग्रामों की जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके बाद ईरान ने बहरीन के संयंत्र को निशाना बनाया। इन हमलों नें बता दिया कि ईरान-अमेरिका का यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि खाड़ी देशों के जल संयंत्रों के विनाश तक पहुंच गया है। चिंता की बात यह है कि खाड़ी देशों की बड़ी आबादी शुद्ध पानी के लिए इन्हीं जल संयंत्रों पर आश्रित है।

# खाड़ी देशों में पानी पर हमले से संकट

ईरान के परमाणु हथियारों को लेकर शुरू हुई लड़ाई अब पानी पर हमले और उसकी सुरक्षा के उपायों तक पहुंच गई है। ईरान के विदेश मंत्री ने आरोप लगाया है कि अमेरिकी हमले में होर्मुज जलडमरूमध्य के निकट केशम द्वीप स्थित एक खारे पानी को मीठा बनाने वाला जल संयंत्र क्षतिग्रस्त हुआ है, इससे 30 ग्रामों की जल आपूर्ति प्रभावित हुई है। इसके बाद ईरान ने बहरीन के संयंत्र को निशाना बनाया। इन हमलों नें बता दिया कि ईरान-अमेरिका का यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य या तेल प्रतिष्ठानों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि खाड़ी देशों के जल संयंत्रों के विनाश तक पहुंच गया है। इस परिप्रेक्ष्य में चिंता की बड़ी बात है कि खाड़ी देशों की आबादी की बड़ी संख्या पीने के शुद्ध पानी के लिए इन्हीं जल संयंत्रों पर आश्रित है। अतएव इन पर आक्रमण समूचे खाड़ी क्षेत्र में भयावह जल संकट पैदा कर सकता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने कहा था कि अगला विश्व युद्ध पानी के लिए होगा।

अब पूरे मध्य एशिया में जो युद्ध की भयानक स्थिति देखने में आ रही है, उससे लगता है पानी के लिए युद्ध छिड़ गया है। पानी की सुरक्षा को सबसे बड़ा संकट माना जा रहा है। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि खाड़ी के देशों ने अपने समुद्री पानी को मीठा बनाने वाले संयंत्रों को तेल प्रतिष्ठानों से कहीं अधिक बड़ी सुरक्षा दे दी है। यहां तक की ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दिए हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए। संयंत्रों के साथ बिजली घर भी जुड़े होते हैं। ऐसे में विद्युत ढांचों पर हमले भी पानी के उत्पादन को प्रभावित कर सकते हैं। यदि किसी बड़े संयंत्र को गंभीर नुकसान होता है तो कई नगर कुछ ही दिनों में पेयजल संकट से जूझ जाएंगे। इस कारण ड्रोन और मिसाइलें भी तैनात कर दिए हैं, जिससे किसी भी आसमानी हमले को तुरंत आसमान में ही नष्ट कर दिया जाए। अमेरिका और इजराइल ने लड़ाकू विमानों लेबनान की राजधानी तेहरान में केमिकल टॉक्सिक बमों से भीषण हमला किया है। इस कारण तेहरान के 30 बड़े तेल भंडार तबाह हो गए हैं। तेहरान आग की लपटों से धधक उठा है। बादल धुएं से भर गए हैं। टॉक्सिक हाइड्रो कार्बन और सल्फर से तेहरान में तेल की अम्लीय बारिश देखी गई। प्राकृतिक जल की सतहों पर तेल की परत जम गई है, ऐसे में नए हमले होते हैं तो यह तेल जल उठेगा। इस कारण 90 लाख की आबादी वाले तेहरान में अघोषित कर्फ्यू के हालात बन गए हैं। दूषित पानी हो जाने के कारण सप्लाई ठप है। बिजली भी बंद कर दी गई है। ये बम लेबनान में ईरान समर्थक आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह के ठिकानों पर पटके गए हैं। इन टॉक्सिक बमों में घातक रसायन होते हैं। ये फसलों को बर्बाद करने के साथ पानी को भी पूरी तरह दूषित कर देते हैं। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कुवैत, ओमान कतर जैसे खाड़ी देशों में 90 फीसदी समुद्री खारे पानी को मीठे में बदलकर आपूर्ति जल संयंत्रों से की जाती है। 10 बड़े जल संयंत्रों को ईरान निशाना बना सकता है।

एक पुराने अमेरिकी कूटनीति दस्तावेज में चेतावनी दी गई थी कि यदि सऊदी अरब के जुबेल जल संयंत्र और उसकी पाइपलाइन को नुकसान होता है तो राजधानी रियात को एक सप्ताह के भीतर खाली करना होगा। हालांकि सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात



ने अपने तलाबों और सप्लाई लाइन में बड़ा निवेश किया हुआ है। इसलिए वह जल संकट का सामना एक बार कर सकता है, किंतु बहरीन, कतर और कुवैत जैसे छोटे देशों के पास वैकल्पिक साधन कम हैं। इसलिए इन देशों के संयंत्र लड़ाई में प्रभावित हुए तो पानी के लिए घरेलू स्तर पर भी जंग छिड़ सकती है। ईरान के लिए यह अच्छी बात है कि वे खुद जल संयंत्रों पर अधिक निर्भर नहीं है। ईरान में ज्यादातर पेयजल की सप्लाई नदियों, बांधों और भूगर्भीय जल से होती है, इसलिए वह सीमित समय के लिए संकट झेलने में सक्षम है, लेकिन कई साल से सूखे के चलते तेहरान के तालाबों का पानी खतरनाक स्तर तक घट गया है। इजराइल भी समुद्र के खारे पानी को मीठा बनाने की तकनीक पर निर्भर है। इस परिप्रेक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 2050 तक जब विश्व की 40 फीसदी आबादी जल संकट भोग रही होगी, तब भी इजराइल में पीने के पानी का संकट नहीं होगा। इजराइल न सिर्फ हथियारों, बल्कि पानी के मामले में भी महाशक्ति बनकर उभरा है। इजराइल में तेल अवीव के डोर तट पर समुद्र के पानी को तत्काल पीने लायक बनाने वाले संयंत्र लगे हुए हैं। ये संयंत्र 'गेलमोबाइल वॉटर फिल्ट्रेशन प्लांट' कहलाते हैं। यह चलित फिल्टर प्लांट है। कई संयंत्र जीपों पर भी स्थापित हैं। इन्हें 'फ्यूचर जीप' कहते हैं। प्राकृतिक या युद्ध संबंधी आपदा के वक्त यह संयंत्र बेहद उपयोगी हो जाता है। इसे संकटग्रस्त इलाकों में पहुंचाकर लोगों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध करा दी जाती है। पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी में डूबा हुआ है। 1.6 प्रतिशत पानी धरती के नीचे है और 0.001 फीसद वाष्प और बादलों के रूप में है। पृथ्वी की सतह पर जो पानी है, उसमें 97 प्रतिशत सागरों और महासागरों में है, जो नमकीन होने के कारण पीने लायक नहीं है। कुल उपलब्ध पानी में से केवल तीन प्रतिशत पानी ही पीने योग्य है। इसमें से 2.4 फीसदी हिमखंडों के रूप में उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों पर बर्फ के रूप में जमा हुआ है। भूगर्भीय जल भण्डारों का बेइंतहा दोहन करने और शुद्ध पानी के प्राकृतिक भण्डारों के ऊपर बहुमंजिला इमारतें खड़ी किए जाने से दुनिया के जल भंडार सूख रहे हैं। भारत में मुंबई, चैन्नई, कोलकाता, गोवा, बापी, दमन, तिरूवनतपुरम, पुरी, एर्नाकूलम, कोझीकोड़, रत्नागिरी और विजयनगर जैसे नगरों का भूजल समाप्त होने की स्थिति में है। इनमें सबसे बुरा हाल मुंबई का है।


मुंबई में जिस तेजी से जल दोहन किया जा रहा है, उससे लगता है कि 2030 तक मुंबई के मीठे पानी के जल भण्डार रीत जाएंगे। यहां वर्षा का जो पानी जमीन सोखती है, वह एक निश्चित सीमा तक पहुंच पा रहा है। इसी के नीचे समुद्री क्षार वाला पानी बह रहा है, जो खारा है। ये सभी नगर समुद्र किनारे बसे हैं, लेकिन खाड़ी देशों की तरह खारे पानी को मीठा बनाने के संयंत्र स्थापित करने में कोई नगर आगे नहीं आया है। जमीन की भीतरी बनावट ऐसी होती है कि बारिश का पानी एक निर्धारित सीमा तक ही जमीन में तैरता रहता है, जो कि प्रसंस्कृत होकर नीचे पीने के योग्य अपने आप बनता रहता है। ज्यादा खुदाई के बाद समुद्र किनारे बसे ज्यादातर महानगरों में खारा पानी आ जाता है, क्योंकि वह समुद्री जल स्तर से प्रभावित होने लगता है। यह खतरा भूमण्डल का तापमान लगातार बढ़ते जाने से और बढ़ गया है। नए अध्ययनों से पता चलता है कि पश्चिमी अंटार्कटिक में बिछी बर्फ की पट्टी बहुत तेजी से पिघल रही है। यह पानी समुद्री जल को बढ़ा रहा है। इस कारण एक ओर तो बांग्लादेश और मार्शल द्वीपों पर डूब जाने का आसन्न खतरा मंडरा रहा है, वहीं समुद्री रिहाइशी इलाकों का पीने योग्य पानी खारे पानी में विलय हो जाने का खतरा है। ऐसे में ईरान-अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध ने समुद्र तटीय खाड़ी देशों में पेयजल संकट को गहरा दिया है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## पड़ोस

अखिलेश आर्येन्दु



# नया बदलाव नेपाल-भारत रिश्तों के लिए अहम

कुछ ही दिनों में नेपाल में नई सरकार का गठन हो जाएगा। संभावना है कि बालेन शाह के नेतृत्व में नेपाल में नई युवा संसद वाला मंत्रिमंडल शपथ ग्रहण करेगा। नेपाल के इतिहास में पहली बार 99 प्रतिशत सांसद युवा होंगे, जिनमें बालेन शाह की उम्र 35 वर्ष हैं। कहा जा रहा है कि नेपाल में हुए जेन जी आंदोलन की वजह से इस बार की संसद को युवा बना दिया है। दिलचस्प बात यह है कि पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड को छोड़कर इस बार कोई भी उम्रदराज नेता नेपाल की संसद में नहीं होगा। इतिहास किस तरह बदलता है और उस देश के लिए किस तरह की तस्वीर पेश कर रहा है, नेपाली संसदीय चुनाव के बाद उभरी तस्वीर को देखकर समझा जा सकता है। नेपाल में इस बार संसदीय इतिहास ही नहीं बदला है बल्कि राजनीति और नेपाल के राजनीतिज्ञों के चेहरे भी बदल गए हैं। यानी नए नेपाल की नई तस्वीर।

नेपाल के लोकतंत्रीय राजनीति के इतिहास में पहली बार हुआ है कि कोई एक दल अपने बूते पर सरकार बना रहा है। गौरतलब है कि 2008 में नेपाल में 239 साल पुरानी नेपाल की राजशाही व्यवस्था के स्थान पर लोकतंत्र कायम हुआ था और देश में नया संविधान 2015 में लागू हुआ। जिन वजहों से राजशाही व्यवस्था को खत्म किया गया था और जिन उद्देश्यों को हासिल करने के उद्देश्य से नया संविधान लागू किया गया था, इसमें किसी भी उद्देश्य को पिछली सरकारें हासिल करने में विफल रहीं थीं। शायद इसी विफलता का परिणाम था नेपाल में सत्ता के प्रति खुला विद्रोह यानी जेन जी आंदोलन। राजशाही खत्म होने के बाद केंद्र में जिन दलों के गठजोड़ से सरकारों का गठन हुआ, उनके कार्यों के प्रति जनता में संतोष और इत्मीनान देखने को नहीं मिला। यानी पिछली सरकारों के प्रति नेपाली जनता के अनुभव कभी अच्छे नहीं रहे। जेन जी आंदोलन के बाद हुए इस पहले चुनाव में पिछली चुनावी तस्वीर को एकदम बदल कर रख दिया है। अब यह तय माना जा रहा है कि स्वतंत्र पार्टी जो पूर्ण बहुमत (138 सीटें पूर्ण बहुमत के लिए चाहिए) से भी अधिक सीटें जीत कर पहली बार अकेले दम पर सरकार का गठन करने जा रही है। अब आरएसपी को जब नेपाली सांसद में पूर्ण बहुमत हासिल हो गया है, नेपाली जनता की उम्मीदों पर ही खरा नहीं उतरना है, बल्कि भारत सहित पड़ोसियों के साथ संतुलन बनाते हुए बेहतर रिश्ते कायम रखना होगा। खासकर भारत के साथ बेहतर पारंपरिक रिश्ते जगजाहिर रहे हैं। प्रधानमंत्री ओली के वक्त जो बहुत अच्छे नहीं थे, उसे भी बेहतर करने की बड़ी जिम्मेदारी होगी। भारत के साथ एक संतुलित और पारंपरिक रिश्ते को कायम रखने के लिए भारत सरकार से किस तरह की नीति अपनाई जाए, इस नई सरकार को बेहद संजीदा ढंग से समझना होगा। दरअसल, चीन की लगातार कोशिश रहती है कि वह नेपाल की राजनीति में हर स्तर पर दखल ही न दे, बल्कि अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए भारत के साथ बने पारंपरिक रिश्ते में दरार पैदा कर, अपना उल्लू सीधा करे। चीन में बनी तमाम वस्तुएं नेपाली बाजारों में बेधड़क बिकती हैं। भारत की भी कोशिश रही है कि नेपाल के बाजारों में भारत में बनी ज्यादातर चीजों की खपत हो। ऐसे में नई सरकार को बेहतर संतुलन बनाकर चलना होगा जिससे उसके पड़ोसियों से रिश्ते भी खराब न हों। प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसपी के दोनों बड़े नेताओं रबि लामिछाने और बालेन शाह को बधाई ही नहीं दी बल्कि नई सरकार को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले वक्त में दोनों देशों की साझी कोशिशों से भारत और नेपाल के संबंध नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे। बालेन शाह यदि भारत के साथ सनातन संबंधों को तरजीह देंगे तो इससे भारत के साथ पूर्ण मैत्री संबंध ही नहीं बनेंगे, बल्कि नेपाल के प्रगति, विकास और संबंधों को स्थायित्व देने में एक नई इबारत लिखी जा सकती है। हम उम्मीद कर सकते हैं कि नेपाल की नई सरकार अपनी ऐतिहासिक चुनावी जीत के रूप में ही नहीं जानी जाएगी, बल्कि भारत के साथ अपने रिश्तों को प्राथमिकता देकर नई ऊंचाई हासिल करने में कामयाब होगी। आरएसपी के घोषणापत्र में नेपाल-चीन इंडस्ट्रियल पार्क परियोजना को हटा दिया गया था। इसका मतलब नेपाल चीन की हर शर्त या योजना पर आंख मूंद कर मोहर लगाने वाला नहीं होगा। यदि वे भारत के साथ सनातन संबंधों को तरजीह देंगे तो इससे भारत के साथ पूर्ण मैत्री संबंध ही नहीं बनेंगे, बल्कि नेपाल के प्रगति, विकास और संबंधों को स्थायित्व देने में एक नई इबारत लिखी जा सकती है। उम्मीद कर सकते हैं कि नेपाल की नई सरकार अपनी ऐतिहासिक चुनावी जीत के रूप में ही नहीं जानी जाएगी, बल्कि भारत के साथ अपने रिश्तों को प्राथमिकता देकर नई ऊंचाई हासिल करने में कामयाब होगी।

(लेखक स्वतंत्र स्तम्भकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## संसार की समस्त समस्याओं का निदान अध्यात्मवाद



संकलित
दर्शन

वर्तमान की समस्त समस्याओं का एक सहज सरल निदान है, अध्यात्मवाद। यदि शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक जैसे सभी क्षेत्रों में अध्यात्मवाद का समावेश कर लिया जाए, तो समस्त समस्याओं का समाधान साथ-साथ होता चले और आत्मिक प्रगति के लिए अवसर एवं अवकाश भी मिलता रहे। विषयों में सर्वथा भौतिक दृष्टिकोण रखने से ही सारी समस्याओं का सूत्रपात होता है। दृष्टिकोण में वांछित परिवर्तन लाते ही सब काम बनने लगेंगे। आत्म-परिष्कार से संसार परिष्कृत होता चला जाता है। अपने को सुधारने से सारी समस्याओं का समाधान होता चला जाता है। अपने को ठीक कर लेने से आसपास के वातावरण के ठीक बनने में देर नहीं लगती। यह एक सुनिश्चित तथ्य है कि जो अपना सुधार नहीं कर सका, अपनी गतिविधियों को सुव्यवस्थित नहीं कर सका, उसका भविष्य अंधकार मय ही बना रहेगा। इसीलिए मनीषियों ने मनुष्य की सबसे बड़ी बुद्धिमता उसकी आध्यात्मिक प्रवृत्ति को ही माना है। अध्यात्मवाद का व्यावहारिक स्वरूप है, संतुलन, व्यवस्था एवं औचित्य। शारीरिक समस्या तब पैदा होती है, जब शरीर को भोग साधन समझ कर बरता जाता है। आहार-विहार और रहन-सहन को विचार परक बना लिया जाता है। इसी अनौचित्य एवं अनियमितता से रोग उत्पन्न होने लगते हैं और स्वास्थ्य समाप्त हो जाता है। विभिन्न शारीरिक समस्याओं का आसानी से हल निकल सकता है, यदि इस संदर्भ में दृष्टिकोण को आध्यात्मिक बना लिया जाए।

## हर समस्या का समाधान मिलता है समय के साथ



संकलित
प्रेरणा

एक लोक कथा है। पुराने समय में किसी गांव में एक व्यक्ति हमेशा परेशानियों में घिरा रहता था। एक दिन निराशा दूर करने के लिए वह अपने गुरु के पास पहुंचा और कहा कि गुरु जी, मेरे दुख बहुत बढ़ गए हैं। कृपया मुझे कोई उपाय बताइए, जिससे मैं खुश रह सकूं। गुरु ने अपने शिष्य से कहा कि पहले तुम्हें यह समझना होगा कि सच्चा सुख किसे कहते हैं। जाओ, गांव में जो सबसे सुखी व्यक्ति है, उसके घर से मुट्ठीभर अनाज लेकर आओ। शिष्य ने गुरु की आज्ञा मानी और गांव में सबसे सुखी व्यक्ति की खोज में निकल पड़ा। शिष्य पूरे गांव में घूमने के बाद भी किसी सबसे सुखी व्यक्ति को नहीं खोज पाया। अंत में वह गुरु के पास लौट आया और सारी बात बताई। गुरु मुस्कराए और बोले कि देखो, लोग हमेशा दूसरों से तुलना करके दुखी होते हैं। हर व्यक्ति के जीवन में समस्याएं होती हैं मगर समय के साथ उनका समाधान भी हो जाता है। अगर तुम सच्चे सुख को पाना चाहते हो, तो दूसरों पर ध्यान मत दो। अपनी बुराइयों और कमजोरियों को सुधारो। शिष्य ने गुरु की बात समझी और धीरे-धीरे अपने जीवन में इसे लागू किया, उसने देखा कि कुछ ही दिनों में उसके जीवन में शांति आ गई।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### शेयर धारकों को नुकसान

आजकल शेयर बाजार में गिरावट की खबरें सुर्खियों में हैं। इससे बहुत से लोगों को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। शेयर बाजार में ऐसी गिरावट काफी वर्षों बाद देखने को मिल रही है। इस गिरावट से बहुत से उन लोगों की उम्मीदें धराशायी हुई जिनका कारोबार ही शेयर बाजार पर निर्धारित है। शेयर कब औंधे मुंह गिरे, कोई पता नहीं, क्योंकि शेयर बाजार कंपनियों पर ही ज्यादा निर्भर होता है और कोई बड़ी कंपनी कब घाटे में चली जाए, यह पता नहीं चलता। दूसरा, शेयर बाजार दुनिया के किसी भी देश में होने वाले युद्ध से प्रभावित होते हैं। हमारे देश में कम लोग ही शेयर बाजार के बारे में जानते हैं, इसलिए यह कहना उचित होगा कि हमारे देश में शेयर बाजार में निवेश करना ही बेहतर विकल्प नहीं है। *-युगलकिशोर साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

# सैन्य अभ्यास से चुनौती दी तो भयानक परिणाम भुगतने पड़ेंगे



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने ईरान में जारी जंग के बीच अमेरिका और दक्षिण कोरिया के सालाना संयुक्त सैन्य अभ्यास की कड़ी आलोचना की है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया 'वारियर शील्ड' नाम का फील्ड ट्रेनिंग कार्यक्रम भी चलाते हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक सुरक्षा के इस खतरनाक समय में यह अभ्यास क्षेत्र की स्थिरता को नुकसान पहुंचा रहा है। मंगलवार को जारी किए गए बयान में किम यो जोंग ने चेतावनी दी कि उत्तर कोरिया की सुरक्षा को कोई भी चुनौती देने पर 'भयानक परिणाम' भुगतने पड़ेंगे। बता दें कि सोमवार को अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने अपना 11 दिन का 'फ्रीडम शील्ड' अभ्यास शुरू किया था जिसमें हजारों सैनिक शामिल हैं। किम यो जोंग ने ईरान के युद्ध का नाम लिए बिना कहा कि अमेरिका-दक्षिण कोरिया के ये अभ्यास क्षेत्रीय स्थिरता को कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था तेजी से ढह रही है और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में युद्ध छिड़ रहे हैं, तब इन लापरवाह और बदमाश अंतरराष्ट्रीय गुंडों के कृत्यों के कारण यह सब हो रहा है।' 'फ्रीडम शील्ड' अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं द्वारा हर साल किए जाने वाले 2 कमांड-पोस्ट अभ्यासों में से एक है।

## ऑफ बीट

# महर्षि दुर्वासा की तपोभूमि है श्री दुर्वेश्वर महादेव



देवभूमि हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला शहर से लगभग दस किलोमीटर दूर नड्डी के समीप डल क्षेत्र में स्थित श्री दुर्वेश्वर महादेव मंदिर ऐसा ही एक पावन तीर्थ है, जहां श्रद्धा, इतिहास और प्राकृतिक सौंदर्य एकाकार हो उठते हैं। मंदिर के ठीक सम्मुख स्थित शांत जलराशि से युक्त डल झील इस स्थल की आध्यात्मिक आभा को और भी गहन बना देती है। मान्यता है कि प्राचीन काल में महर्षि दुर्वासा ने इसी तपोभूमि पर कठोर साधना की थी। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें वरदान मांगने को कहा। महर्षि ने अपने लिए कुछ नहीं मांगा, बल्कि जनकल्याण की भावना से तपस्थली के समीप जल की व्यवस्था का वर चाहा। शिव ने उनकी कामना स्वीकार की और सप्तऋषियों के प्रतीक रूप में सात जलधाराएं फूट पड़ीं। वही जलधाराएं आगे चलकर एकत्रित हुईं और डल झील के रूप में प्रतिष्ठित हुईं। कालांतर में यहां महादेव की स्थापना हुई और यह स्थल (छोटा मणिमहेश) के रूप में विख्यात हो गया। श्रद्धालुओं की आस्था है कि यहां स्नान एवं परिक्रमा से वही पुण्यफल प्राप्त होता है, जो भरमौर स्थित पवित्र मणिमहेश यात्रा से मिलता है। इतिहास के अनुसार इस मंदिर का निर्माण लगभग दो शताब्दी पूर्व घरोह निवासी कलेशर सिंह राणा ने करवाया था।

## ट्रेंड

### जल जीवन मिशन



केंद्रीय कैबिनेट द्वारा 8.69 लाख करोड़ की लागत से जल जीवन मिशन 2.0 को मंजूरी जनकल्याण के प्रति सरकार के कमिटमेंट का प्रतिबिंब है। इससे 19.36 करोड़ ग्रामीण परिवारों तक नल से जल पहुँचेगा और जल सेवाओं का ऑपरेशन व मेंटेनेंस और अधिक प्रभावी होगी।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### शी बॉक्स पोर्टल



कार्यस्थल पर महिलाओं के विरुद्ध यौन उत्पीड़न की शिकायतों के समाधान हेतु शी बॉक्स पोर्टल महिलाओं को शिकायतें सहज, सुरक्षित और गोपनीय तरीके से ऑनलाइन दर्ज करने की सुविधा प्रदान करता है।
-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### अर्थव्यवस्था को नुकसान



पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध हमारी अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है, लेकिन हमारे प्रधानमंत्री में इस पर चर्चा करने का साहस नहीं है। शेयर बाज़ार गिर रहा है, गैस की कीमतें बढ़ रही हैं, इसका सीधा असर आम आदमी, घरेलू बजट और छोटे व मध्यम व्यवसायों पर पड़ रहा है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### गैस-तेल की किल्लत



शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों को छोड़कर, बाकी सभी कमर्शियल संस्थानों को एलपीजी गैस की सप्लाई बंद कर दी गई है। केवल घरेलू उपयोग के लिए गैस दी जाएगी। आने वाले दिनों में गैस और तेल की स्थिति और खराब होने के आसार हैं।
-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# कैबिनेट ने 8.8 लाख करोड़ की परियोजनाओं को दी मंजूरी, रेल यातायात भी होगा आसान

## बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को नई रफ्तार देंगे, एफडीआई नियमों में दी ढील

**मंत्री वैष्णव ने बताया कि 8.8 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक अहम कदम उठाते हुए चीन सहित भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों को आसान बना दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भारत का चीन के साथ व्यापारिक घाटा लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। यह जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को दी।

### 'प्रेस नोट 3' के प्रावधानों में ढील दी



सरकार ने 2020 में जारी 'प्रेस नोट 3' के प्रावधानों में ढील दी है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय कंपनियों के अवसरवादी अधिग्रहण को रोकने के लिए यह सख्त नियम लागू किया गया था। पुराने नियमों के अनुसार, भारत के साथ जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों- चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान- से आने वाले किसी भी निवेश के लिए सरकार की पूर्व मंजूरी अनिवार्य कर दी गई थी। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों में भारी तनाव आ गया था। इसके परिणामस्वरूप, भारत सरकार ने टिकटॉक, वीचैट और यूसी ब्राउजर जैसे 200 से अधिक चीनी मोबाइल ऐप्स पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### कई क्षेत्रों की महत्वाकांक्षी परियोजनाएं होंगी पूरी

देश में रणनीतिक बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी को नई रफ्तार देने के लिए भी केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। वैष्णव ने बताया कि 'स्ट्रैटेजिक इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कनेक्टिविटी इन्वेस्टमेंट एजेंडा 2024' के तहत कैबिनेट ने कुल 8.8 लाख करोड़ की विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को अपनी मंजूरी दे दी है। इन फैसलों में रेलवे, हाईवे, एविएशन और ग्रामीण जल आपूर्ति जैसे प्रमुख सेक्टर्स शामिल हैं, जो अर्थव्यवस्था को गति देने में अहम भूमिका निभाएंगे।

#### जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाया

इसमें सबसे बड़ा हिस्सा बुनियादी जरूरतों और ग्रामीण विकास पर केंद्रित है। सरकार ने 'जल जीवन मिशन' के विस्तार के लिए 8.7 लाख करोड़ के भारी-भरकम बजट को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि कैबिनेट ने जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है।

### कनेक्टिविटी और यातायात सुविधाओं का होगा विस्तार

- **एविएशन सेक्टर:** एक प्रमुख नीतिगत फैसले के तहत मदुरै एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट घोषित किया गया है।
- **रोड नेटवर्क:** जेवर एयरपोर्ट और फरीदाबाद सेक्शन को जोड़ने वाले एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए 3,631 करोड़ मंजूर किए गए हैं। बदनावर-थांदला-टिमरवानी राजमार्ग को 4-लेन बनाने के लिए 3,839 करोड़ का आवंटन किया गया है।
- **रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर:** रेल यातायात की भीड़ कम करने और माल ढुलाई को तेज करने के लिए संतरागाछी-खड़गपुर के बीच चौथी लाइन बिछाने के लिए 2,905 करोड़ की मंजूरी दी गई है। इसी तरह सैंथिया-पाकुड़ के बीच चौथी रेलवे लाइन के लिए 1,569 करोड़ आवंटित किए गए हैं।

### व्यापार और निवेश के प्रमुख आंकड़े

- ऐतिहासिक रूप से भारत में चीनी निवेश का हिस्सा बहुत कम रहा है। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2021 के बीच भारत में हुए एफडीआई इक्विटी प्रवाह में चीन की हिस्सेदारी 2.45 बिलियन डॉलर रही है।
- **बढ़ता व्यापार:** न्यूनतम निवेश के बावजूद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार कई गुना बढ़ा है और बीजिंग भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बनकर उभरा है।
- **आयात-निर्यात:** वर्ष 2024-25 में चीन से भारत का आयात 11.52 फीसदी बढ़कर 113.45 बिलियन डॉलर हो गया, जबकि निर्यात 14.5फीसदी घटकर 14.25 बिलियन डॉलर रहा।

### अन्य अहम फैसले

कैबिनेट ने कॉरपोरेट सेक्टर को राहत देने वाले दो अन्य महत्वपूर्ण विधेयकों को भी मंजूरी दी है। दिवाला प्रक्रिया को और अधिक सुचारू बनाने के लिए 'इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड ( बिल 2025' में संशोधनों को मंजूरी दी गई है। यह बदलाव सेलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर किया गया है।कंपनियों के कामकाज को बेहतर बनाने के उद्देश्य से 'कॉरपोरेट कानून संशोधन विधेयक' को भी हरी झंडी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### मुंबई में डेंटिस्ट छात्रा ने किया सुसाइड




**मुंबई।** यहां दंत चिकित्सा की छात्रा स्तुति सोनेवाल ने कथित तौर पर अपने बॉयफ्रेंड द्वारा मानसिक उत्पीड़न के कारण आत्महत्या कर ली। उसके सुसाइड नोट में बॉयफ्रेंड द्वारा बेवफाई के शक और चरित्र पर सवाल उठाने का जिक्र है। 24 वर्षीय परास्नातक छात्रा स्तुति ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

### 590 करोड़ का घोटाला बैंक अधिकारी रिमांड पर



**पंचकूला।** हरियाणा के सरकारी विभागों के बैंक खातों में 590 करोड़ के घोटाले में 4 बैंक अफसरोंको कोर्ट ने 2को एक दिन के रिमांड पर और 2को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा। अनुज कौशल ने एचएसएसपीपी, हरियाणा स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, हरियाणा रूरल डेवलपमेंट फंड एडमिनिस्ट्रेशन में गलती की थी।

### केदारनाथ, बदरीनाथ में गैर हिंदुओ की एंट्री बैन



**उत्तराखंड।** यहां बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति की बजट बैठक में अहम फैसला लिया गया है। बैठक में बदरीनाथ और केदारनाथ में गैर-सनातनियों के प्रवेश पर रोक लगाने का अहम निर्णय लिया है। आगामी यात्रा सत्र 2026-27 के लिए 121 करोड़ 7 लाख का बजट पारित किया गया है। बदरीनाथ के लिए 57 करोड़ आवंटित किए हैं।

### जयपुर के 10 शहरों को बम से उड़ाने की धमकी



**जयपुर।** राजस्थान के 10 से अधिक जिलों में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब कई सरकारी दफ्तरों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। कहीं पासपोर्ट ऑफिस तो कहीं पोस्ट ऑफिस को भेजे गए धमकी भरे ईमेल से पुलिस प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गईं। सुरक्षा बढ़ाई गई।

## बिरला को हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा में बोले गृहमंत्री शाह

# स्पीकर का कार्यालय और पद कभी खाली नहीं रहता, मैंने इतना गैर-जिम्मेदार विपक्ष नहीं देखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में बजट सत्र के दूसरे हिस्से के दूसरे दिन लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिला। करीब 40 सालों में किसी स्पीकर के खिलाफ ये पहला अविश्वास प्रस्ताव है। हालांकि नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंसके पास बहुमत होने के कारण यह प्रस्ताव केवल विरोध तक ही सीमित रहा।

**शाह ने विपक्ष को दिया करारा जवाब**

कांग्रेस सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने बिरला को हटाने का प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिरला सदन के सभी वर्गों का विश्वास जीतने के लिए जरूरी निष्पक्षता बनाए रखने में नाकाम रहे हैं। शाह ने गौरव गोगोई को टोका और कहा कि सदन जब चुनाव में जाता है तब भी स्पीकर का ऑफिस चालू रहता है। यह पद खाली नहीं रहता है। गोगोई जो गलत मतलब निकाल रहे हैं मैं उसका खंडन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। शाह ने कहा कि मैं सहमत हूं कि रिजिजू ने संसदीय कार्य मंत्री के तौर पर सबसे ज्यादा बाधा डाली है, लेकिन हमने इतना गैर-जिम्मेदार विपक्ष भी कभी नहीं देखा। शाह ने विपक्ष पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सरकार का बचाव किया।

### कांग्रेस सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने बिरला को हटाने का प्रस्ताव दिया



**रिजिजू का विपक्ष पर पलटवार**

### कुछ लोग खुद को संविधान के ऊपर समझ रहे



विपक्ष के सवालों पर पलटवार करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि पुरानी संसद में एक बार हम लोग 'अफजल गुरू को फांसी देना है' का नारा लगाते हुए बीच में चले गए थे। उस वक्त हमारे नेता प्रतिपक्ष लाल कृष्ण आडवाणी ने हमें बहुत डांटा था और अपनी जगह से प्रोटेस्ट करने को कहा था।आज तो सभी लोग प्रधानमंत्री के आगे आ जाते हैं। रिजिजू ने कहा कि कुछ लोग खुद को संविधान के ऊपर समझते हैं। खुद को ज्यादा ज्ञानी समझते हैं। राहुल गांधी ने कहा था कि मुझे इस सदन में बोलने नहीं दिया जाता। सदन में बोलने के लिए स्पीकर की परमिशन की जरूरत है।

**ललन की विपक्ष को फटकार**

### हाई एंटीबॉयोटिक दिया जाएगा...



स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री और जेडीयू सांसद ललन सिंह ने विपक्ष के हंगामे के बीच न केवल कड़े शब्दों का इस्तेमाल किया, बल्कि इलाज और दवा जैसे जुमलों से विपक्षी बेंचों को सन्न कर दिया। सिंह अपने पुराने अंदाज में नजर आए। उन्होंने विपक्षी सांसदों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि बैठिए न, आपको बता देंगे! पता है न, आपका इलाज हो चुका है। डॉक्टर ने आपकी बीमारी पकड़ ली है और अब आपको दवा दी जाएगी।

**गोगोई अविश्वास प्रस्ताव पर बोले**

### व्यक्तिगत हमला नहीं, यह सदन की मर्यादा बचाने के लिए संकल्प



*कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि विपक्ष को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर होना पड़ा, ताकि संविधान और संसदीय सदन की गरिमा को सुरक्षित रखा जा सके। गोगोई ने बिरला पर पक्षपातपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाते हुए कहा कि संसद में विपक्ष के नेता को अपने विचार रखने की अनुमति नहीं दी जा रही। गोगोई ने बताया कि फरवरी में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान विपक्ष के नेता को लगभग 20 बार रोका गया। स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया और जब वह महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात करने की कोशिश कर रहे थे, तो लगातार बाधा डाली गई। गोवोई ने उदाहरण देते हुए बताया कि राहुल गांधी ने पूर्व सेना प्रमुख एम.एम. नरवाने की अप्रकाशित किताब में उठाए गए राजनीतिक हस्तक्षेप और देश की नीति संबंधी मुद्दों पर बात करना चाहा, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली।*

#### स्पीकर का व्यवहार विपक्ष के प्रति पक्षपातपूर्ण

*गोगोई ने बताया कि त्रुटिपूर्ण रूप से पक्षपातपूर्ण व्यवहार के कारण विपक्ष को यह कदम उठाना पड़ा। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के नबाम रेबिया बनाम डिप्टी स्पीकर के उदाहरण का हवाला देते हुए कहा कि स्पीकर को हमेशा उच्च स्तर की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और अपराजेय निष्पक्षता के साथ कार्य करना चाहिए।*

#### जो भी आसन पर होगा उसे अध्यक्ष की तरह अधिकार होगा: दुबे



*भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि जो भी आसन पर होगा उसे अध्यक्ष की तरह अधिकार होगा। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सदन के नियम के तहत जिन्हें पीठासीन सभापति नियुक्त किया गया है उन्हें सदन के संचालन का पूरा अधिकार है।*

#### पाल की अध्यक्षता पर सरकार का समर्थन

*जगदंबिका पाल की अध्यक्षता को सरकार का समर्थन मिला है। रिजिजू ने कहा कि जब हटाने का प्रस्ताव पेश किया जाता है, तो पैनल का कोई सदस्य सदन की अध्यक्षता कर सकता है।*

## चावल का उत्पादन रिकॉर्ड 1239.28 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान और चावल का करीब 67.20 लाख मीट्रिक टन

# खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 1741.44 लाख मीट्रिक टन और रबी उत्पादन 1745.13 लाख मी. टन का अनुमान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए मुख्य कृषि फसलों (केवल खरीफ एवं रबी) के उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान जारी कर दिए गए हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि कृषि क्षेत्र की निरंतर प्रगति हो रही है। मंत्रालय के अनुसार कृषि फसलों के उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान हेतु राज्यों से प्राप्त फसलों के क्षेत्रफल को रिमोट सेंसिंग, साप्ताहिक फसल मौसम निगरानी समूह और अन्य एजेंसियों से प्राप्त जानकारी के साथ सत्यापित किया गया है। उपज अनुमान फसल कटाई प्रयोगों , पिछले प्रवृत्तियों और अन्य सहयोगी कारकों पर आधारित हैं। दूसरे अग्रिम अनुमान में खरीफ एवं रबी मौसम शामिल होते हैं।

मंत्रालय का कहना है कि इस बार खाद्यान्न उत्पादन का परिदृश्य बहुत मज़बूत और रिकॉर्ड स्तर का दिखाई दे रहा है। वर्ष 2025-26 के दूसरे अग्रिम अनुमानों के अनुसार खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 1741.44 लाख मीट्रिक टन और रबी खाद्यान्न उत्पादन 1745.13 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। यह पिछले वर्ष के खरीफ खाद्यान्न उत्पादन 1694.60 लाख मीट्रिक टन और रबी खाद्यान्न 1691.66 लाख मीट्रिक टन की तुलना में क्रमशः लगभग 46 एलएमटी (2.8%) एवं 53 एलएमटी (3.2%) अधिक है। खरीफ चावल का उत्पादन रिकॉर्ड 1239.28 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान है जो 2024-25 के 1227.72 लाख मीट्रिक टन की तुलना में, 11.56 लाख मीट्रिक टन की वृद्धि दर्शाता है। रबी चावल का उत्पादन 167.20 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। गेहूं का उत्पादन रिकॉर्ड 1202.10 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है, जो पिछले वर्ष के 1179.45 लाख मीट्रिक टन उत्पादन की तुलना में 22.65 लाख मीट्रिक टन अधिक है। श्री अन्न का उत्पादन 123.43 लाख मीट्रिक टन और श्री अन्न (रबी) का उत्पादन 30.98 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। खरीफ मक्का का उत्पादन रिकॉर्ड 302.47 लाख मीट्रिक टन और रबी मक्का का उत्पादन रिकॉर्ड 159.03 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है, फलस्वरूप पोषक/मोटे अनाजों में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। पोषक/मोटे अनाज (खरीफ) का उत्पादन 425.89 लाख मीट्रिक टन और पोषक/मोटे अनाज (रबी) का उत्पादन 213.41 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान है। तुअर एवं चने का उत्पादन क्रमशः 34.55 लाख मीट्रिक टन एवं 117.92 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान है एवं मसूर का उत्पादन 17.33 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है।खरीफ एवं रबी मूंगफली का उत्पादन क्रमशः 112.94 लाख मीट्रिक टन एवं 7.97 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। खरीफ मूंगफली का उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में 8.82 लाख मीट्रिक टन अधिक है। सोयाबीन का उत्पादन 127.20 लाख मीट्रिक टन एवं रेपसीड और सरसों का उत्पादन 133.31 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान है।

## कार्बन क्रेडिट नीति पर किसानों ने जताई नाराजगी, समीक्षा की उठाई मांग

### बेंगलुरू में आयोजित दो दिवसीय बैठक, देशभर से जुटे किसानों ने की चर्चा

# किसानों की जमीन कंपनियों के सुपुर्द करने का सुनियोजित प्लान तैयार हो रहा : टिकैत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश के विभिन्न राज्यों से आए किसान नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों ने बेंगलुरु में 2 दिवसीय राष्ट्रीय बैठक में कार्बन क्रेडिट नीति, जलवायु परिवर्तन और उससे जुड़े नए कानूनों पर गंभीर चर्चा की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मौजूदा कार्बन क्रेडिट नीति में कई ऐसी कमियां हैं, जिनका आने वाले समय में सबसे अधिक नुकसान किसानों और कृषि क्षेत्र को उठाना पड़ सकता है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत और हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने इस योजना को पूंजीपतियों के हित में और किसानों की जमीन कंपनियों के सुपुर्द करने का सुनियोजित प्लान बताया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के नाम पर बनाए जा रहे कई नियम और नीतियां उद्योगों और बड़ी कंपनियों को बचाने के लिए तैयार किए जा रहे हैं, जबकि किसानों की भूमिका और हितों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जा रहा। यदि इन नीतियों में सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में किसान अपनी जमीन, खेती के अधिकार और प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण खो सकते हैं। कई वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कंपनियों को पर्यावरणीय नियमों से राहत देने और उनके उत्सर्जन को संतुलित दिखाने के लिए कार्बन क्रेडिट का उपयोग किया जा रहा है।किसानों की आय बढ़ाने पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा। यदि कार्बन क्रेडिट नीति को सही तरीके से लागू किया जाए, तो इससे किसानों को अतिरिक्त आय मिल सकती है। नीति में पारदर्शिता, स्पष्ट नियम और किसानों के हितों की कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। हरियाणा से प्रदेश अध्यक्ष, महाराष्ट्र से स्टेट प्रेसिडेंट, कर्नाटक के युवा किसान नेता मंजू किरण तथा राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों से आए किसान नेताओं और बुद्धिजीवियों ने अपने विचार रखे।किसान नेताओं और बुद्धिजीवियों ने सरकार से मांग की कि कार्बन क्रेडिट नीति और जलवायु परिवर्तन से जुड़े कानूनों की व्यापक समीक्षा की जाए और किसानों के अधिकारों की स्पष्ट सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।यदि किसानों की चिंताओं को नजरअंदाज किया, तो किसान आंदोलन को मजबूर होंगे।

## सैलजा ने सिरसा-फतेहाबाद में आईआईटी की मांग संसद में उठाई

# यहां आईआईटी स्थापित करना क्षेत्र के विकास और युवाओं के लिए बेहतर अवसर में अहम कदम होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने लोकसभा में सिरसा और फतेहाबाद जैसे शैक्षणिक रूप से पिछड़े जिलों में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) स्थापित करने की मांग उठाई। सैलजा ने केंद्र से पूछा कि क्या देश में नए आईआईटी स्थापित करने का प्रस्ताव है और क्या सिरसा, फतेहाबाद, हिसार और जींद जैसे शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े जिलों में ऐसे संस्थानों की स्थापना को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि इन जिलों में पर्याप्त मात्रा में भूमि उपलब्ध है, इसलिए यहां आईआईटी स्थापित करना क्षेत्र के विकास और युवाओं के लिए बेहतर अवसर प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।


इस के उत्तर में शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने बताया कि वर्तमान में देश में 23 आईआईटी संचालित हो रहे हैं। हरियाणा में पहले से ही आईआईटी कुरुक्षेत्र, आईआईआईटी सोनीपत तथा हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित किए जा चुके हैं। राज्य मंत्री ने भी बताया कि आईआईटी दिल्ली का एक विस्तार परिसर हरियाणा के सोनीपत में राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में स्थापित किया गया है, जो उन्नत शोध, नवाचार और उद्योग सहयोग का केंद्र है। सैलजा ने सरकार द्वारा इस मुद्दे पर स्पष्ट जवाब न देने पर आपत्ति भी जताई और कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े जिलों को प्राथमिकता देते हुए वहां उच्च तकनीकी शिक्षा संस्थान स्थापित किए जाने चाहिए। यदि सिरसा और फतेहाबाद जैसे क्षेत्रों में आईआईटी स्थापित किया जाता है तो इससे उच्च तकनीकी शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे। क्षेत्र के समग्र विकास को भी नई गति मिलेगी।

**पोस्ट बजट वेबिनार में चर्चा**

## केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री वैष्णव ने कहा

# स्कूलों और कॉलेजों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित करने की योजना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने पोस्ट-बजट वेबिनार के तहत 'सबका साथ, सबका विकास – लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति: शिक्षा, कौशल और विश्वविद्यालय टाउनशिप' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूलों और कॉलेजों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब पर एक ब्रेकआउट सत्र आयोजित किया। इस सत्र में केंद्रीय बजट में घोषित योजना के तहत देश के 15,000 माध्यमिक स्कूलों और 500 उच्च शिक्षण संस्थानों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब स्थापित करने की रूपरेखा पर चर्चा की। वेबिनार श्रृंखला का उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया। उन्होंने कहा कि भारत एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स क्षेत्र को नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था के अहम स्तंभ के रूप में आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों से उद्योग के साथ सहयोग और शोध आधारित शिक्षा को मजबूत करने का आह्वान किया।

### रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना की

*वैष्णव ने कहा कि सरकार ने भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना की है, जो आईआईटी, आईआईएम और एम्स जैसे प्रमुख संस्थानों की तर्ज पर विकसित किया गया है। इस संस्थान में विश्व स्तर की आधुनिक प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं, जो रचनात्मक, मीडिया और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में युवाओं को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करेंगी। दूरदर्शन ने' क्रिएटर्स कॉर्नर' शुरू किया है, जिससे कंटेंट क्रिएटर्स को अपनी सामग्री प्रदर्शित करने, आय अर्जित करने और देश-विदेश के दर्शकों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा।*

## अफसरों ने अब तक 10.16 लाख आपत्तियों और दावों पर सुनवाई की

# न्यायिक अधिकारियों के काम में बाधा बर्दाश्त नहीं करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार और चुनाव आयोग से कहा है कि न्यायिक अधिकारियों को अपना काम सुचारू रूप से करने के लिए उचित और निर्बाध परिस्थितियां उपलब्ध कराई जाएं।तीन जजों की पीठ, जिसमें मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस आर. महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्या बागची शामिल थे, ने कहा कि एसआईआर में तैनात न्यायिक अधिकारियों ने अब तक मतदाता सूची से हटाए जाने के खतरे का सामना कर रहे लोगों की 10.16 लाख आपत्तियों और दावों पर सुनवाई की है।

### सुप्रीम कोर्ट का ममता सरकार, ईसी को निर्देश



#### कोई भी नया अनिवार्य कदम तब तक लागू न किया जाए

कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि एसआईआर में कोई भी नया अनिवार्य कदम तब तक लागू न किया जाए, जब तक उसे कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की मंजूरी न मिल जाए। आयोग के पोर्टल में आने वाली तकनीकी दिक्कतों को तुरंत दूर किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि आगे ऐसी समस्याएं न हों। न्यायिक अधिकारियों के लिए नए लॉग-इन आईडी जल्द बनाए जाएं। फैसलों की समीक्षा आयोग के प्रशासनिक अधिकारी न करें।

**पिटीशनर पर भड़के सीजेआई**

### मैं कोर्ट में ही इंग्लिश एग्जाम अरेंज करूंगा, 30 मार्क्स आए तो इसे देखूंगा

*एक मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत ने की। सीजेआई सूर्यकांत याचिकाकर्ता पर भड़क गए और कोर्ट में ही अंग्रेजी का एग्जाम अरेंज करने की बात कही और साथ ही यह भी कहा कि अगर 30 नंबर आते हैं तो इसे देखूंगा। सुनवाई के अंत में सीजेआई ने कहा कि हम ऐसी फालतू पिटीशन के लिए लगातार जांच का आदेश नहीं देते हैं, साथ ही सख्त चेतावनी देते हैं कि भविष्य में ऐसी पिटीशन फाइल न करें।*

**सीईसी ने किया साफ**

### किसी भी पात्र मतदाता का नाम नहीं हटेगा, चुनाव शांतिपूर्ण होंगे



*बंगाल चुनाव से पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कोलकाता में 24 केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इस दौरान मसीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा कि पश्चिम बंगाल में किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग की प्राथमिकता राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करना है।संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य बंगाल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करना है।*

## खबर संक्षेप



### गेहूं का उत्पादन 12.02 करोड़ टन रहने का अनुमान

**नई दिल्ली।** फसल वर्ष 2025-26 में भारत का गेहूं उत्पादन रिकॉर्ड 12 करोड़ 2.1 लाख टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष के 11 करोड़ 79.4 लाख टन से दो प्रतिशत अधिक है। कृषि मंत्रालय ने कहा गेहूं की कटाई शुरू हो गई है और उम्मीद है कि आने वाले सप्ताहों में प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में इसमें तेज़ी आएगी। कृषि मंत्रालय ने अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में बताया कि कुल रबी फसल उत्पादन वर्ष 2025-26 में 3.16 प्रतिशत बढ़कर 17 करोड़ 45.1 लाख टन होने का अनुमान है।

### मजबूत हाजिर मांग से जस्ता वायदा कीमतों में तेजी



**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार की मांग में तेजी आने के बीच वायदा कारोबार में मंगलवार को जस्ता की कीमत एक रुपये की मामूली तेजी के साथ 328.60 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल माह की डिलिवरी वाले अनुबंध के लिए जस्ता का भाव एक रुपये या 0.31 प्रतिशत की तेजी के साथ 328.60 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसमें 771 लॉट के लिए कारोबार हुए। हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की मांग बढ़ने के कारण जस्ता कीमतों में तेजी आई।


# ओला, उबर और भारत टैक्सी के बाद अब आने वाला है 'नेमभारत' राइड हेलिंग ऐप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का राइड बुकिंग बाजार काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। ओला, उबर और रैपिडो जैसी कंपनियों को टक्कर देने के लिए सरकार ने हाल ही में भारत टैक्सी नामक एक नया ऐप लॉन्च किया है। इस बीच अब बाजार में एक और राइड हेलिंग ऐप जल्द लॉन्च किया जा सकता है। वर्ल्ड इकोनॉमिक मोबिलिटी लिमिटेड ने 'नेमभारत' नाम से नई सेवा शुरू करने की घोषणा की है, लेकिन इसकी लॉन्च तारीख अभी तय नहीं बताई गई है। नेमभारत कैब और ऑटो-रिक्शा जैसे अलग-अलग साधनों को एक साथ जोड़ने की योजना बना रहा है, जिससे लोगों को बेहतर सुविधा मिले।

### क्या होगी नेमभारत की खासियत

नेमभारत को प्रीपेड और कैशलेस राइड बुकिंग प्लेटफॉर्म के रूप में पेश किया जा रहा है। कंपनी का दावा है कि इस ऐप पर सर्ज प्राइसिंग नहीं होगी और किराया पहले से तय रहेगा। यह सेवा ड्राइवरों से किसी तरह का कमीशन या सब्सक्रिप्शन शुल्क नहीं लेने का वादा करती है। कंपनी का कहना है कि यह मॉडल मौजूदा राइड बुकिंग सेक्टर से जुड़ी कई पुरानी शिकायतों को दूर करने की कोशिश करेगा।




### ड्राइवर और यात्रियों को क्या होगा फायदा?

कंपनी के मुताबिक, इस प्लेटफॉर्म से जुड़ने वाले ड्राइवर अपनी हर राइड की पूरी कमाई अपने पास रख सकेंगे और किसी तरह का कमीशन नहीं देना होगा। इससे उनकी आय में स्थिरता आने और कमाई बढ़ने की उम्मीद है। वहीं यात्रियों को बिना सर्ज प्राइसिंग के पहले से तय और पारदर्शी किराए पर सफर करने का लाभ मिलेगा।

### बारिश या पीक ऑवर्स में नहीं बढ़ेगा किराया

वहीं, यात्रियों के लिए भी कंपनी ने सर्ज प्राइसिंग खत्म करने का वादा किया है यानी पीक ऑवर्स या बारिश जैसे समय में किराया अचानक बहुत ज्यादा नहीं बढ़ेगा. यह सेवा प्रीपेड और कैशलेस दोनों सिस्टम पर लागू होगी। नेमभारत का दावा है कि वह एक राष्ट्रीय परिवहन नेटवर्क बनाने की दिशा में काम कर रही है। हालांकि अभी यह साफ नहीं किया गया है कि यह सेवा किन शहरों में पहले शुरू होगी।

### ऑटो सहित कई ट्रांसपोर्ट ऑप्शन भी रहेंगे

नेमभारत सिर्फ कैब तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें ऑटो-रिक्शा जैसे अन्य परिवहन साधनों को भी जोड़ा जाएगा। कंपनी का कहना है कि उसका सिस्टम कंज्यूमर संरक्षण के नियमों के मुताबिक होगा और सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी के दिशा-निर्देशों का पालन करेगा। साथ ही सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी जाएगी।

## निफ्टी का 24 हजार से ऊपर रहना शुभ संकेत, अब 25,000 के लक्ष्य पर निगाहें

# शेयर बाजार में लौटी बहार: निवेशकों की चांदी सेंसेक्स और निफ्टी ने लगाई जबरदस्त छलांग

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को निवेशकों की चांदी रही। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही प्रमुख सूचकांक भारी बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 639.82 अंक उछलकर 78,205.98 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं, निफ्टी ने भी 233.55 अंकों की तेजी दर्ज की और 24,261.60 पर क्लोजिंग दी। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और ग्लोबल मार्केट से मिले अच्छे संकेतों ने बाजार में जोश भर दिया। मिडकैप शेयरों में भी आज पूरे दिन उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। निफ्टी मिडकैप 50 मार्केट बंद होने तक 256 अंक के बढ़त के साथ 16,262.25 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों का मानना है कि निफ्टी का 24,000 के ऊपर रहना एक बहुत ही शुभ संकेत है। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, अगर निफ्टी 24,370 के स्तर को पार कर लेता है, तो जल्द ही 25,000 का लक्ष्य दिख सकता है।

**कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और ग्लोबल मार्केट से मिले अच्छे संकेत**

### कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट

बाजार में तेजी का सबसे प्रमुख कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल का सस्ता होना रहा। ब्रेंट क्रूड करीब 5% गिरकर 93.83 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। दरअसल, व्लादिमीर पुतिन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई बातचीत के बाद सप्लाई की चिंताएं कम हुई हैं। तेल की कीमतों में आई इस नरमी से भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ी राहत मिली है। इससे महंगाई कम होने की उम्मीद जगी है और निवेशकों का भरोसा काफी बढ़ा है।



### एशियाई और अमेरिकी बाजारों में हरियाली

वैश्विक बाजारों से मिलने वाले संकेतों ने भी भारतीय बुल्स की मदद की। दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 5% तक चढ़ गया, जो एक बड़ी रिकवरी है। जापान का निक्केई और चीन के बाजारों में भी खरीदारी का माहौल रहा। पिछले सत्र में अमेरिकी बाजारों की मजबूती ने भारतीय निवेशकों को खरीदारी के लिए प्रेरित किया।

### इंडिया वीआईएक्स में गिरावट से डर हुआ कम

शेयर बाजार में अस्थिरता और डर को मापने वाला 'इंडिया वीआईएक्स इंडेक्स 12% तक गिर गया। यह अब 20.48 के स्तर पर आ गया है, जो काफी राहत की बात है। वीआईएक्स में गिरावट का सीधा मतलब है कि अब निवेशकों के मन में अनिश्चितता कम हो रही है। लोग अब बाजार में जोखिम लेने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। इससे आने वाले दिनों में और अधिक स्थिरता देखने को मिल सकती है।

### रुपए में सुधार और भविष्य की राह

तेल सस्ता होने का सीधा लाभ भारतीय रुपये को भी मिला है। रुपया डॉलर के मुकाबले मजबूत होकर 92.14 के करीब पहुंच गया। हालांकि, विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने रुपये की इस रफ्तार को थोड़ा नियंत्रित रखा। एशियाई बाजारों की इस रैली ने घरेलू बाजार में भी निवेशकों का सेंटीमेंट स कारात्मक बनाए रखा।

### ये शेयर रहे टॉप गेनर्स और लूजर्स

टॉप गेनर्स में आज डिक्सन टेक्नोलॉजी, श्रीराम फाइनेंस और ग्लेनमार्क ने क्रमशः 11.26 फीसदी, 7.67 फीसदी और 5.11 फीसदी की बढ़त के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। पावर फाइनेंस और पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस के शेयरों में भी क्रमशः 4.93 फीसदी और 4.74 फीसदी की बढ़त दर्ज हुई। पॉलीकैब, केईआई इंडस्ट्रीज, कोफोर्ज, सोलर इंडस्ट्रीज और बीपीसीएल क्रमशः 6.14 फीसदी, 5.27 फीसदी, 5.21 फीसदी, 1.72 फीसदी और 1.59 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहे।

# रेज़ोनेंस और नेवी वेलफेयर एंड वेलनेस एसो. के बीच समझौता



**कोटा।** देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान रेज़ोनेंस, कोटा और भारतीय नौसेना की नेवी वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसिएशनके बीच एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक सहयोग समझौता संपन्न हुआ है। इस समझौते के अंतर्गत रेज़ोनेंस द्वारा भारतीय नौसेना के कर्मचारियों के बच्चों को जेईई एवं नीट की कोचिंग में 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर नेवी वेलफेयर एंड वेलनेस एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती शशि त्रिपाठी ने समझौते पर हस्ताक्षर कर इस पहल को औपचारिक रूप दिया। कार्यक्रम में कमोडोर एस. एम. उरूज अथर (नेवल एजुकेशन) की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। रेज़ोनेंस के एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट एवं केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष श्री शिव प्रताप रघुवंशी ने बताया कि देश की सुरक्षा में समर्पित सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विभिन्न सामाजिक वर्गों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे जेईई एवं नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर अपने सपनों को साकार कर सकें।




### भारत एक स्थिर और भरोसेमंद एआई भागीदार : सुब्रमणियन

**तंजावुर।** टाटा कम्युनिकेशंस और टाटा एलेक्सी के चेयरमैन एन.जी. सुब्रमणियन (एनजीएस) ने कहा, भारत वैश्विक एआई इकोसिस्टम में भू-राजनीतिक रूप से स्थिर और भरोसेमंद भागीदार है और एआई से जुड़े सही डिजिटल उपकरणों का उपयोग करने की इसकी क्षमता निर्णायक साबित होगी। तंजावुर स्थित सस्त्रा विश्वविद्यालय में आयोजित सस्त्रा पैक्ट फॉर इम्पैक्ट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, उन्होंने एआई के बढ़ते अवसरों का लाभ उठाने और स्वदेशी रूप से क्षमता और लचीलापन विकसित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न संगठनों के साथ सहयोग करने के लिए सस्त्रा की सराहना की। एनजीएस ने एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने के बजाय उन्हें सिखाने की आवश्यकता पर भी बल दिया और धार्मिक एआई की आवश्यकता पर जोर दिया। सस्त्रा ने जोहो कॉर्पोरेशन, सिटी यूनियन बैंक और सेंटिफिक इंक. के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।

ऊपर वाले से मिला वरदान
मेरे पास है हर समाधान
करो प्रेमिका / पति मुट्ठी में
जो व्यक्ति वास्तव में परेशान है, वो ही फोन करें।
गुरू कबीर जी रजि.
की जुबान पत्थर की लकीर है।
आपकी हर समस्या का समाधान
जैसे:- शादी, कारोबार, पढ़ाई में रुकावट, सास बहु, मिया बीवी में अनबन, सौतन, दुश्मन नाश, ग्रह क्लेश, बेटा / बेटी / पति - पत्नी किसी के वश में कहना न मानता हो, पशु, फसल में नुकसान, कोर्ट-कचहरी मुकदमा जैसी सभी समस्याओं का गारन्टीड समाधान। पाँच मिनट में समाधान
एक फोन करो समाधान पाओ
9711428545
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मनचाहा प्यार

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### वी 5जी अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में हुआ लाईव

**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज अमृतसर के प्रतिष्ठित स्वर्ण मंदिर में 5जी सेवाओं के लॉन्च के साथ पंजाब में अपने 5जी फुटप्रिन्ट को और बढ़ा लिया है। यह शुरूआत एक ऐसे स्थान पर हाई-स्पीड कनेक्टिविटी को सहज बनाने के लिए की गई है, जहां रोजाना 1.5 लाख से अधिक श्रद्धालु और आगंतुक आते हैं। अमृतसर का स्वर्ण मंदिर दुनिया के ऐसे धार्मिक स्थलों में से एक है, जहां सबसे ज़्यादा श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, साथ ही इसे दुनिया की सबसे बड़ी कम्युनिटी किचन यानि लंगर सेवा के लिए भी जाना जाता है। ऐसे में भीड़-भाड़ भरे इस क्षेत्र में डेटा की मांग बहुत अधिक रहती है। इस अवसर पर राहुल जोशी, सर्कल बिज़नेस हैड- पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू एवं कश्मीर, वोडाफोन आइडिया ने कहा, स्वर्ण मंदिर में हमारी सेवाओं का 5जी विस्तार पंजाब में हमारी विस्तार यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# वाणिज्यिक सिलेंडरों की किल्लत पर पेट्रोलियम मंत्रालय ने समिति बनाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडरों की अचानक किल्लत होने से होटल और रेस्तरां उद्योग में चिंता बढ़ने के बाद पेट्रोलियम मंत्रालय ने आपूर्ति से जुड़े मुद्दों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की है। मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि रेस्तरां, होटलों और अन्य उद्योगों को एलपीजी आपूर्ति से संबंधित मांगों की समीक्षा के लिए तेल विपणन कंपनियों के तीन कार्यकारी निदेशकों की एक समिति बनाई गई है। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण ईंधन आपूर्ति श्रंखला पर बड़ा असर पड़ा है। ऐसे हालात में सरकार ने घरेलू रसोई गैस



की आपूर्ति को प्राथमिकता दी है, जिससे बाजार मूल्य वाले वाणिज्यिक एलपीजी का उपयोग करने वाले होटल एवं रेस्तरां को आपूर्ति संकट का सामना करना पड़ रहा है। सरकार इस समय वैकल्पिक आपूर्ति स्रोत की तलाश कर रही है, लेकिन सीमित उपलब्धता के कारण घरेलू क्षेत्र को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे वाणिज्यिक प्रतिष्ठान प्रभावित हो रहे हैं।

### वॉलमार्ट ने इंडिया ग्रोथ समिट 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू किया

**हिसार।** वॉलमार्ट ने इंडिया ग्रोथ समिट 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। यह सम्मेलन भारतीय कंपनियों को घरेलू एवं वैश्विक स्तर पर विस्तार करने में सक्षम बनाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। 7 मई, 2026 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में सम्मेलन के दूसरे संस्करण का आयोजन होगा, जिसमें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड्स, डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डी2सी) सेलर्स और इनोवेटिव सप्लाई चेन कंपनियां एक मंच पर आएंगी और वॉलमार्ट के साथ मिलकर वैश्विक व्यापार में अपने लिए नए अवसर तलाशेंगी। वॉलमार्ट मार्केटप्लेस से जुड़ने और अंतरराष्ट्रीय ई-कॉमर्स में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की इच्छा रखने वाली भारतीय कंपनियां 23 अप्रैल, 2026 तक रजिस्ट्रेशन करा सकेंगी। इसका उद्देश्य होम टेक्सटाइल्स, कंज्यूमेबल्स, हेल्थ एवं वेलनेस, फूड, जनरल मर्चेंडाइज, ज्वेलरी, अपैरल, जूते खिलौने एवं स्टेशनरी जैसी प्रमुख कैटेगरी में निर्यात को बढ़ावा देना है।

### पश्चिम बंगाल व झारखंड के 5 जिलों को कवर करने वाली दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की आर्थिक मामलों की समिति ने आज रेल मंत्रालय की लगभग 4,474 करोड़ रुपये की दो परियोजनाओं को मंजूरी दी। इन परियोजनाओं में सैंथिया-पाकुर चौथी लाइन व संतरागाछी-खड़गपुर चौथी लाइन शामिल हैं। पश्चिम बंगाल और झारखंड राज्यों के 5 जिलों को कवर करने वाली 2 परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 192 किलोमीटर तक बढ़ाएंगी। स्वीकृत बहु-ट्रैकिंग परियोजना लगभग 5,652 गांवों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी, जिनकी आबादी लगभग 147 लाख है। प्रस्तावित क्षमता वृद्धि से देश भर के कई प्रमुख पर्यटन स्थलों, जैसे बोलपुर-शांतिनिकेतन, नंदिकेश्वरी मंदिर (शक्तिपीठ), तारापीठ (शक्तिपीठ), पटाचित्र ग्राम, धडिका वन, भीमबंध वन्यजीव अभ्यारण्य, रामेश्वर कुंड आदि के लिए रेल संपर्क में सुधार होगा। स्वीकृत परियोजनाएं कोयला, पत्थर, डोलोमाइट, सीमेंट, स्लैग, जिप्सम, लोहा और इस्पात, खाद्यान्न, पीओएल, कंटेनर आदि जैसी वस्तुओं के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग हैं। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप प्रति वर्ष 31 मिलियन टन माल ढुलाई की अतिरिक्त क्षमता प्राप्त होगी।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में असम को मिल रही नई रेल शक्ति, हर कोने को जोड़कर पूर्वोत्तर को सशक्त बनाने का संकल्प



**मालीगांव।** दशकों तक असम सहित पूर्वोत्तर भारत में रेलवे की कहानी, सीमित कनेक्टिविटी और धीमी प्रगति बयां करती थी। कठिन भौगोलिक परिस्थितियां, सीमित निवेश और अधूरी परियोजनाएं इस क्षेत्र के विकास में बाधा बनती रहीं। हालांकि अब यह स्थिति बदल चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में असम और पूरा पूर्वोत्तर आज भारत की रेल क्रांति के केंद्र में है, जहाँ आधुनिक कनेक्टिविटी, सुरक्षा और आर्थिक अवसरों के नए द्वार खुल रहे हैं। इस परिवर्तन की सबसे स्पष्ट झलक बजट में दिखती है। 2009-14 के दौरान असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए रेलवे में औसत वार्षिक बजट आवंटन लगभग 2,122 करोड़ रुपए था, जो 2026-27 में बढ़कर 11,486 करोड़ रुपए हो गया है यानी लगभग पांच गुना वृद्धि। यह सिर्फ बजट में वृद्धि नहीं है, बल्कि इस क्षेत्र के विकास के प्रति केंद्र सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है। यह उल्लेखनीय निवेश असम और पूर्वोत्तर में व्यापक रेल परिवर्तन को गति दे रहा है। वर्तमान में 72,468 करोड़ रुपए से अधिक की रेल परियोजनाएं विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं, जिनमें नई रेल लाइनों का निर्माण, स्टेशन आधुनिकीकरण और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजीव कुमार, पुत्रः** सूरज पाल, **निवासीः** म. नं. 560, जे-ब्लॉक, शकूरपुर, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 365/2022 U/s 12/9/55 G. Act, थानाः केशवपुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजीव कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राजीव कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 365/2022 U/s 12/9/55 G. Act, थानाः केशवपुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजीव कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री संयम जैन
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–04 (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 112
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2845/NW/2026
(Court Matter)

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग–दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6161




**बाएँ से दाएँ**
1.बलवान,ताकतवर-4
3.गाल,कपोल(ऊर्दू)-4
6.अनाज, धान-2
7.अवनति-3
8.जीवन तत्व-2
10.पुलिसकर्मी-4
11.भीगा हुआ-2
13.घमंडी,अभिमानी-4
15.दर्शन-3
17.अजदहा,शयालु-4
20.वायु रोग-2
21.दोस्त,सखा-3
23.ख्वाब,स्वप्न-3
25.अपशिष्ट पदार्थ-2
26.जंगल की आग-4
29.पुत्र,लड़का-3
31.पैगंबर,महापुरुष-4
32.राय,वोट-2
34.आफिस,दफ्तर-4
35.वीज,वीर्य-2
37.घर,भवन-3
39.सप्तम-2
40.आक्रमण,हमला-4
41.बलवान,सबल-4

**ऊपर से नीचे**
1.एक छोटी डबलरोटी-2
2.धर्मेंद्र,जीनत की एक फिल्म जो हीरे की चोरी पर बनी थी-4
3.मौसम,ऋतु-2
4.खोदना-3
5.छुट्टी,अवकाश-2
6.उदास,दुखी-4
7.पंख,पराया-2
9.जहीनता-4
10.आवश्यकता-4
12.अभिमान,गरुर-2
14.अग्नि,अनल-2
16.विदा होना-3
18.कुशल-3
19.फलों का रस-2
21.संगम,मिलना-3
22.वायदा-2
24.हार,मात-4
25.स्वार्थी-4
27.दीवार (अंग्रेजी-2)
28.आदत-4
30.यमराज-2
31.उथल-पुथल-4
33.पदक-3
34.श्रवणेंद्रिय-2
36.जीत,विजय-2
38.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.पत्नी की बहन-2

**शब्द पहेली- 6160 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ना | द | र | णी | य | | प्र | क्षे | प | क |
| सं | ग | | वे | | कृ | पा | ण | | र | म |
| वै | | अ | दा | व | त | | य | हां | | जो |
| धा | रा | दा | र | | | अ | | का | त | र |
| नि | | व | | प्र | क्षा | ल | न | | म | |
| क | म | त | र | ता | | सा | ग | र | गा | मी |
| | लि | | स | र | मा | या | | द | | न |
| बे | का | बू | | णा | | | व | न | वा | सी |
| क | | आ | स | | अ | द | र | क | | लै |
| द | म | | ब | हा | र | | दा | | ता | व |
| र | सा | त | ल | | ज | ही | न | कु | श | ल |





## इगा ने मारिया को 6-3, 6-2 से शिकस्त देकर चौथे दौर में बनाई जगह

# इंडियन वेल्स में लगातार छठी बार राउंड ऑफ 16 में पहुंची स्वियातेक, बनीं पहली महिला खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया)

दो बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने 32वीं वरीयता प्राप्त मारिया साकारी को 6-3, 6-2 से शिकस्त देकर इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली है। स्वियातेक अब एग्निज्का राडवांस्का और कैरोलिना वोज्नियाकी के बाद इंडियन वेल्स में लगातार छह वर्षों तक राउंड ऑफ 16 में पहुंचने वाली पहली महिला बन गई हैं। डब्ल्यूटीए के अनुसार, साल 2009 में इस फॉर्मेट की शुरुआत के बाद से, डब्ल्यूटीए-1000 इवेंट्स में जीत प्रतिशत के मामले में (कम से कम 10 मैच) स्वियातेक (129-31, .806) केवल सेरेना विलियम्स (148-28, .841) से पीछे हैं।



### हार के बाद मीरा ने खोया आपा तोड़ा रैकेट, दर्शकों पर चिल्लाई

मौजूदा चैंपियन मीरा एंड्रीवा ने बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के तीसरे दौर में हारने के बाद अपना रैकेट कई बार पटका और फिर दर्शकों पर चिल्लाती हुई कोर्ट से बाहर चली गई। एंड्रीवा गैर वरीयता प्राप्त कैटेरीना सिनियाकोवा से 4-6, 6-7(5), 6-3 से हार गई। मैच के दौरान भी उनका व्यवहार अच्छा नहीं रहा और हारने के बाद वह अपना आपा खो बैठी। दूसरे सेट का टाईब्रेकर हारने के बाद एंड्रीवा ने अपना रैकेट फेंक दिया और फिर उसे तोड़ दिया, जो नियमों का उल्लंघन था। उन्होंने मैच प्वाइंट के बाद अपना रैकेट फिर से फेंक दिया। वह सिनियाकोवा से हाथ मिलाने के लिए नेट पर गई। इसके बाद एंड्रीवा दर्शकों की ओर इशारा करते और चिल्लाते हुए कोर्ट से बाहर चली गई। एंड्रीवा ने बाद में कहा, 'मैं अपने व्यवहार से वास्तव में खुश नहीं हूं। मैंने आखिर में जो कुछ किया उस पर मुझे गर्व नहीं है। यह ऐसी चीजें हैं जिन पर मुझे वास्तव में जल्द से जल्द काम करने की जरूरत है।'

### मारिया का शानदार प्रदर्शन

मारिया साकारी का प्रदर्शन शानदार रहा था, उन्होंने अपने सभी सर्विस गेम जीते और सभी छह ब्रेक प्वाइंट्स बचाए। स्वियातेक के खिलाफ भी उन्होंने इसी तरह शुरुआत की। पहले गेम में अपने चौथे ब्रेक प्वाइंट को भुनाया और 2-0 की बढ़त बनाने के लिए एक लंबा होल्ड किया। इसके बाद स्वियातेक ने अपने फोरहैंड की गति बढ़ाई और आखिरी सात में से छह गेम जीत लिए। दूसरा सेट भी कुछ ऐसा ही रहा, जिसमें स्वियातेक ने साकारी की सर्विस को तीन बार तोड़ा। साकारी का आखिरी बैकहैंड शॉट कोर्ट से बाहर चला गया था। टॉप 20 से बाहर रैंक वाली प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने पिछले 34 मुकाबलों में, स्वियातेक को केवल एक हार का सामना करना पड़ा था, जो पिछले महीने दोहा क्वार्टरफाइनल में साकारी के खिलाफ मिली थी।

### राउंड ऑफ 16 में पहुंचीं जेसिका

दूसरी ओर, अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन येलेना ओस्तापेंको के खिलाफ एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की और 4-6, 6-3, 6-2 से जीत दर्ज करके राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। चौथे दौर में उनका मुकाबला 12वीं वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिक से होगा। 2019 की सेमीफाइनलिस्ट बेंसिक ने एलिस मर्टेंस को 6-2, 6-3 से हराकर चौथी बार राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई है।



### कोवासेविक को हराकर जोकोविच पहुंचे चौथे दौर में

नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी खिलाड़ी अलेक्जेंडर कोवासेविक के खिलाफ 6-4, 1-6, 6-4 से जीत दर्ज करते हुए इंडियन वेल्स ओपन के चौथे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली। हालांकि, इस मुकाबले के दौरान पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 नोवाक जोकोविच को कोवासेविक ने कड़ी चुनौती जरूर दी, लेकिन जोकोविच ने दबाव में भी सूझबूझ का परिचय दिया। जोकोविच को इस हफ्ते लगातार दूसरे मैच में जीत के लिए तीन सेट तक संघर्ष करना पड़ा। टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में उन्होंने कामिल माजचर्जाक के खिलाफ भी कड़ा मुकाबला जीतकर अभियान की शुरुआत की थी। मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट्स में 113वीं बार प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचकर जोकोविच ने राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया और इस सूची में अकेले शीर्ष पर पहुंच गए। वह साल 2017 के बाद पहली बार इंडियन वेल्स के चौथे दौर में पहुंचे हैं, जहां उनका सामना मौजूदा चैंपियन जैक ड्रेपर से होगा।

---

## खबर संक्षेप



### क्वार्टर फाइनल में भिड़ेंगे मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल

लंदन। मैनचेस्टर सिटी एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में लिवरपूल की मेजबानी करेगा जबकि चेल्सी का सामना तीसरी श्रेणी की टीम पोर्ट वेल से होगा। पोर्ट वेल ने रविवार को सुंदरलैंड पर चौंकाने वाली जीत दर्ज की थी। उसे अब अंतिम आठ के मुकाबले के लिए चेल्सी का दौरा करना होगा। आर्सेनल क्वार्टर फाइनल में साउथेम्प्टन का सामना करेगा। एक अन्य क्वार्टर फाइनल में लीड्स का सामना वेस्ट हैम से होगा। वेस्ट हैम ने ब्रेंटफोर्ड को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर एक दशक में पहली बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिपः नागर ने जीते दो गोल्ड मेडल

**हैदराबाद।** पैरालंपिक चैंपियन कृष्णा नागर ने सातवीं सीनियर राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप के एसएच 6 वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक जीते। कृष्णा ने पुरुषों के एकल एसएच 6 फाइनल में सुदर्शन एमएस को 21-10, 21-19 से हराकर खिताब अपने नाम किया। कृष्णा ने इसके बाद मिश्रित एसए 6 वर्ग में नित्या सुमति सिवन के साथ मिलकर अपना दूसरा स्वर्ण पदक मेडल जीता। इस जोड़ी ने सुदर्शन एमएस और श्रेया कुमारी को 21-7, 21-11 से हराया।

### राष्ट्रीय चयन ट्रायल : पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष पर मनु

**नई दिल्ली।** ओलंपियन मनु भाकर राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (ग्रुप ए) की महिला 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में शीर्ष पर रहीं।



ट्रायल दो की विजेता संयम दूसरे स्थान पर रहीं जबकि ईशा सिंह ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया। अंतिम क्वालीफायर के रूप में फाइनल में जगह बनाने वाली मनु ने दूसरी सीरीज के अंत में बढ़त बनाई और फिर 246.1 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने संयम को 4.2 अंक से पछाड़ा जिन्होंने 241.9 अंक जुटाए।

---

सहयोगी स्टाफ के सदस्यों में वितरित किए जाएंगे 41 करोड़

# टीम इंडिया पर धनवर्षा, बीसीसीआई ने दी 131 करोड़ की पुरस्कार राशि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने तीसरी बार पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के लिए मंगलवार को 131 करोड़ रुपए के पुरस्कार की घोषणा की। यह पुरस्कार राशि 15 खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और अन्य सहयोगी स्टाफ में वितरित की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि का बड़ा हिस्सा मिलना तय है, जबकि सहयोगी स्टाफ के सदस्यों के लिए पुरस्कार राशि उनके पद के अनुसार तय की जाएगी। यह राशि 2024 में रोहित शर्मा की अगुवाई वाली चैंपियन टीम को दिए गए 125 करोड़ रुपए से छह करोड़ रुपए अधिक है।



### 15 खिलाड़ियों को मिलेंगे 6-6 करोड़ रुपए


सूत्रों के अनुसार 15 खिलाड़ियों में से प्रत्येक को छह करोड़ रुपए मिलेंगे जबकि शेष 41 करोड़ रुपए सहयोगी स्टाफ के सदस्यों में वितरित किए जाएंगे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बयान में कहा, 'बोर्ड इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और चयनकर्ताओं को एक बार फिर बधाई देता है और भविष्य में उनकी निरंतर सफलता की कामना करता है।'

### बीसीसीआई ने की कप्तान-कोच की तारीफ

बीसीसीआई के मुताबिक, कप्तान सूर्यकुमार यादव के शानदार नेतृत्व में भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में निडर और जोशीला खेल दिखाया। धमाकेदार बल्लेबाजी, अनुशासनात्मक गेंदबाजी और शानदार क्षेत्ररक्षण समेत टीम ने टी20 विश्व कप के सभी चरणों में निरंतरता बनाए रखी और सबसे मुश्किल पलों में भी अच्छा प्रदर्शन किया। बीसीसीआई ने मुख्य कोच गौतम गंभीर और पूरे सपोर्ट स्टाफ की भी उनकी लीडरशिप, प्लानिंग और तैयारी के लिए तारीफ की। बोर्ड ने पुरुष चयन समिति की भी तारीफ की।

### एएफसी महिला एशियाई कप से बाहर भारतीय टीम

**सिडनी।** खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में चीनी ताइपे से 1-3 से हारकर बाहर हो गई। भारतीय टीम को मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहने की भारी कीमत चुकानी पड़ी। मैच के बड़े हिस्से में हावी रहने और कई मौके बनाने के बावजूद भारतीय टीम को मौकों को भुनाने में नाकामी का खामियाजा भुगतना पड़ा और टीम पहली बार मेरिट के आधार पर इस बड़े टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के बाद जल्दी बाहर हो गई।



## नहीं टलेगा फुटबॉल विश्व कप स्थगित करना नहीं आसान : फीफा

एजेंसी ▶▶| डलास

फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के मुख्य संचालन अधिकारी हेइमो शिर्गी ने कहा कि यह बहुत बड़ा टूर्नामेंट है तथा अमेरिका और इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध के कारण उत्पन्न वैश्विक उथल-पुथल के चलते इसे स्थगित करना आसान नहीं होगा।

विश्व कप 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में खेला जाएगा, जिसमें पहली बार 48 देश भाग लेंगे। इनमें ईरान भी शामिल है। शिर्गी ने कहा कि फीफा ईरान युद्ध और उसके नतीजों पर करीबी नजर रखे हुआ है। शिर्गी ने कहा, 'अगर मैं भविष्यवक्ता होता मैं अभी बता सकता था कि क्या होने वाला है, लेकिन जाहिर है कि स्थिति बदल रही है।' उन्होंने कहा, 'हालात दिन-प्रतिदिन बदल रहे हैं और हम उन पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हम अपने सभी संघीय और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं। हम हर दिन के हिसाब से चल रहे हैं और किसी न किसी स्तर पर हमें इसका समाधान मिल जाएगा। विश्व कप तो होगा ही, है ना? विश्व कप बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और हम उम्मीद करते हैं कि क्वालीफाई कर चुके सभी देश इसमें भाग लेंगे।'

---

गोल्फ प्रीमियर लीग

## आज से आईजीपीएल, भुल्लर गिल, कोचर पर रहेगी नजर

एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़

मौजूदा चैंपियन गगनजीत भुल्लर 11 से 13 मार्च तक होने वाले इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) के पहले चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे, जिसमें कई अन्य शीर्ष खिलाड़ी भी भाग लेंगे।

भुल्लर ने 2025 में आईजीपीएल में खिताब जीता था और इस बार उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेगी। एशियाई टूर में 11 जीत के साथ भारत के सबसे सफल खिलाड़ी रहे भुल्लर के अलावा इस प्रतियोगिता में पुखराज सिंह गिल भी भाग लेंगे, जिन्होंने 2025 में आईजीपीएल ऑर्डर ऑफ मेरिट जीता था। इनके अलावा एशियाई टूर के स्टार करणदीप कोचर और अमन राज भी अपनी चुनौती पेश करेंगे। इस प्रतियोगिता में 2025 में मुकाबला इतना करीबी था कि शीर्ष तीन खिलाड़ियों पुखराज (81,90,652 रुपए), अमन राज (81,81,708 रुपए) और भुल्लर (81,30,000 रुपए) के बीच केवल 60,000 रुपए से कुछ अधिक का अंतर था। इस प्रतियोगिता में कुल 58 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें नौ एमेच्योर खिलाड़ी भी शामिल हैं। इसमें कोई कट नहीं होगा।



### इंडियन ओपन गोल्फ की राशि बढ़ी, पहुंची 2.55 मिलियन डॉलर पर

**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फ खिलाड़ी अक्षय भाटिया हीरो इंडियन ओपन में चुनौती पेश करने वाले दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल होंगे। एशिया के सबसे प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंटों में से एक इंडियन ओपन का आयोजन 26 से 29 मार्च के बीच गुरुग्राम के 'डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब' में होगा। आयोजकों ने बताया कि इस बार टूर्नामेंट की इनामी राशि बढ़ाकर रिकॉर्ड 2.55 मिलियन डॉलर (लगभग 23.42 करोड़ रुपए) कर दी गई है, जिसमें से विजेता को 4,33,500 डॉलर (लगभग चार करोड़ रुपए) की पुरस्कार राशि मिलेगी। 'डीपी वर्ल्ड टूर' और भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) से मान्यता प्राप्त इस टूर्नामेंट में भाटिया के अलावा स्पेन के मौजूदा चैंपियन यूजेनियो चाकारा और बेल्जियम के थॉमस डेट्री (2025 में पीजीए टूर पर फीनिक्स ओपन विजेता), डीपी वर्ल्ड टूर के मौजूदा सत्र के विजेता दक्षिण अफ्रीका के केसी जार्विस, स्पेन के नाचो एल्विरा और जर्मनी के फ्रेडी शॉट जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने भाग लेने की पुष्टि कर दी है।

### गुजरात टाइटंस के नए बैटिंग कोच बने हेडन

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने इसकी घोषणा की। दो बार के वनडे विश्व कप विजेता और अपने जमाने के सबसे प्रभावशाली सलामी बल्लेबाजों में से एक हेडन का अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा है। उन्हें टी20 में बल्लेबाजी का व्यापक अनुभव है और वह इसकी बारीकियों को समझते हैं। हेडन ने सभी प्रारुपों में 273 अंतरराष्ट्रीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने 15,000 से अधिक रन बनाए और आईसीसी के कई टूर्नामेंट में जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा, 'मैथ्यू की नियुक्ति हमारे सफर के महत्वपूर्ण मोड़ पर की गई है। शीर्ष स्तर पर उनका अनुभव और उभरती प्रतिभाओं को मार्गदर्शन देने की उनकी क्षमता आगामी सत्र में हमारे लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।' हेडन ने कहा, 'अच्छी बल्लेबाजी दबाव बनाती है। शानदार बल्लेबाजी खेल पर अपना दबदबा बनाती है।

## अर्शदीप पर आईसीसी ने लगाया 15 प्रतिशत जुर्माना, मिचेल को गेंद मारने की मिली सजा

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अहमदाबाद में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल के दौरान न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल पर 'आक्रामक और अनुचित तरीके से' गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

इसके अलावा अर्शदीप के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जो 24 महीने के समय में उनका पहला अपराध है। आईसीसी ने कहा कि अर्शदीप को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टॉफ से संबंधित आचार संहिता के नियम 2.9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया, जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट से जुड़ी कोई अन्य चीज) फेंकने' से जुड़ा है। यह घटना रविवार को न्यूजीलैंड की पारी के 11वें ओवर में हुई जब अर्शदीप ने गेंद फेंकने के बाद शॉट खेलने पर गेंद को रोका और फिर आक्रामक तरीके से बल्लेबाज की ओर फेंका, जो न्यूजीलैंड के उप कप्तान के पैड पर लगी।




---

## टूर्नामेंट में भारत ने खेले कुल 9 मैच, सैमसन 5 मैच ही खेल पाए

# सैमसन ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनकर बनाया अनोखा रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत को तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने हाल में समाप्त हुई प्रतियोगिता का 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनकर एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर दिया।

सैमसन पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के पुरुष या महिला वर्ग के किसी टूर्नामेंट में अपनी टीम की तरफ से 4 मैच नहीं खेलने के बावजूद 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार हासिल किया। उनसे पहले चार खिलाड़ी ही ऐसे थे, जिन्होंने अपनी टीम के सभी मैच नहीं खेलने के बावजूद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था। इन खिलाड़ियों ने हालांकि अपनी टीम की तरफ से केवल एक मैच नहीं खेला था।



### टूर्नामेंट में सैमसन ने खेले सिर्फ 5 मैच

सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल की तरह बने मैच में नाबाद 97 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 और फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भी 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भारत ने इस टूर्नामेंट में कुल 9 मैच खेले, जिनमें से सैमसन 5 मैच ही खेल पाए थे। आईसीसी के पुरुष या महिला वर्ग के टूर्नामेंट में इससे पहले 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनने वाले किसी खिलाड़ी ने या तो अपनी टीम के सभी मैच खेले थे या फिर वे केवल एक मैच से बाहर रहे थे।

### पूरे मैच नहीं खेलने वाले इन खिलाड़ियों को मिला पुरस्कार

जिन खिलाड़ियों ने आईसीसी के किसी टूर्नामेंट में एक मैच नहीं खेलने के बावजूद 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' पुरस्कार हासिल किया था, उनमें ऑस्ट्रेलिया की लिसा कीटली (महिला वनडे विश्व कप 2000, नौ में से आठ मैच खेले), ऑस्ट्रेलिया की ही कारेन रोल्टन (महिला वनडे विश्व कप 2005, आठ में से सात मैच खेले), इंग्लैंड के केविन पीटरसन (पुरुष टी20 विश्व कप 2010, सात में से छह मैच खेले) और न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र ((चैंपियंस ट्रॉफी 2025, पांच में से चार मैच खेले) शामिल हैं।




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को फिर से धमकी

# तेल की आपूर्ति रुकी तो तबाही तय, 20 गुना बड़ा हमला करेंगे
# आईआरजीसी बोला- युद्ध का अंत हम ही तय करेंगे, यूएस नहीं

## युद्ध को लेकर अमेरिका का प्लान 'समय से आगे' चल रहा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

पश्चिम एशिया में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा दावा किया है। ट्रंप ने फ्लोरिडा में पत्रकारों से चर्चा में कहा कि अमेरिका और इजराइल इस युद्ध में निर्णायक बढ़त बना चुके हैं और उनका सैन्य अभियान अपने लक्ष्यों के करीब पहुंच चुका है। उन्होंने दोहराया कि अमेरिका किसी भी हालत में ईरान को परमाणु हथियार बनाने नहीं देगा। ट्रंप ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में अमेरिका और इजराइल ने ईरान के खिलाफ बेहद शक्तिशाली सैन्य अभियान चलाया है। उनके अनुसार इस कार्रवाई से ईरान की कई सैन्य क्षमताओं को बड़ा नुकसान हुआ है। ट्रंप ने कहा है कि अगर ईरान होरमुज जलडमरूमध्य में तेल की आपूर्ति रोकने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, ईरान ने अमेरिका और इजराइल के हमलों के जवाब में होरमुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को रोक दिया है। इसके चलते कच्चे तेल की सप्लाई पर असर पड़ा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ने लगी हैं। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ऐसा कोई कदम उठाता है जिससे होरमुज जलडमरूमध्य में तेल की आवाजाही रुकती है तो अमेरिका इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा और अब तक हुए हमलों से बीस गुना बड़ा हमला ईरान पर करेगा।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ऐसा जवाब देगा कि ईरान के लिए एक देश के रूप में फिर से खड़ा होना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वहां सिर्फ मौत, आग और गुस्सा ही दिखाई देगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें उम्मीद है कि ऐसी स्थिति पैदा नहीं होगी। ट्रंप ने कहा कि इस युद्ध को लेकर अमेरिका का प्लान 'समय से आगे' चल रहा है और ईरान की सैन्य ताक़त को काफ़ी हद तक ख़त्म या निष्क्रिय कर दिया गया है। उनके पास अब कोई नौसेना नहीं है, कम्युनिकेशन नहीं है, कोई एयरफ़ोर्स नहीं है। उनकी मिसाइलें बिखरी पड़ी हैं। उनके ड्रोन हर जगह नष्ट किए जा रहे हैं, यहां तक कि उनके ड्रोन कारखाने भी। अगर आप चारों तरफ देखें, तो उनके पास कुछ भी नहीं बचा है, सैन्य दृष्टि से कुछ भी नहीं। बता दें, ईरान में युद्ध शुरू होने के बाद से होरमुज जलडमरूमध्य के रास्ते खाड़ी देशों से आने वाले कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित हुई है। ईरान ने इस रास्ते को कई देशों के जहाजों के लिए बंद कर दिया है। इसके


इजराइल का लेबनान के शहर दहिया पर मिसाइलों से बड़ा हमला

### आईरिस डेना पर ट्रंप का शर्मनाक बयानः युद्धपोतों को डुबोने में मजा आता है

ईरान के जहाज आईरिस डेना पर हिंद महासागर में हुए हमले को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा है कि उनके सैनिकों को ईरानी जहाजों को डुबोने में मजा आ रहा है। उन्होंने अपने अधिकारियों से हुई बातचीत का किस्सा सुनाते हुए कहा कि उन्हें 'ईरानी जहाजों को मारकर डुबोने में मजा आ रहा है।' डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी दावा किया कि अमेरिकी सेना ने पिछले साढ़े तीन दिनों में ईरानी नौसेना के 46 जहाजों को डुबो दियाहै।


हिंद महासागर में हमले से पूर्व आईरिस डेना फाइल फोटो

ईरान के विदेश मंत्री की दो टूक

### अमेरिका से अब 'कूटनीति' की कोई संभावना नहीं बची

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ फिर से वार्ता की संभावना को पूरी तरह खारिज कर दिया। उनका कहना है कि अमेरिका के साथ पिछली बातचीत में भरोसा टूट चुका है और बार-बार हुए हमलों के कारण अब कूटनीति की कोई संभावना नहीं बची। अराघची ने कहा कि इस साल भी अमेरिका ने आश्वासन दिया कि हमला नहीं होगा और परमाणु मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान निकाला जा सकेगा, लेकिन इसके बावजूद अमेरिका ने आक्रमण किया। उन्होंने कहा कि अब अमेरिका के साथ बातचीत उनकी प्राथमिकता में नहीं है। नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के चयन को अराघची ने स्थिरता का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि नए नेता की नीतियां धीरे-धीरे सामने आएंगी। अराघची ने कहा कि अमेरिका और इजराइल सोच रहे थे कि कुछ दिनों में शासन परिवर्तन या तेज जीत हासिल कर लेंगे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। तेल की वैश्विक आपूर्ति और कीमतों में वृद्धि के लिए ईरान को दोष देने की बात पर अराघची ने कहा कि यह उनकी योजना नहीं है। तेल उत्पादन और परिवहन में बाधा अमेरिकी और इजराइली हमलों के कारण हुई है। इसी वजह से होर्मुज जलसंधि में जहाज सुरक्षित नहीं महसूस कर रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि ईरान अपने मिसाइल हमलों को तब तक जारी रखेगा जब तक जरूरत होगी और जब तक अपने लोगों और देश की रक्षा जरूरी होगी।



**भविष्य तेहरान के हाथ में : ईरान**

ईरान में युद्ध समाप्त करने के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणी पर तेहरान ने जवाब देते हुए कहा है कि अमेरिकी और इजराइली ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई कब समाप्त होगी, इसका निर्णय वही करेगा। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्र की स्थिति और भविष्य का निर्धारण अब तेहरान की सेनाओं के हाथों में है। युद्ध का अंत हम ही तय करेंगे। क्षेत्र के समीकरण और भविष्य की स्थिति अब हमारी सशस्त्र सेनाओं के हाथों में है, अमेरिकी सेनाएं युद्ध समाप्त नहीं करेंगी। हमें मारने के चक्कर में वे खुद मर जाएंगे।

### इराक को न करें लॉन्चपैड की तरह इस्तेमालः पीएम अल-सुदानी



इराक के पीएम मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से कहा है कि इराक को किसी भी हमले के लिए लॉन्च पैड की तरह इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। सुदानी ने रुबियो को बताया कि उनका देश इलाके में दुश्मनी फैलाने का जरिया नहीं बनेगा। फोन पर हुई इस

### पाक घबराया, उतारी नौसेना, ऑपरेशन 'मुहाफिज-उल-बहर' शुरू



ईरान में जारी संघर्ष और समुद्री मार्गों पर बढ़ते सुरक्षा जोखिम के बीच पाकिस्तान ने अपने व्यापारिक जहाजों और ऊर्जा आपूर्ति की सुरक्षा के लिए बड़ा कदम उठाया है। पाकिस्तान नौसेना ने ऑपरेशन मुहाफिज-उल-बहर शुरू किया है, जिसके तहत देश के व्यापारी जहाजों को नौसेना के युद्धपोतों की सुरक्षा में ले जाया जा रहा है। पाकिस्तान नौसेना के अनुसार, क्षेत्र में बदलते समुद्री सुरक्षा हालात और अहम समुद्री मार्गों पर संभावित खतरे को देखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य पाकिस्तान की ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री व्यापार को निर्बाध बनाए रखना है। नौसेना के अनुसार यह एस्कॉर्ट ऑपरेशन पाकिस्तान नेशनल शिपिंग कॉरपोरेशन (पीएनएससी) के साथ मिलकर चलाया जा रहा है।


लेबनान में नागरिक सीरिया में प्रवेश करने की प्रतीक्षा करते हुए

### यूनीसेफ का दावाः लेबनान में 2 लाख बच्चों समेत 7 लाख बेघर

मध्य पूर्व में भड़के युद्ध के 11वें दिन पूरे क्षेत्र में स्थिति नाज़ुक बनी हुई है। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के अनुसार, हवाई हमलों और बमबारी के बीच ईरान, इसराइल समेत खाड़ी देशों में लोग हताहत हो रहे हैं, लेबनान में विशाल स्तर पर लोग विस्थापित हुए हैं। वहीं, खाद्य सामग्री व ईंधन की क़ीमतों में उछाल आया है, जिससे निर्बल समुदायों के लिए भरपेट भोजन न मिल पाने और पीड़ा गहराने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनीसेफ) ने बताया कि लेबनान में 2 लाख बच्चों समेत 7 लाख लोग बेघर होने के लिए मजबूर हुए हैं। लेबनान के लोग सीरिया में जाने को मजबूर हैं।

### आपकी सेवा में मोजतबा... इजराइल पर दागी जाने वाली मिसाइल पर सिग्नेचर


खामेनेई के बेटे मोजतबा के हस्ताक्षर

अली खामेनेई के बेटे ने मोजतबा ने ईरान के सुप्रीम लीडर का पद संभालते ही अपने तेवर दिखा दिए। सत्ता में आने के बाद पहला हमला इजराइल पर किया। ईरान के नए सर्वोच्च नेता ने इजराइल को निशाना बनाकर दागी जाने वाली मिसाइल पर एक संदेश लिखकर उस पर अपने हस्ताक्षर किए हैं। पावर में आने के बाद अपने पहले कदमों में से एक में उसने एक मिसाइल की तस्वीर जारी की जिस पर एक संदेश लिखकर अपना सिग्नेचर किया। मिसाइल पर लिखा था -

### कई देशों में ईंधन संकट गहरायाः घर से काम करने के आदेश, विदेश दौरे पर भी लगाई रोक


कच्चे तेल की रिफाइनरी

वैश्विक स्तर पर बढ़ती तेल कीमतों और मध्य पूर्व में जारी संकट जारी को देखते हुए कई देश ईंधन बचाने के लिए अलग-अलग प्रयास कर रहे हैं। पाकिस्तान के बाद थाईलैंड ने भी ईंधन बचाने के लिए सरकारी कर्मचारियों को घर से काम करने का आदेश दे दिया है। सरकारी कर्मचारियों के विदेश दौरे पर भी रोक, लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का इस्तेमाल करने का सलाह दी गई है। वियतनाम ने भी लोगों से ईंधन बचाने के लिए घर से काम करने और गाड़ियों का कम इस्तेमाल करने की अपील की है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा बलों के लिए जारी किया 'विजन-2047'

# डीआरडीओ, नौसेना ने किए पी8आई विमान से स्वदेशी कंटेनर छोड़े जाने के चार परीक्षण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को रक्षा मंत्रालय में आयोजित एक कार्यक्रम में सशस्त्र बलों के लिए विजन-2047 जारी किया है। जिसे उनके भविष्य के लिए तैयार रोडमैप का नाम दिया गया है। एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय की ओर से तैयार किए गए इस महत्वपूर्ण दस्तावेज का उद्देश्य रक्षा बलों को आधुनिक, एकीकृत और तकनीकी रूप से एक उन्नत सेना में परिवर्तित करना है। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि परिवर्तन के साथ सामने आने वाली सेना वर्ष 2047 तक देश के विकसित भारत बनने की आकांक्षा को पूरा करने में सहयोग प्रदान करने में सक्षम होगी। कार्यक्रम में सीडीएस, रक्षा सचिव और तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**विजन दस्तावेज की खास बातें**



### डीआरडीओ, नौसेना का परीक्षण

वहीं, डीआरडीओ और नौसेना ने लंबी दूरी के समुद्री निगरानी विमान पी8आई से हाल ही में स्वदेशी कंटेनर छोड़े जाने के कुल चार परीक्षण सफलता के साथ पूरे किए हैं। जिससे बल के अभियानों के दौरान लॉजिस्टिक क्षमता में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। नौसेना ने कहा कि इन परीक्षणों को 'एयर ड्रोपेबल कंटेनर यानी एडीसी-150' का नाम दिया गया है। जिसमें पी8आई विमान से गोवा तट पर पिछले महीने 21 फरवरी से 1 मार्च के बीच अलग-अलग परिस्थितियों को शामिल करते हुए परीक्षणों को पूरा किया गया है। यह कंटेनर 150 किलोग्राम भार को छोड़ने में सक्षम है। जिससे आपातकालीन परिस्थिति में फंसे हुए नौसेना के जहाजों तक देश के समुद्र तटों के करीब और दूर समुद्र में भी तत्काल कार्रवाई के माध्यम से लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की जा सकेगी। चुनौतीपूर्ण स्टोर, उपकरण और मेडिकल सहायता इसमें मुख्य रूप से शामिल है।

*मंत्रालय ने बताया कि इस दस्तावेज में भू-रणनीतिक, तकनीकी और सुरक्षा संबंधी बदलते परिवेश से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए रक्षा बलों के भीतर जरूरी रणनीतिक सुधारों, उनकी क्षमता को बढ़ाने और संगठनात्मक परिवर्तनों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। तीनों सेनाओं के बीच समन्वय और सहभागिता पर जोर देना विजन-2047 का मुख्य स्तंभ है। जिससे योजना, संचालन और क्षमता विकास में तालमेल में और अधिक वृद्धि हो सकेगी। इसके अलावा दस्तावेज में आत्मनिर्भरता पर भी ध्यान दिया गया है। घरेलू रक्षा विनिर्माण व तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने से परिचालन से जुड़ी हुई तैयारियों में बढ़ोतरी के साथ राष्ट्रीय विकास के निर्माण में भी इसके जरिए मदद मिलने की उम्मीद है। दृष्टिकोण पत्र में अल्पकालिक, मध्यम और दीर्घकालिक समय सीमाओं में स्पष्ट रूप से निर्धारित प्राथमिकताओं वाले क्षमता संबंधी लक्ष्यों के साथ सुनियोजित रूपरेखा को स्वीकार किया गया है। जो कि विश्वस्तरीय रक्षा बल के निर्माण के लिए जरूरी सैन्य क्षमताओं, संस्थागत सुधारों और रणनीतिक साझेदारियों के विकास में मार्गदर्शक होगा।*

# अफगानिस्तान पर पाक हमले अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघनः भारत

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

भारत ने अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के हवाई हमलों की निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का 'स्पष्ट उल्लंघन' करार दिया और कहा है कि रमजान के दौरान नागरिकों की जान लेने वाले हमले करते समय इस्लामी एकजुटता का आह्वान करना पाखंड है। सोमवार को अफगानिस्तान की स्थिति पर सुरक्षा परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वतनेनी ने अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुपालन और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के आह्वान के प्रति नई दिल्ली के समर्थन को दोहराया।



### हमलों से 1 लाख लोग विस्थापित

अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) के अनुसार, इन हमलों में 6 मार्च तक 185 निर्दोष नागरिक मारे गए हैं जिनमें से लगभग 55 प्रतिशत महिलाएं और बच्चे हैं, और हमलों के कारण 100,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। पर्वतनेनी ने अफगानिस्तान जैसे भूमि से घिरे देश में व्यापार के लिए रास्ता देने से इनकार करने और पहुंच को जानबूझकर बाधित करने को पारगमन आतंकवाद का रूप करार देते हुए इस पर गंभीर चिंता व्यक्त की। इसे विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109